आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 11 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 144, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया 14

पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग 13

## सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने पं. बंगाल सरकार की याचिका को सही ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद को विचारणीय माना जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की ओर से 16 नवंबर 2018 को आम सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआई विभिन्न मामलों में जांच जारी रखे हुए है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राज्य के वाद पर कानून के अनुरूप और गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की। शीर्ष अदालत ने आठ मई को इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि राज्य द्वारा दायर वाद सुनवाई योग्य है अथवा नहीं। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि राज्य ने 16 नवंबर 2018 को सहमति वापस ले ली है तो ऐसे में केंद्र जांच एजेंसी को जांच के लिए राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दे सकता। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार ने दलील दी थी कि केंद्र या उसके विभागों का सीबीआई जांच पर पर्यवेक्षी नियंत्रण नहीं है।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भिड़े टैंकर-बस, 18 की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



क्रेन से हटाई जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस। ● अमृत विचार

- बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करते समय टैंकर में पीछे से भिड़ी
- 19 लोग घायल, उन्नाव में जोगीकोट गांव के पास बुधवार तड़के 4 बजे के करीब हुई दुर्घटना
- तेज धमाके के बाद मची चीत्कार बिखरे पड़े मिले शव, मृतकों के परिजनों को देंगे 2 लाख रुपये

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास बुधवार भोर में एक डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे दूध लदे टैंकर में जा घुसी। जिससे बस, टैंकर चालक सहित 18 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। तेज धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर लाशें बिखरी पड़ी थीं और घायलों में चीख-पुकार मची थी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। शासन ने मृतकों व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ हर संभव मदद देने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दुर्घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है।

बुधवार भोर करीब साढ़े 4 बजे गौरीगंज अमेठी से दूध लदा टैंकर दिल्ली जा रहा था। बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टैंकर में पीछे से घुस गई। तेज धमाके के साथ बस के परखचे उड़ गए। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी पलट गया और ढक्कन खुलने से दूध सड़क पर बह गया। हादसे से बस दो हिस्सों में बंट गई। बाद में यूपीडा के साथ पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और आसपास के सरकारी अस्पतालों से बुलाई गई 10 एंबुलेंस से घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 18 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में बस और टैंकर चालक भी शामिल हैं। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे। बाद में सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ गंभीर घायलों को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को दूसरे वाहन से जिला प्रशासन ने गंतव्य को भेजा। मृतकों में टैंकर चालक सुनील सहित तीन लोगों की ही पहचान हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की गई है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर चार किमी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्लीपर बस शिवहर बिहार से दिल्ली जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि डाक्टरों की टीम इलाज में लगी है।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### डेंगू से निपटने की तैयारियों की नड्डा ने समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को डेंगू बुखार की रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की तैयारी की स्थिति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। नड्डा की अध्यक्षता में यहां आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में कई मंत्रालय और विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। नड्डा ने अधिकारियों से सतर्क रहने और उन राज्यों और क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा जहां अक्सर डेंगू प्रकोप की सूचना मिलती है।

### अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की पहचान को बनाई समिति

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर प्रशासन ने 13 वर्ष से इस केंद्र शासित प्रदेश (पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य) में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए सात सदस्यीय एक समिति बनाई है जिसका लक्ष्य उन्हें उनके देश में भेजने को सुगम बनाना है। इस समिति को अवैध शरणार्थियों की पृष्ठभूमि और 'बायोमेट्रिक' विवरण एकत्र करने तथा नियमित रूप से उसका अद्यतन डिजिटल रिकॉर्ड बनाये रखने का काम सौंपा गया है। सरकार के प्रधान सचिव (गृह विभाग) चंद्रकेर भारती ने एक आदेश में कहा 2011 से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में अवैध रूप से अधिक समय से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान के लिए समिति के पुनर्गठन की मंजूरी दी जाती है।

### डोडा में आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान तेज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डोडा में आज तड़के फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। कल देर रात अंधेरे के कारण तलाशी अभियान रोका गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। डोडा के जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण तलाशी अभियान निलंबित कर दिया गया था।

### डीजीसीए ने जारी किए सुरक्षा मानदंड

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं सहित हवाई अड्डों पर विमान संचालन सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षा मानदंड जारी किए हैं। डीजीसीए ने यह कदम हवाई यातायात में वृद्धि के बीच हवाई अड्डों पर विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत उठाया है। कुछ हवाई अड्डों पर विमान को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भी ये नियम बनाए गए हैं। डीजीसीए ने बुधवार को कहा कि नया 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स' (सीएआर) विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया है जो निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा।

# मंगलौर विस उपचुनाव में मतदान को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

## लिब्बरहेडी गांव में हुआ हंगामा, आठ लोग हुए घायल, घटना के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत धरने पर बैठे

ब्यूरो, देहरादून





मंगलौर में हुए बवाल में घायल से मिलते कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन, लिब्बरहेडी गांव में बवाल के बाद तैनात फोर्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्य में मंगलौर व बदरीनाथ विधानसभा सीट के लिए मतदान हो रहा है। दोपहर में मंगलौर के लिब्बरहेडी गांव में हंगामा हो गया। वोट देने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, पथराव हुआ। इस बीच फायरिंग भी हुई। हंगामे में आठ लोग बुरी तरह घायल हुए हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने फायरिंग की घटना को भ्रामक करार दिया है। घटना के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इधर, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्ता की आड़ में लोगों को मतदान से रोका जा रहा था। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत घटना के विरोध में धरने पर बैठ गए।

राज्य की मंगलौर व बदरीनाथ सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इसके लिए बुधवार को मतदान हुआ। बसपा विधायक सरबत करीम अंसारी के निधन से मंगलौर सीट खाली हुई थी। यहां भाजपा से करतार सिंह भडाना, कांग्रेस से पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन चुनाव मैदान में हैं। बसपा ने दिवंगत सरबत करीम अंसारी के पुत्र उबेदुर्रहमान उर्फ मोन्टी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बदरीनाथ विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद राजेंद्र भंडारी भाजपा में शामिल हो गए। अब इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने राजेंद्र भंडारी को ही प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने लखपत बुटोला को प्रत्याशी बनाया है।

इधर, मंगलौर के लिब्बरहेडी गांव में बूथ संख्या 53 व 54 के समक्ष वोट डालने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, पथराव हुआ। हंगामे के चलते अफरा-तफरी मची रही। इसमें आठ से ज्यादा लोग घायल हो गए। उन्हें सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। अस्पताल पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने घायलों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी मंगलौर पहुंच गए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने उनके वोटरों को रोकन के लिए सुनियोजित रणनीति के तहत हमला किया। पूर्व मुख्यमंत्री लिब्बरहेड़ी जाना चाह रहे थे लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। तब रावत वहीं पर धरने पर बैठ गए।

### मंगलौर में 67.28 प्रतिशत बदरीनाथ में 47.68% मतदान

बुधवार को दोनों सीटों पर मतदान शांतिपूर्वक शुरू हुआ। बदरीनाथ सीट पर दोपहर 12 बजे तक 30 फीसदी और अपराह्न एक बजे तक 34 .50 फीसदी मतदान हो चुका था। मंगलौर में दोपहर 1 बजे तक 44 .10 % मतदान हो गया था। शाम तीन बजे बदरीनाथ में 40 .05 फीसदी और मंगलौर में 56 .21 फीसदी मतदान हुआ था। पांच बजे तक बदरीनाथ में 47 .68 और मंगलौर में 67 .28 फीसदी वोट डाले गए।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह कोई दान नहीं, बल्कि महिला का अधिकार
- अदालत ने कहा- सीआरपीसी की धारा-125 सभी महिलाओं पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है।

# बेटे की चाहत में पिता ने तीन दिन की जुड़वा बेटियों को मार डाला

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेटे की चाह में उठाया अमानवीय कदम, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पत्नी को बताया कि बीमारी की वजह से हो गई बच्चियों की मौत

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बेटे की चाह रखने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वा बेटियों की कथित तौर पर हत्या कर दी और उन्हें अपने घर के पास दफना दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नीरज सोलंकी को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि स्थानीय लोगों को पूठ कलां गांव के पास एक अस्थायी श्मशान घाट परिसर में शिशुओं के शव मिले।

उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक सोलंकी ने तीन जून को अपनी बेटियों की हत्या कर दी थी। गोयल ने कहा कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद शवों को पांच जून को बाहर निकाला गया और मंगोलपुरी स्थित एसजीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया। डीसीपी ने बताया कि सोलंकी ने कथित तौर पर अपनी तीन दिन की बेटियों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह बेटा चाहता था।

बच्चियों का जन्म हरियाणा में एक निजी अस्पताल में हुआ था। गोयल ने बताया कि सोलंकी अपनी पत्नी से यह झूठ बोल कर बच्चियों को दिल्ली लाया था कि किसी बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका। दिल्ली लाने के बाद उसने बच्चियों को मारकर दफना दिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी फरार था और शुरू में सोलंकी के पिता को पकड़ा गया जिसने बताया कि बेटियों के जन्म से वह खुश नहीं था। उन्होंने बताया कि पोस्ट मार्टम के बाद बच्चियों के शव उनकी मां को सौंप दिए गए। सोलंकी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## आईटीबीपी ने लद्दाख में 108 किलो सोना पकड़ा

- चीन से तस्करी कर लाया गया था, तीन गिरफ्तार

**लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलोग्राम है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बल के एक अधिकारी ने बताया कि सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। जब्त सामग्री को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी को वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब एक किलोमीटर दूर श्रीरापले में तस्करी की खुफिया जानकारी मिली थी। उप कमांडेंट दीपक भट्ट के नेतृत्व में गश्ती दस्ते ने खच्चर पर सवार दो लोगों को देखा और उन्हें रुकने को कहा। उन्होंने भागने की कोशिश की लेकिन पकड़ लिया गया। उनके सामान की तलाशी में भारी मात्रा में सोना और अन्य सामग्री मिली।

# उत्तरांचल इस्पात फैक्ट्री में हादसा भट्टी में हुआ विस्फोट, कई घायल

संवाददाता, काशीपुर

- धातु पिघलाते समय भट्टी में अचानक से हो गया विस्फोट, फैक्ट्री में मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर पट्टी स्थित उत्तरांचल इस्पात कंपनी में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। भट्टी में अचानक हुए विस्फोट से कई लोग घायल हो गए। कई घायलों को पहले काशीपुर के निजी अस्पताल लाया गया। बाद में उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक उत्तरांचल इस्पात प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में रोजाना की तरह काम हो रहा था। बुधवार की सुबह धातु पिघलाते वक्त भट्टी में अचानक से विस्फोट हो गया। विस्फोट के कारण लावा ऊपर की ओर छिटक गया। धातु के लावा के छींटे गिरने से कई मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल मजदूरों को काशीपुर ले जाया गया। निजी अस्पताल में पांच मजदूरों सीतामढ़ी निवासी किशोरी (35), शिवचंद (40) व सोनू सैनी (40) मुजफ्फरपुर निवासी प्रमोद (26) व गलबना निवासी रविंद्र (32) को भर्ती कराया गया। जबकि कई अन्य मजदूरों का दूसरे अस्पताल में इलाज कराया गया है।

इधर, फैक्ट्री के उप प्रबंधक विनय चौधरी ने बताया कि गर्म भट्टी में अचानक गीली धातु गिरने से भट्टी से तरल पदार्थ कर्मचारियों पर गिरा है, जिसमें पांच कर्मचारी झुलस गए। इन सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए काशीपुर के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी मजदूरों की हालत स्थिर है।

**अद्भुत प्रेम** सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम की अनोखी कहानी, विदा होकर वृंदावन नहीं जाएंगी हर्षिका, भगवान श्रीकृष्ण को घर जमाई बनाने जा रहे हैं घर वाले

# जिस कान्हा के लिए 15 वर्ष रखा करवाचौथ आज उसी के साथ फेरे लेंगी हर्षिका



बहन हर्षिका को संगीत कार्यक्रम में लाते भाई। ● अमृत विचार

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्रीकृष्ण के सैकड़ों दीवाने हैं लेकिन हल्द्वानी की हर्षिका की कहानी थोड़ी अलग है। यहां उसे प्यार भी हुआ तो सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण से। गुरुवार को उसकी शादी उसी पालनहार से है।

हल्द्वानी के प्रेमपुर लोश्ज्ञानी से सटे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी पूरन चंद्र पंत की 21 वर्षीय पुत्री हर्षिका बचपन से दिव्यांग है। उसके शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं करता है। अपने दैनिक कार्यों के लिए उसे दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। भगवान श्रीकृष्ण को दिल से अपना सर्वस्व मान चुकी हर्षिका वृंदावन से लाई गई श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें और वायदों के साथ अपनी मांग में कान्हा के नाम का सिंदूर धारण करेगी।

यह पूछने पर की क्या तुम कान्हा की दुल्हन हो, बिना जुबान खोले उसकी आंखें ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आगाध प्रेम दर्शा देती हैं। बुधवार को मोहल्ले में डीजे बज रहा था। महिलाएं ढोलक की थाप पर मंगल गीत गा रही थीं। एक तरफ मेहंदी की तैयारियां चल रहीं थीं और दूसरी तरफ हर्षिका अपने प्रभु से मिलन की आस में सकुचाई बैठी थी। वह पिछले 15 वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण को अपने ह्रदय में संजोए बैठी है। आज (गुरुवार) शादी है पर वो विदा होकर अपने ससुराल (वृंदावन) नहीं जाएगी, बल्कि घर वाले भगवान श्रीकृष्ण को घर जमाई बनाने जा रहे हैं।



शादी से पहले संगीत कार्यक्रम में मंगल गीत गातीं महिलाएं।

### आज पिता करेंगे भगवान को कन्यादान

हर्षिका के पिता पूरन को पैरालायसिस है। परिवार मूलरूप से बागेश्वर का रहने वाला है। वर्ष 2021 में हल्द्वानी आकर बस गए। आज पिता अपनी बेटी का कन्यादान करेगा, भाई बहन को डोली पर बैठाएगा और पूरा मोहल्ला बारात लेकर घर पहुंचेगा। नाते-रिश्तेदार, पड़ोसी इस अनोखे प्यार की वरमाला देखने को आतुर हैं। एक साधारण सी शादी होते हुए भी यह असाधारण बन चुकी है, जिसकी चर्चा हर जुबान पर है।

### पंडित बोले...ये प्रेम है, समर्पण है, शादी ऐतिहासिक होगी

इस कलयुग में प्रेम, समर्पण, त्याग, बलिदान जैसी बातें किताबी हो चली हैं पर इस खास शादी को कराने का मौका मिल रहा है तो अपने को धन्य समझ रहा हूं । यकीन हो गया कि आज भी प्रेम की कोई सीमा नहीं। यह कहना है पंडित चंद्रशेखर तिवारी का जो इस शादी को अपने सहयोगी पंडित मनोज जोशी के साथ पूर्ण कराएंगे। उनका मानना है कि ईश्वर ने उन्हें इस कार्य के लिए चुना है तो इसमें उनका भी कल्याण निश्चितरूपसे होगा।

### बंद कमरे में करती हैं कान्हा से बात

मां मीनाक्षी पंत बताती हैं कि बचपन से ही हर्षिका में भगवान श्रीकृष्ण को लेकर प्रेमभाव है। वह बंद कमरे में मूर्ति के साथ बात करती है, रोती है हंसती है और पूछने पर टालमटोल कर जाती है। कक्षा पांच तक पढ़ी हर्षिका को हिंदी, अंग्रेजी का ज्ञान है, वह टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल कर लेती है। मगर उसे एक ही चीज नागवार गुजरती है और वो है श्रीकृष्ण के साथ राधा का नाम। जब कोई राधा-कृष्ण का नाम साथ लेता है तो वह गुस्सा हो जाती है। उसने अपनी शादी के लिए वृंदावन जाकर खरीदारी की। वहां से श्रीकृष्ण के श्रृंगार के सामान के साथ अपने श्रृंगार का सामान भी खरीदा।

## सार-संक्षेप

### विद्यालयों में संचायिका धनराशि का वितरण शुरू

**भवाली :** राजकीय विद्यालयों में संचायिका धनराशि का वितरण शुरू हो गया है। इंटर व हाईस्कूल उत्तीर्ण कर चुकी छात्राएं किसी भी कार्यदिवस में आकर अपनी संचायिका ले सकती हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या रेखा आर्या ने बताया कि छात्राएं संचायिका का पैसा किसी भी कार्य दिवस में आकर लेकर जा सकती हैं। कक्षा 6 से 12 तक की छात्राएं 15 वर्षों से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्राएं पैसा लेकर नहीं गई है। कई बार कहने के बावजूद छात्राएं नहीं पहुंची हैं।

### तलाकशुदा पति पर लगाया परेशान करने का आरोप

**नैनीताल :** मल्लीताल निवासी एक महिला ने पति पर तलाक के बाद भी उसे परेशान करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसका पति से तलाक हो चुका है। वह बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती है। मंगलवार की रात पति जबरन उसके कमरे में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद आसपास के लोग और मकान मालिक भी मौके पर पहुंच गये। पूर्व में भी जिस मकान में वह रहती थी पति की इन्हीं हरकतों के बाद उसे मकान मालिक ने घर से निकाल दिया था। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पति को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। जिस पर पति छोड़ देने की गुहार लगाने लगा। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि पत्नी के कार्रवाई नहीं चाहने पर पति को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया है।

### छात्रावास का कार्य पांच दिन में पूरा करें: रावत

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख छात्रावासों गौरा देवी, कलावती पंत और रानी लक्ष्मी बाई का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावासों का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था मंडी परिषद को गौरा देवी छात्रावास का कार्य पांच दिन में पूरा करने के निर्देश दिये। ताकि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। छात्रावास का निरीक्षण करने के बाद कुलपति ने गौरा देवी छात्रावास की तलहटी पर हो रहे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक प्रो. नीता बोरा, कार्यवाहक डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी, मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश बिष्ट, संजय पंत मौजूद रहे।

### हरेला मेले के लिए 220 दुकानों का हुआ आवंटन


भूपेन्द्र कन्नौजिया।

**भीमताल :** नगर में 16 जुलाई से आयोजित होने वाले पांच दिवसीय हरेले मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। तैयारियों के संबंध में हरेले मेले में दुकान लगाने के लिए दुकानों का आवंटन प्रारंभ हो गया है। दुकान आवंटन समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र कन्नौजिया ने बताया कि प्रथम दिन लगभग 220 दुकानों को बोली के माध्यम से आवंटित किया गया। आवश्यक दस्तावेज देखने के बाद ही बोली लगाने की अनुमति दी गई। मेले को पूर्ण रूप से पॉलीथिन मुक्त बनाने और कूड़ा आदि न फैलाने के निर्देश भी दुकानदारों को दिए जा रहे हैं। इस दौरान समिति के अन्य सदस्यों के साथ-साथ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भी मौजूद थे।


डायरिया से बचाव की जानकारी देतीं केंद्र संचालिका मीरा भारती। ● अमृत विचार

### डायरिया से बचाव के लिए किया जागरूक

**रामनगर :** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत दलित बस्ती बम्बाघेर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं व किशोरियों को डायरिया से बचाव और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई। केन्द्र संचालिका मीरा भारती ने कार्यक्रम में डायरिया पखवाड़ा रोकथाम की जानकारी के अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को मिलने वाली धनराशि की जानकारी दी। इसके लिये भरे जाने वाले फार्म में लगने वाले आवश्यक प्रपत्रों से भी अवगत कराया। इस दौरान मीनाक्षी, रेनू, डौली, प्रीति, फरजना, अफसाना, शहनाज, आफरीन, मोबीना, शीबा, सहाना, पलकी, कुमकुम, विषिका, रागिनी, रेशमा, नगमा, पूनम, शमा सैफी, रूबी सैफी, आयुषी, अमिषा, सोनाक्षी, मिष्ठी सिंह, जूबिया सैफी, इशिका मसीह मौजूद रहे।

### दहेज के लिए रोकी पढ़ाई, बहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई

**हल्द्वानी :** दहेज के लिए तरह-तरह से प्रताड़ित करने वाले ससुराली जब मंशा में कामयाब नहीं हुए तो बीएड पास बहू की पढ़ाई रोक दी। बहू शिकायत लेकर कोतवाली पुलिस के पास पहुंची और पति, सास व नदद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। डहरिया निवासी दिव्या दुर्गापाल ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी दो दिसंबर 2022 में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वालों ने दहेज की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की। बीएड की परीक्षा पास करने के बाद ससुराल वालों ने पढ़ाई करने पर भी रोक लगा दी। पीड़िता शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंची। मामला एक साल तक महिला समाधान केंद्र में चला। यहां दोनों पक्षों में समझौता हो गया, लेकिन ससुरालियों की हिंसा नहीं रुकी। बहू को जान से मारने की कोशिश भी की गई। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात मुकदमा दर्ज किया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हरेला पर्व पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रामनगर :** प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के रंगमंच पर आयुष म्यूजिक एंड डांस एकेडमी की ओर से लोक पर्व हरेला के मौके पर 13 जुलाई को लोकगीत, लोक नृत्य, मांगलिक गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय एकेडमी की बैठक में लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से नगर के बाल कलाकारों को रंगमंच की सभी विधाओं में पारंगत बनाना है। इस दौरान भुवन डंगवाल, नीमा मठपाल, माया रावत, गणेश रावत, प्रकाश कोटवाल, रंजना भट्ट, अंजू अग्रवाल, दीपा कोटिया, अनिता गौड़, कल्पना शर्मा, तारा सती, बिमला आर्या समेत मौजूद रहे।

# बलियानाले से रिस रहे पानी का होगा उपयोग

## तल्लीताल में सुधरेगी पेयजल की स्थिति, 1.67 करोड़ की निविदा जारी

संवाददाता, नैनीताल


बलियानाला क्षेत्र, जहां पानी रिसाव के कारण भूस्खलन हो रहा है। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बलियानाला क्षेत्र में लंबे समय से रिसाव हो रहे पानी से भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। वहीं आसपास के क्षेत्र में भी भू-कटाव होने लगा है। इस समस्या से निपटने के लिए बलियानाले से रिसाव हो रहे पानी का उपयोग अब पेयजल के लिए किया जायेगा। इससे भूस्खलन पर भी रोक लगेगी।

समस्या के समाधान के लिए तल्लीताल स्थित जीआईसी में पानी की बोरिंग की जाएगी। बोरिंग के लिए सिंचाई विभाग की ओर से जल संस्थान को धनराशि दी जायेगी। इस बोरिंग से तल्लीताल क्षेत्र की लगभग सात हजार की आबादी को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इस कदम से पेयजल की आपूर्ति के लिए अब झील से पानी नहीं लेना पड़ेगा। इसके लिए जल संस्थान ने लगभग एक करोड़ 67 लाख रुपये की निविदा जारी की है।

> बलियानाला प्रोजेक्ट के तहत जीआईसी में बोरिंग का काम किया जाना है। इसके लिए सिंचाई विभाग की ओर जल संस्थान को पैसा दिया जाएगा। - **अनिल कुमार वर्मा**, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग

> जल संस्थान की ओर से बोरिंग के कार्य के लिए 167 लाख के टेंडर की प्रक्रिया गतिमान है। लगभग 20 दिन के बाद बोरिंग का काम शुरू कर दिया जाएगा। - **डीएसए बिष्ट**, सहायक अभियंता जल संस्थान

### शिक्षिका का तबादला रोकने की मांग

**रामनगर :** राजकीय प्राइमरी स्कूल ऊंटपड़ाव में 400 बच्चों को पढ़ा रही एक मात्र शिक्षिका का तबादला होने से लोगों में नाराजगी है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर तबादला रोकने की मांग की है। बुधवार को विद्यालय शिक्षा समिति, समाज सेविका और अभिभावकों ने एक बैठक की और खंड शिक्षा अधिकारी को उनके कार्यालय पर जाकर ज्ञापन दिया।

कहा कि यहां 400 से अधिक बच्चों की छात्र संख्या है, जो केवल एक अध्यापक के भरोसे चल रहा है। व्यवस्था के तौर पर एक वर्ष पूर्व अध्यापिका कमलजीत कौर को यहां भेजा गया था, जिससे शिक्षण कार्य में सहयोग मिला। बच्चों की शिक्षा में सुधार की कोशिश की गई है। कमलजीत कौर को पिछले दिनों राजकीय प्राईमरी विद्यालय तुमड़िया डाम मालधन स्कूल में भेजे जाने का आदेश जारी हुआ, जहां पर छात्रों की संख्या 25 है और वहां दो अध्यापक पहले से मौजूद हैं। बैठक में समिति की अध्यक्ष फरहीन खातून, सचिव शबाना, कमल जीत कौर, रेहान अहमद एकवोकेट, जियान, फईम उद्दीन, रिहाना, शहनाज, आयशा, शाकिर, राशिद, राजिया मौजूद रहे।


चकलुवा के पास टूटी पुलिया पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

# निहाल नाले से पुलिया भरान और दीवार बही

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** निहाल नाले के आने से हल्द्वानी-देहरादून स्टेट हाईवे पर पुलिया पर बन रही सपोर्ट दीवार और भरान को नुकसान हो गया है।

बीती 6 जुलाई को कालाढूंगी में देहरादून-हल्द्वानी हाईवे निहाल नाले के उफान पर आने से चकलुवा के पास बनी पुलिया का आधा हिस्सा गिर गया था। जिस पर प्रशासन ने यातायात पर रोक लगा दी थी। 8 जुलाई को बारिश बंद होने के बाद पुलिया का निर्माण करते हुए सपोर्ट दीवार बनाने का कार्य चल रहा था। बुधवार को दिन में पर्वतीय क्षेत्र में हुई बारिश से निहाल नाले में अचानक पानी बढ़ गया, जिससे सपोर्ट दीवार और भरान बह गया। निर्माण विभाग के जेई गणेश रौतेला ने बताया कि नाले के अंदर से सुरक्षा दीवार और भरान बह गया है। नाले में बहाव कम होने पर निर्माण कार्य शुरू जायेगा। विधायक बंशीधर भगत ने पुलिया के निर्माण का जायजा लिया और लोनिवि के अधिकारीयों को गुणवत्ता व कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिये।

# गधेरे में नहाते समय डूबे फौजी का नहीं चला पता

संवाददाता, भीमताल


फौजी की खोजबीन करते गोताखोर।

**अमृत विचार :** धारी ब्लॉक के पदमपुरी मार्ग पर स्थित बमेटा गांव के पुल से लगे गधेरे में मंगलवार की शाम नहाते समय डूबे फौजी हिमांशु दफौटिया (25 वर्ष) का बुधवार को भी पता नहीं चल सका।

एसडीएम धारी केएन गोस्वामी ने बताया कि बुधवार को एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व पुलिस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी रही, लेकिन गधेरे में पानी का बहाव अधिक होने से फौजी को नहीं खोजा जा सका। गुरुवार को टीम दोबारा से खोजबीन करेंगी। घटना के बाद से हिमांशु के पिता पुष्कर दफौटिया घटना स्थल पर बेटे के सकुशल बाहर आने की उम्मीद लगाए बचाव टीमों को देखते रहे।

इस दौरान तहसीलदार डॉ. ललित मोहन तिवारी, थानाध्यक्ष कमित जोशी, चौकी इंचार्ज अरूण राणा मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त पैदल मार्गों को तत्काल खोलें: डीएम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने बुधवार को भवाली से क्वारब तक 35 किलोमीटर दूरी तक एनएच के संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बरसात के सीजन में एनएच, लोनिवि को सतर्क रहने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों क्षेत्र के क्षतिग्रस्त होने वाले पैदल मार्गों को तत्काल रिस्टोर करने के निर्देश दिए।


राष्ट्रीय राजमार्ग के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम वंदना। ● अमृत विचार

डीएम वंदना ने भवाली रानीखेत रोड दूध डेरी के पास पुल का निरीक्षण किया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बारिश से पुल की दीवार टूट गयी है, जिससे कई हादसे हो रहे हैं। इस पर डीएम ने सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग बनाने और क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवारों व क्रैश बैरियर का निर्माण 15 अग़स्त तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। पाडली के पास खड़ी पहाड़ी में नई तकनीक के साथ बेहतर काम करने के निर्देश दिए। गरमपानी के पास हो रहे भूस्खलन के ट्रीटमेंट में देरी पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को कार्य में हो रही देरी पर कॉन्ट्रैक्टर से स्पष्टीकरण लेने को कहा।

उन्होंने कहा कि सड़क किनारे पत्थर, मलवा आदि नहीं रहे इसका विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिये विभाग में अतिरिक्त मैन पॉवर और मशीन लगाकर जल्द से जल्द सफाई कराने को कहा।

इस दौरान निवर्तमान चेयरमैन संजय वर्मा, एनएच ईई प्रवीण कुमार, एसडीएम विपिन पंत आदि मौजूद थे।

# सोबन पीटीए व मीना बनीं एसएमसी अध्यक्ष


बैठक में चर्चा करते विद्यालय प्रबंधन व अभिभावक समितियों के सदस्य।

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज पतलोट में अभिभावक शिक्षक समिति व विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई।

जिसमें परीक्षा में गुणवत्ता पूर्ण परिणाम, विद्यालय प्रशासन, शिक्षक प्रशिक्षण, विद्यालय अनुशासन पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही आगामी सत्रों के लिए विद्यालय विजन पर विचार किया गया। इसके बाद अभिभावक शिक्षक समिति व विद्यालय प्रबंधन समिति की चुनाव प्रक्रिया हुई, जिसमें सोबन सिंह को अभिभावक शिक्षक संघ का अध्यक्ष तथा मीना देवी को सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष चुना गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से नगरवासी वंचित

- वर्ष 2016 से अब तक 2400 लोग कर चुके हैं आवेदन
- अभी तक एक भी व्यक्ति को नहीं मिला योजना का लाभ

संतोष बोरा, नैनीताल

**अमृत विचार :** नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2016 से 2024 तक लगभग 2400 लोगों ने आवेदन किया है, लेकिन अभी तक एक भी व्यक्ति को इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। जिससे लोगों में भारी निराशा है।



> पीएम आवास योजना के लिए अब तक 2400 लोगों ने आवेदन किया है। सभी लोग योजना की अर्हता पूरी नहीं कर पाये हैं। पूर्व में जिला प्रशासन की ओर से खाली जमीन की तलाश की गई, लेकिन शहर के आसपास खाली जमीन उपलब्ध नहीं हुई। - **पूजा चन्द्रा**, ईओ नगरपालिका नैनीताल

योजना के अनुसार एएचपी (भागीदारी में किफायती मकान) और बीएलसी (लाभार्थी आधारित निर्माण) के तहत लाभ दिया जाता है। जिसमें खाली जमीन पर भवनों का निर्माण करवा कर योजना के मकान आवंटित किए जाते हैं। जिस व्यक्ति के पास अपनी जमीन हो और भवन 90 स्क्वायर फीट तक का हो उसे दो लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है, लेकिन नगर में खाली और रजिस्ट्री वाली जमीन बहुत कम है। कुछ लोगों की जमीन का नक्शा भी पास नहीं है। आवासों के निर्माण के लिए शहर के आसपास कोई भी खाली भूमि उपलब्ध न होने के कारण किसी भी व्यक्ति को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर पीएम आवास की योजना स्वीकृत है। योजना के तहत गरीबों को मकान निर्माण के लिए सरकार से 2 लाख रुपये की धनराशि दी जा रही है। जिले के भीमताल, रामनगर, कालाढूंगी और हल्द्वानी में आवासों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन नैनीताल शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अभी तक एक भी निर्माण नहीं किया गया है।

### कॉर्बेट में जंगल सफारी शुरू

**रामनगर :** बारिश के बाद कॉर्बेट पार्क में बंद जंगल सफारी बुधवार से पर्यटकों के लिए खोल दी गई है। बारिश से जंगल के रास्ते क्षतिग्रस्त होने से कॉर्बेट के ढेला, झिरना और गर्जिया जोन में सफारी बंद कर दी गई थी। पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि बारिश थमने पर रास्ते चलने लायक बना लिए गए हैं। इसलिए बुधवार से तीनों जोन में सुबह-शाम की पाली में जंगल सफारी शुरू कर दी गई। वर्षा हुई तो सफारी को बंद किया जा सकता है।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# पूर्व डीएम बंसल को नोटिस चार सप्ताह में मांगा जवाब

- बाढ़ राहत कार्यों में लापरवाही समेत कई आरोप
- हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से 10 दिन में शपथपत्र देने को कहा

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने नैनीताल के तत्कालीन डीएम सविन बंसल द्वारा बाढ़ राहत कार्यों में घोर लापरवाही, रिहायशी व ग्रामीण क्षेत्रों में एनजीटी व उच्च न्यायलय के आदेशों के विरुद्ध जाकर खनन भंडारण की अनुमति देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की।

बुधवार को सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि उनको जो शपथपत्र राज्य सरकार की तरफ से दिया गया है, उसका प्रति उत्तर दस दिन के भीतर पेश करें। याचिकाकर्ता भुवन पोखरिया का कहना है कि पूर्व में तत्कालीन डीएम ने उनके क्षेत्र में एनजीटी व उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन नहीं किया। जब उनकी पत्नी बीडीसी सदस्य थी उनके सहयोग से सभी क्षेत्रवासियों ने इसका विरोध किया था।

कहा कि स्टोन क्रशर लगने पर कई लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन डीएम ने मामले को अति गम्भीर न मानते हुए दबा दिया और पोखरिया का लाइसेंसी शस्त्र माल खाने में जमा करने के आदेश दे दिए। अपनी याचिका के जरिये उन्होंने राज्य सरकार सहित मंडलायुक्त, सचिव कार्मिक व पूर्व डीएम सविन बंसल को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा।

चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया ने खुद अपने केस की पैरवी करते हुए याचिका में कहा है कि तत्कालीन डीएम ने अपने कार्यकाल के दैवीय आपदा से बचाव की दशा में घोर लापरवाही की थी। रिहायशी व ग्रामीण क्षेत्रों में एनजीटी व उच्च न्यायालय के आदेशों के विरुद्ध जाकर खनन भंडारण की अनुमति दी। वर्ष 2020 में ये सारे साक्ष्य इक्कठे करके एक शपथपत्र उनके द्वारा सचिव कार्मिक से शिकायत की गई। शासन ने इसकी जांच मंडलायुक्त को सौंपी, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी जांच पूरी नहीं हुई।

# निदेशालय में मनाया राष्ट्रीय मत्स्य दिवस



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** शीतजल मात्स्यकीय अनुसंधान निदेशालय में राष्ट्रीय मत्स्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान आईसीएआर-डीसीएआर भीमताल के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार पांडे ने मछली पालन क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में सीएयू इंफाल मणिपुर के कुलपति और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार जोशी ने मछली पालन के क्षेत्र में मछुआरों की सामाजिक आर्थिक स्थिति को ऊंचा उठाने पर मछली पालन को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरन असम कृषि विश्वविद्यालय जोरहाट के वीसी डॉ. कमल मल्ला, डॉ. अमित पांडे, डॉ. एनए पांडेय, सुरेश चन्द्रा, डॉ. आरएस पतियाल, डॉ. एस अली, डॉ. एमएस अख्तर, डॉ. राजा आदिल, डॉ. परवेज अहमद, सुशीला आदि मौजूद थे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05.21 | सूर्यास्त 07.14 |

## एक नजर

### प्राधिकरण से नगर निगम को मिला बजट

**हल्द्वानी :** जिला विकास प्राधिकरण की ओर से नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम को 3.68 करोड़ रुपये का बजट मिला है। निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल ने बताया कि 22 पुराने कार्यों के भुगतान के लिए प्राधिकरण से 14 करोड़ रुपये के बजट की मांग की गई थी, जिसमें से 3.68 करोड़ रुपये निगम को प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुसुमखेड़ा, भगवानपुर, गौड़धड़ा आदि क्षेत्रों में निगम ने सड़कों की मरम्मत का कार्य कराया था, इन कार्यों का भुगतान नहीं हो पाया है।

### कॉलेज में नियुक्त की गई महिला प्रॉक्टर

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बुधवार को डॉ. सुरेंद्र सिंह धपोला व डॉ. कविता बिष्ट को चीफ प्रॉक्टर नियुक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में छात्राओं की संख्या को देखते हुए पहली बार महिला प्रॉक्टर की नियुक्ति की गई हैं। साथ ही प्रॉक्टर बोर्ड का गठन किया गया है।

### दो नाव चालकों में हुई मारपीट, एक घायल

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में दो नाव चालकों में सवारी को लेकर विवाद हो गया। झगड़े में एक नाव चालक घायल हो गया। घायल ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। मल्लीताल सात नम्बर निवासी भूपाल सिंह ने कहा कि वह दोपहर मल्लीताल बोट स्टैंड के समीप पर्यटकों से बात कर उन्हें नाव में बैठाने के लिए ले जा रहा था। तभी वहां एक अन्य नाव चालक आ गया। पर्यटक उसके साथ बोट में बैठने गये तो अन्य नाव चालक ने उसके साथ मारपीट कर दी। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पेट्रोल पंप पर मारा छापा नमूने लिए

**हल्दूचौड़ :** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के क्षेत्रीय निरीक्षक मोहित कठायत ने बुधवार को बरेली रोड स्थित शहीद चंदन पेट्रोल पंप पर छापा मारा। उन्होंने पेट्रोल के नमूने भी लिए। जांच में पेट्रोल की गुणवत्ता और माप समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं, लेकिन शौचालय की हालत बेहद खराब थी। जिस पर उन्होंने शौचालय को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिये।

# पीलीकोठी तिराहे पर चार दशक पुराने अतिक्रमण को जेसीबी से किया ध्वस्त

## प्रशासन ने बुधवार को अवैध कब्जे पर की कार्रवाई, सड़क चौड़ीकरण का काम होगा पूरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग चार दशक पुराने अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करवा दिया। इस अतिक्रमण की वजह से लालडांठ तिराहे से कालाढूंगी रोड की ओर चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा था। अब यहां सड़क चौड़ीकरण किया जाएगा।

बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व एसडीएम परितोष वर्मा के नेतृत्व में प्रशासन, राजस्व, लोनिवि व पुलिस की संयुक्त टीम बाजपुर बस अड्डे के पास पहुंची। टीम ने पीलीकोठी के पास गुर्रानी निवास की बाउंड्री वॉल व मुख्य गेट जेसीबी से तुड़वा दिया और मलबा निस्तारित करवाया। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने बताया कि लगभग 62 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़ा लगभग 248 वर्ग मीटर की जगह से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमणकारी प्रभा गुर्रानी निवासी पीलीकोठी इसके विरोध में हाईकोर्ट गई थीं। हाईकोर्ट ने मामले के निस्तारण के निर्देश दिए थे। इस पर डीएम ने कमेटी बनाई थी, कमेटी ने सुनवाई के बाद पैमाइश करवाई। इसके बाद प्रशासन की ओर से जवाब दाखिल किया गया, जिसके आधार पर हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने बताया कि यह अतिक्रमण लगभग 44 वर्ष पुराना है। बताया कि शहरों के चौराहों के सुधारीकरण में लालडांठ तिराहे का चौड़ीकरण प्रस्तावित है, इस अतिक्रमण की वजह से सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो पा रहा था। अब भूमि मिलने के बाद लोनिवि सड़क चौड़ीकरण करेगा। इससे जाम नहीं लगेगा और शहरवासियों को सहूलियत होगी। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार, एई आदि मौजूद रहे।



पीलीकोठी तिराहे के पास अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार



पीलीकोठी तिराहे पर अतिक्रमण हटाने के दौरान मौजूद प्रशासन के अधिकारी।

# मंगल पड़ाव से बस अड्डे तक दशकों पुराने अतिक्रमण पर भी चलेगी जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंगल पड़ाव से रोडवेज बस अड्डे तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहीं दुकानों व होटलों पर भी जेसीबी चलना लगभग तय है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार गठित कमेटी ने सभी दुकान संचालकों की सुनवाई की। इसमें सिर्फ 9 वैध व 92 अवैध कब्जाधारक मिले हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्द ही सड़क चौड़ीकरण में इन पर भी जेसीबी गरजेगी।

प्रशासन, नगर निगम व लोनिवि मंगल पड़ाव से रोडवेज बस अड्डे तक सड़क फोरलेन बना रहा है। इसमें सड़क के बीचों-बीच से दोनों तरफ 12-12 मीटर चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसकी जद में कई सरकारी संपत्तियां व धार्मिक संरचना को हटा दिया गया है। इसके विरोध में व्यापारियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। वहीं, एक गैर सरकारी संगठन ने भी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका दायर की थी। इसके बाद हाईकोर्ट ने डीएम को कमेटी बनाकर व्यापारियों की सुनवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एडीएम शिवचरण द्विवेदी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई। इसमें नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि ईई अशोक चौधरी को सदस्य बनाया गया। कमेटी ने एक-एक व्यापारी से बातचीत की और भूमि के कब्जे के दस्तावेजों की जांच की। 82 व्यापारियों ने अपना पक्ष कमेटी के सामने रखा। जांच में सामने आया कि 101 में से सिर्फ 9 ही वैध कब्जाधारक हैं, जिनमें 4 की निजी संपत्ति और 5 कब्जाधारकों ने नजूल भूमि को फ्री-होल्ड करा लिया, इसलिए वे मुआवजे के पात्र हैं। बाकी 92 दुकानदार स्वामित्व का कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाये। कमेटी ने सड़क चौड़ीकरण के लिए सभी अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की संस्तुति की है। ऐसे में आशंका है कि जल्द ही इन सभी निर्माण पर भी जेसीबी गरज सकती है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि एडीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने व्यापारियों की सुनवाई की और रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है।

### कुमंविनि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में मिलेंगी अस्थायी दुकानें

**हल्द्वानी :** प्रशासन ने 4 निजी व 5 फ्रीहोल्ड करा चुके दुकान संचालकों के लिए कुमाऊं मंडल विकास निगम के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की पार्किंग में अस्थायी दुकानें आवंटित करने का सुझाव दिया था। इसको लेकर नगर निगम ने कुमंविनि को पत्र लिखा था, जिसे सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। संभावना है कि जल्द ही पार्किंग में अस्थायी दुकानों का निर्माण शुरू हो सकता है।



अवैध निर्माण को ध्वस्त करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मालरोड पर प्राधिकरण ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण

**नैनीताल, अमृत विचार :** नगर में धड़ल्ले से हो रहे अवैध निर्माण को लेकर जिला विकास प्राधिकरण सख्त हो गया है। बुधवार को प्राधिकरण ने मालरोड शालीमार होटल के समीप बायोटेक काम्प्लेक्स में नरगिस की छत में किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। इस दौरान जेई प्रियंका कुंजवाल, खुशाल सिंह अधिकारी, पूरन तिवारी, महेश जोशी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई 15 अक्टूबर को

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने वन विभाग, राजकीय राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, वन भूमि व राजस्व भूमि पर हुए अवैध कब्जे के खिलाफ जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद अगली सुनवाई के लिए 15 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

पूर्व में हुई सुनवाई में खंडपीठ ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए थे कि प्रदेश में 13 जिलों के लिए अतिक्रमण शिकायती एप तैयार करें, ताकि प्रदेश के जागरूक नागरिक इसमें अपनी शिकायत दर्ज कर सकें। दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर कहा है कि नैनीताल के पदमपुरी में वन विभाग की भूमि व रोड के किनारे कुछ लोगों ने अतिक्रमण किया है। इससे लोगों को कई परेशानियां हो रही हैं, लिहाजा इसे हटाया जाए। हाईकोर्ट ने इस पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की थी। साथ में प्रदेश में राष्ट्रीय व राजकीय राजमार्ग, वन भूमि व राजस्व भूमि से अतिक्रमण हटाने व रिपोर्ट देने के आदेश सभी डीएम व डीएफओ को दिए थे।



# नदियों में नहाते मिले तो होगी गिरफ्तारी

**हल्द्वानी/भीमताल, अमृत विचार :** गौला एवं कलसा समेत उसकी सहायक नदियों तथा उनमें बने तालों परीताल, भालूगाड़, हरीशताल, लोहाखाम ताल तथा परगना धारी के दायरे में आने वाले सभी गाड़-गधेरों, तालाबों, पोखरों में स्नान व जलक्रीड़ा को प्रतिबंधित किया कर दिया गया है।

धारी एसडीएम केएन गोस्वामी ने कहा है कि पदमपुरी गौला की सहायक नदी कलसा व उसमें बने परीताल में नहाते हुए तीन वर्षों में चार लोगों की मृत्यु हो गई थी। गौला की सहायक नदियों में बारिश में तीव्र प्रवाह के कारण आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने सिंचाई विभाग ईई को उक्त नदियों, व तालों में साइन बोर्ड लगाने को कहा है। इन नदियों एवं तालों में कोई भी व्यक्ति स्नान करते पकड़ा गया तो उसकी गिरफ्तारी होगी।

# हफ्तेभर में शुरू हो जाएगी वर्कशॉप लाइन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रशासन का दावा है कि पिछले दिनों अतिवृष्टि में ध्वस्त हुई तिकोनिया वर्कशॉप लाइन सड़क को सात दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि पिछले सप्ताह हुई अतिवृष्टि से तिकोनिया वर्कशॉप लाइन की सड़क धंस गई थी। इससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। सिंचाई विभाग ने इसकी मरम्मत शुरू की थी। सिंचाई अधिकारियों का कहना था कि पानी का अत्यधिक दवाब होने से 40 मीटर नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसको चैनलाइज करने के लिए 8 ह्यूम पाइप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ह्यूम पाइप लगाने का काम पूरा हो गया है, अब लोनिवि सड़क बनाएगा। संभावना है कि गुरुवार या शुक्रवार से सड़क निर्माण शुरू होगा और छह-सात दिनों में सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद लोगों को सहूलियत मिलेगी। वर्कशॉप लाइन बंद होने से वाहनों का दबाव नैनीताल रोड पर बढ़ गया है इससे प्रतिदिन जाम की हालत रहती है।



तिकोनिया में वर्कशॉप लेन का निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी। ● अमृत विचार

# साइबर ठगों ने लगाया 5 लाख का चूना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**ठगी**

- ऑनलाइन टास्क देकर महिला से की पांच लाख रुपये की ठगी
- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा




**अमृत विचार :** एक महिला को साइबर ठगों ने अपना शिकार बना लिया। उसे ऑनलाइन टास्क दिया और होटलों को रेटिंग देने के लिए कहा। झांसे में लेकर साइबर ठगों ने उससे पांच लाख रुपये ऐंठ लिए। उसने पुलिस से शिकायत की और पुलिस ने पीड़िता को टरका दिया। अब कोर्ट के आदेश पर मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

चकरपुर खटीमा निवासी गीता भट्ट पत्नी पंकज भट्ट यहां गुरुनानकपुरा सुभाष नगर में रहती हैं। बीती 24 अप्रैल को उसके व्हाट्सएप में एक मैसेज आया और फिर फोन आया। फोन करने वाले ने होटल को रिव्यू और रेटिंग देने के एवज में पैसे देने की बात कही। भरोसा जीतने के लिए साइबर ठगों ने टास्क पूरा करने पर गीता को पैसे भी दिए। इसके बाद अधिक इंवेस्टमेंट और अधिक कमाई का सांझा दिया। गीता को व्हाट्सएप ग्रुप और टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ दिया। पहले 1000 रुपये लगाने पर 1500 रुपये वापस किए। फिर तीन हजार लगाने पर 4300 रुपये वापस किए। जिसके बाद गीता ने 1 लाख 90 हजार रुपये इन्वेस्ट कर दिए। गीता ने पैसे वापस मांगे तो क्रेडिट स्कोर कम बताकर खाते में 3.11 लाख रुपये और डलवा लिए गए। फिर और पांच लाख रुपये की मांग की। ठगी का एहसास होने पर बीती 23 अप्रैल को गीता ने साइबर थाने में शिकायत दी। साइबर थाने से मामला कोतवाली भेजा गया। गीता का आरोप है कि उसने 24 अप्रैल को भोटिया पड़ाव पुलिस को सभी कागज उपलब्ध करा दिए, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

# ऑटो चालक ने नगर निगम कर्मी को पीटा, चाबी छीनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बाइक में टक्कर मारने के बाद मारपीट पर उतरे आरोपी
- छह घंटे पुलिस के चक्कर काटने के बाद घर गया पीड़ित

**अमृत विचार :** ऑटो चालक ने नगर निगम कर्मचारियों की बाइक में टक्कर मार दी। चालक ने साथियों के साथ मिलकर उसे पीटा और चॉबी छीन ले गए। पीड़ित छह घंटे तक पुलिस के चक्कर काटता रहा पर कार्रवाई नहीं हुई।

नगर निगम कर्मी संजय कुमार के मुताबिक मंगलवार सुबह वह बाइक से रोडवेज चौराहे की तरफ जा रहा था। नैनीताल बैंक के सामने ऑटो रिक्शा ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और ऑटो चालक और ऑटो में बैठे तीन अन्य लोगों ने संजय को पीट दिया। ट्रैफिक कर्मी को आता देख आरोपी बाइक की चॉबी छीन भाग गए। संजय शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा तो उसे ही आरोपियों को खोजने के काम पर लगा दिया। उसे कभी मंगलपड़ाव तो कभी भोटियापड़ाव चौकी भेजते रहे। पुलिस के चक्कर लगाते-लगाते शाम हो गई। जिसके बाद उसने बाइक का ताला तुड़वाया और घर को चला गया।

# सितारंगज जेल में अब्दुल मलिक को खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**पुलिस को पत्र**

- सितारगंज जेल में बंद आरोपियों से बताया है जान का खतरा
- मलिक और मोईद को सितारगंज जेल में शिफ्ट करने पर लगी रोक



**अमृत विचार :** जिस मलिक का बगीचा के लिए बनभूलपुरा हिंसा हुई, उसी अब्दुल मलिक को अब हिंसा के आरोपियों से जान का खतरा पैदा हो गया है। ये बात मलिक के परिजनों ने पत्र लिखकर सहायक महानिरीक्षक यशवंत सिंह को बताई। जिसके बाद मलिक और उसके बेटे मोईद की सितारगंज जेल शिफ्टिंग पर रोक लगा दी गई है। सितारगंज जेल में हिंसा के 13 आरोपी बंद हैं, जिन्हें 23 जून को शिफ्ट किया गया था।

हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक और उसका बेटा अब्दुल मोईद नैनीताल जिला जेल में बंद हैं। हिंसा के मामले में कुल 107 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एडीजे कोर्ट प्रथम के आदेश से सहायक महानिरीक्षक यशवंत सिंह के निर्देश पर 23 जून को 13 आरोपी सितारगंज खुली जेल में शिफ्ट किए गए। इधर, नैनीताल जेल में बंद अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी इसी जेल में शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी। इस बीच मलिक के परिजनों ने आईजी जेल को पत्र लिखा। कहा कि खुली जेल में हिंसा के आरोपी तीन निवर्तमान पार्षद और सपा नेता के भाई समेत अन्य लोग बंद हैं। परिजनों का कहना था कि 13 आरोपियों में कुछ लोगों की मलिक से रंजिश है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में सितारगंज जेल में मलिक की जान को खतरा है। नैनीताल जेल अधीक्षक संजीव ह्यांकी ने बताया कि आईजी जेल की ओर से दोनों आरोपियों की शिफ्टिंग पर रोक लगा दी गई है।

**हादसा** कालाढूंगी-रामनगर मार्ग में नयागांव के पास सड़क पर आया जंगली हाथियों का झुंड, कार हुई बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

# हाथी से टकराई हरियाणा के पर्यटकों की कार, दो घायल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी-रामनगर मार्ग में नयागांव के पास मंगलवार देर रात सड़क पार कर रहे हाथी से हरियाणा के पर्यटकों की कार टकरा गई। हादसे में कार में सवार दो लोग घायल हो गए। साथ ही कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

कार सवार मधुकर खट्टर ने बताया कि वह अपने चार दोस्तों के साथ नीब करौरी बाबा के दर्शन कर लौट रहे थे। वह किराये की कार लेकर नैनीताल घूमने आये थे। बुधवार को सभी दोस्तों का पेपर था। इसलिए वह मंगलवार की रात वापस लौट रहे थे। नयागांव के पास अचानक कार के सामने हाथियों का झुंड आ गया। हाथी से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हाथियों के झुंड ने कार पर हमला नहीं किया और उसकी जान बच गई।

थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि कार संख्या एचआर 51 सीसी 5057 नैनीताल से रामनगर की तरफ जा रही थी, रात करीब दस बजे नयागांव के पास कार हाथी से टकरा गई। कार सवार भूमिक बघेल (21 वर्ष) निवासी वार्ड नंबर 11 टिभा कॉलोनी हरियाणा, दीपक उपाध्याय (22 वर्ष) घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने अपने वाहन से इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। कार में कुल पांच लोग सवार थे। इधर, कालाढूंगी रेंज के वन कर्मियों ने कार की टक्कर से घायल हाथी की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया, लेकिन हाथी नहीं मिला।



हाथी से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हरियाणा के पर्यटकों की कार।

### हाथियों ने आम के बगीचे में मचाया उत्पात

**कालाढूंगी :** रामनगर वन विभाग के कालाढूंगी रेंज में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जंगल से सटे जिम कॉर्बेट के गांव छोटी हल्द्वानी वार्ड एक में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए आम की जमकर दावत उड़ाई और छप्पर तोड़ दिया। पीड़ित हरीश भट्ट ने बताया कि बीते मंगलवार की रात 11 बजे हाथियों के झुंड ने आम के बगीचे में धावा बोल दिया। उन्होंने वन विभाग व 112 में कॉल कर सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन व पुलिस कर्मियों ने फायर कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। रात 3 बजे हाथियों का झुंड फिर बगीचे में घुस आया और आम के आठ पेड़ों को तोड़ दिया। साथ ही गौशाला की छत भी तोड़ दी। शंखनाद और थालियां बजाकर हाथियों को खदेड़ा। सुबह वन विभाग ने मौका मुआयना कर नुकसान की रिपोर्ट तैयार की। ग्रामीणों ने जंगल के किनारे सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी मुकेश जोशी ने बताया कि वन कर्मियों की ओर से रात्रि गश्त की जा रही है।

# गौला के चैनलाइजेशन का कार्य किया गया शुरू

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग ने गौलापार अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम की सुरक्षा के लिए गौला नदी के चैनलाइजेशन और स्थायी तटबंध बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। बीते दिनों हुई बारिश से गौला नदी उफान पर आ गई थी। जिसने स्टेडियम की ओर भूकटाव शुरू कर दिया था। स्टेडियम की पार्किंग की सड़क, फुटपाथ और बिजली के पोल गौला नदी में समा गये थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भूकटाव का निरीक्षण कर अधिकारियों को सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिये थे। सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि स्थायी तौर पर चैनलाइजेशन व तटबंध बनाए जा रहे हैं।

# शॉपिंग मार्ट में चोरी, पुलिस ने दर्ज नहीं किया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चोर शॉपिंग मार्ट की छत काटकर घटना को अंजाम दे गए और पुलिस कार्रवाई की बात कहकर पीड़ित को टरका रही है। चोरी की इस घटना को 17 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न चोर को पकड़ा। अब पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

कठघरिया स्थित सुरभि मार्ट के स्वामी वीरेंद्र सिंह रौतेला ने तहरीर में लिखा कि 21 जून को जब वह मार्ट में पहुंचे तो उसकी छत कटी हुई थी। दराज में रखी नकदी, मोबाइल व अन्य सामान भी गायब था। मार्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों में 20 जून की रात एक अज्ञात व्यक्ति मार्ट की छत काटकर अंदर घुसता दिखा। चोरी की और छत के रास्ते ही फरार हो गया। इसकी शिकायत उन्होंने 20 जून को पुलिस चौकी में की। सात दिन गुजर जाने के बाद कार्रवाई नहीं हुई तो मुखानी थाने पहुंचे और यहां भी 10 दिन गुजर गए तो शिकायत लेकर एसएसपी के पास पहुंचे। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में सीसीटीवी फुटेज मिली है, जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 14 जुलाई तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया, समिति की बैठक में हुई शिक्षण कार्य समेत कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

# एमबीपीजी कॉलेज में आज से शुरू होंगे प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार से दोबारा छात्र-छात्राओं के प्रवेश शुरू होंगे। प्रवेश प्रक्रिया 14 जुलाई तक चलेगी। इस दौरान समर्थ पोर्टल में पंजीकृत नए छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।

बुधवार को कॉलेज में प्रवेश समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रवेश के साथ ही शिक्षण कार्य के संबंध में चर्चा हुई। तय हुआ कि छात्र-छात्राओं के अभिलेखों के सत्यापन के बाद कॉलेज की वेबसाइट पर अपलोड मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि छात्र-छात्राएं मेरिट लिस्ट में चयनित होने पर कॉलेज के ऑनलाइन आवेदन पत्र को भरकर समर्थ आवेदन सहित समस्त मूल अभिलेखों के साथ कॉलेज पहुंचकर उन्हें सत्यापित करा सकते हैं।


एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश समिति की बैठक लेते प्राचार्य एनएस बनकोटी। ● अमृत विचार

बीए में राजनीति शास्त्र, इतिहास और अंग्रेजी विषय की सीटें भर चुकी हैं, जिस कारण बीए के छात्रों को उक्त विषयों को छोड़कर अन्य विषयों का चयन करना होगा। जिन छात्र-छात्राएं ने कॉलेज में प्रवेश ले लिया है, उनके लिए आज और कल कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में इंडक्शन बैठक रखी गई है। जिसमें छात्र-छात्राओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार क्रेडिट सिस्टम, विषयों का चयन, कौशल विकास पाठ्यक्रम और सहगामी पाठ्यक्रम आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही छात्र-छात्राओं को समर्थ पोर्टल के माध्यम से अपने प्रोफाइल को अपडेट करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र भरने के बारे में बताया जाएगा। बैठक में प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी, प्रवेश प्रभारी प्रो. अमित कुमार, तकनीकी संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी, डॉ. रोहित कुमार कांडपाल, डॉ. ममता अधिकारी, श्याम मेवाड़ी, परीक्षा प्रभारी डॉ. महेश कुमार, प्रो. कमरुद्दीन मौजूद रहे।

#### अब तक 6,364 छात्रों के हुए पंजीकरण

एमबीपीजी कॉलेज में समर्थ पोर्टल के माध्यम से अब तक 6364 छात्रों के पंजीकरण हो चुके हैं। जिसमें बीएससी गणित वर्ग के लिए 830, बीएससी बायो में 856, बीकॉम में 1,294 और बीए में 3,384 छात्रों ने आवेदन किया है। 25 जून से 9 जुलाई तक बीएससी गणित में 144, बीएससी बायोलॉजी में 185, बीकॉम में 232 और बीए में 580 छात्रों ने पंजीकरण किया है। इन छात्र-छात्राओं को आज से प्रवेश दिया जाएगा।

# पंत पार्क में जल्द बनेगा ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग शहर में ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क बनाने जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ने एमबीपीजी कॉलेज के पास भोटिया पड़ाव स्थित पंत पार्क की जमीन परिवहन विभाग को उपलब्ध करा दी है।

डीएम के निर्देश पर पार्क की 814 वर्ग मीटर जमीन पर सड़क सुरक्षा चिल्ड्रन पार्क बनाने की अनुमति नगर निगम से मिल चुकी है। अब संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) नंद किशोर पार्क का प्रस्ताव बनाकर आयुक्त परिवहन कार्यालय को भेजेंगे। बजट की स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि पार्क बनने के बाद इसका स्वामित्व नगर निगम का होगा। पार्क शहरवासियों और पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। इसमें बिजली-पानी का खर्च परिवहन विभाग उठाएगा। परिवहन विभाग की हर जिले में चिल्ड्रन ट्रैफिक पार्क खोले जाने की योजना है, जहां खेल-खेल में बच्चों को यातायात के नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए पूर्व में सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को अपने यहां चिल्ड्रन पार्क के लिए जमीन तलाशने के निर्देश दिए गए थे। देहरादून और हरिद्वार में ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क बना दिए गए हैं।

पार्क में बच्चों को साइकिल व खिलौना कार आदि उपलब्ध कराई जाएगी। पार्क में दो से तीन ट्रैक भी बनाए जाएंगे, जिनमें यातायात चिन्ह लगाए जाएंगे। साथ ही यह भी बताया जाएगा कि किस चिन्ह का क्या अर्थ होता है।

**कवायद**

- डीएम के निर्देश पर मिली पार्क बनाने की अनुमति

# पेंशन नहीं मिलने पर प्रदर्शन की चेतावनी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ की आपात बैठक बुधवार को संघ भवन में हुई। इसमें वर्कचार्ज कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण पर चर्चा के बाद फैसला लिया गया कि लोनिवि के सेवानिवृत्त फील्ड कर्मचारियों की ओर से 22 जुलाई को देहरादून में प्रमुख अभियंता कार्यालय में प्रस्तावित आमरण अनशन को पूर्ण समर्थन दिया जायेगा।

चेतावनी दी कि यदि 22 जुलाई से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन वगैरह का लाभ नहीं दिया जाता है तो कर्मचारी संघ प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाहर धरना देंगे। साथ ही कर्मचारियों के वेतन से हो रही कटौती, नियमितीकरण में कार्यवाही नहीं होने पर भी आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, हरीश चंद्र तिवारी, हिमांशु पांडे, केडी पोखरिया, महेश टम्टा, बालकिशन, आनंद सिंह टाकुली, तारादत्त पंत, दीपा आदि मौजूद थे।


लालकुआं में कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।


हल्द्वानी स्वराज आश्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि, नारे लगाकर पाक को कोसा

### नैनीताल, हल्द्वानी, लालकुआं और भीमताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने की जगह-जगह शोकसभा

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्री राम सेवा दल व हनुमान दल के नेतृत्व में मल्लीताल से तल्लीताल दर्शन घर तक रैली निकाली गई। जिसके बाद शहीद मेजर राजेश अधिकारी व पांचों शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान भारत माता की जय, शहीद अमर रहे, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। रैली में श्री राम सेवा दल के अध्यक्ष मनोज कुमार, राहुल नेगी, नितिन कार्की, विक्रम सिंह रावत, अनिल ठाकुर, किशोर ढैला, विवेक वर्मा, सोनू, राजीव साह, प्रकाश नौटियाल, हर्षित, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

इधर, हल्द्वानी में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के पांच वीर शहीदों की शहादत पर रामपुर रोड स्थित हिंदू धर्मशाला में शोकसभा की। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि पांच वीर सपूतों को पाकिस्तानी आतंकियों ने धोखे से घात लगाकर मारा है। ऐसे कायराना हरकत के लिए हम अपने दुश्मन को कभी माफ नहीं करेंगे। इस दौरान भुवन भास्कर पांडे, विपिन गुप्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह बसेड़ा, समाजसेवी मोहन बोरा, रूपेंद्र नागर, एनबी गुणवंत, मोहन बोरा, सुशील कुमार अग्रवाल, शांति जीना, पवन वर्मा आदि मौजूद रहे। उधर, सेवानिवृत मेजर बीएस रौतेला के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद हुए राज्य के पांच सैनिकों की शहादत पर बुधवार को ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में शोकसभा का आयोजन किया। जिसमें वीर सपूतों के चित्रों पर पुष्प चढ़ाकर व दो मिनट का मौन रखकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर वीडी कांडपाल, कुंवर सिंह महर, सोबन सिंह भड़, त्रिवेणी पांडे, भूपाल सिंह मेहरा, शिवराज खाती, दयाकिशन जोशी मौजूद रहे।


भीमताल में मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

वहीं लालकुआं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वहीं बिंदुखत्ता ब्लॉक कमेटी के कार्यकर्ताओं ने भी शहीद स्मारक तक कैंडल मार्च निकाला। वक्ताओं ने पांचों वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष भुवन पांडे, रामबाबू मिश्रा, हेमवती नंदन दुर्गापाल, कुंदन सिंह मेहता, खीमानंद दुम्का, पुष्कर दानू आदि कांग्रेसी मौजूद थे।

भीमताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डांठ स्थित रामलीला मंच पर एकत्र होकर जम्मू कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनौतिया, नीरज कुमार, आशा आर्य, विपिन सनवाल, पीसी नौगाई, नगर महिला अध्यक्ष हेमा परगई, रीना आर्य, निर्मला आर्य, सीमा टम्टा मौजूद रहे।

#### अधिवक्ताओं ने की आतंकी हमले की निंदा

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन की एक बैठक बुधवार को एसोसिएशन के सभागार में हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने कठुवा में हुए आतंकी हमले की निंदा की। साथ ही शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में इस आतंकी घटना को क्रियान्वित करने वाले आतंकियों को कठोरतम दंड दिए जाने के लिए भारत सरकार से निवेदन हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने पर सहमति बनी। साथ ही शहीदों के परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष किशोर कुमार पंत और संचालन सचिव मोहन सिंह बिष्ट ने किया। इस दौरान सुनील सिंह पुंडीर, भगवती पलड़िया, योगेश चंद्र लोहनी, आदित्य कुमार, योगेंद्र कुमार पाठक, आरपी पांडे, भरत सिंह, हरेंद्र सिंह पडियार, लोकेश राज चौधरी, मोहित पांडेय, पंकज कबडवाल आदि थे।


नैनीताल में रैली निकालते लोग।


हिंदू धर्मशाला में शहीदों की शहादत पर शोक व्यक्त करते लोग।

# शराब माफिया ने युवक पर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** एक युवक ने शराब माफिया पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

फोजी कॉलोनी पूछड़ी निवासी अरबाज खान ने तहरीर में कहा कि वह एक न्यूज चैनल से जुड़ा हैं। मंगलवार की देर रात वह अपने घर जा रहा था तभी कुछ लोगों ने सूचना दी कि पूछड़ी फौजी कॉलोनी में प्रताप नाम का एक व्यक्ति कच्ची शराब बेच रहा है। इस कार्य में उसका पूरा परिवार भी लगा हुआ है। इस पर वह पूछडी फोजी कॉलोनी पहुंचा तो आरोपी प्रताप और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसको गंभीर चोट आई है। उसे उपचार के लिए सरकारी



अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया कि आरोपी शराब माफिया है और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग उससे बहुत परेशान हैं। ग्राम पूछड़ी क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चे और युवा नशे के आदी हो चुके हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी जिशान कुरैशी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाले हैं। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सीएचसी में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ में पिछले 10 दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। इसको लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने सांसद अजय भट्ट से भेंट की और शीघ्र विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने की मांग की।

करोड़ों की लागत से बना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाईकोर्ट नैनीताल के आदेशों के बाद बमुश्किल शुरू हुआ। पिछले 10 दिनों से अस्पताल में विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही चिकित्सकों व स्टाफ को भी परेशानी हो रही है।

बुधवार की दोपहर क्षेत्र के ग्रामीणों ने काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में पहुंचकर सांसद अजय भट्ट से भेंट की और उन्हें सीएचसी की स्थिति से अवगत कराया। इस पर सांसद भट्ट ने ब्रिडकुल के अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने के निर्देश दिये। जिस पर अधिकारियों ने जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। सांसद से भेंट करने वालों में समाजसेवी कार्तिक बमेटा, आर्यन चौधरी सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

# स्टेडियम में जल्द होगा ऑल वेदर तरणताल का निर्माण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में बने तरणताल में अब तैराक सर्दी के मौसम में भी तैराकी का लुफ्त उठा पाएंगे। इसके लिए खेल विभाग ऑल वेदर तरणताल का निर्माण कराने की तैयारी कर रहा है।

स्टेडियम में ओलंपिक मानकों के आधार पर बने तरणताल में अभी तक पानी के तापमान को नियंत्रित करने की व्यवस्था नहीं है। पानी को गर्म करने की सुविधा नहीं होने के चलते तैराकों को ग्रीष्मकाल का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन अब खेल विभाग ऑल वेदर तरणताल बनाने जा रहा है। जिससे तैराक ठंड के मौसम में भी तैराकी का लुफ्त उठा सकेंगे। इसके लिए अभी अक्टूबर माह तक का इंतजार करना होगा। उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में तरणताल में तैराक हर मौसम में तैराकी का प्रशिक्षण ले सकेंगे।

# संगठनों ने जितेंद्र पपनै को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मीडिया क्लब के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र पपनै के आकस्मिक निधन पर ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों ने स्व. जितेंद्र के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दुख व्यक्त किया।

शोक सभा के दौरान तय हुआ कि जल्द ही उनकी स्मृति में रामनगर में एक सामाजिक कार्य किया जाएगा। जिससे वह सभी के दिलों में जिंदा रह सके। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान नरेंद्र शर्मा, इंद्रर रावत, गणेश रावत, प्रभात ध्यानी, मनमोहन अग्रवाल, ताराचंद घिल्डियाल, सत्य प्रकाश शर्मा, मीना पांथरी, सुमित शर्मा, भूपेंद्र खाती, पूरन नैनवाल, नवेन्दु मठपाल के अलावा जीवन कुमार, राजीव अग्रवाल, चंचल गोला, गिरीश पांडे, नितेश जोशी, डॉ. जफर सैफी, विक्की कश्यप, त्रिलोक रावत, नवीन पोखरियाल, चंद्र शेखर जोशी, चंद्रसेन कश्यप मीडिया मौजूद रहे।


श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

#### विधायक भगत व बिष्ट ने बंधाया ढांढस

पूर्व कैबिनट मंत्री एवं कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत तथा रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने स्व. जितेंद्र पपनै के आवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक के मैनेजर और व्यापारी पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दोस्त की जमीन की रजिस्ट्री पर एक व्यापारी ने बैंक मैनेजर से सांठ-गांठ कर लाखों रुपये का लोन ले लिया और फरार हो गया। लोन चुकता न होने पर बैंक ने दोस्त को नोटिस भेजा तो उसके होश उड़ हो गए। अब बैंक जमीन की नीलामी कराने की तैयारी कर रहा है। इधर, पीड़ित ने कोतवाली में कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक सदर बाजार शाखा के तत्कालीन बैंक मैनेजर और व्यापारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

रॉयल इंक्लेव गिरिजा विहार कमलुवागांजा निवासी पूरन चंद्र कपिल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2002 से 2010 तक वह कालाढूंगी चौराहा स्थित रम्पा कॉप्लेक्स में पीसीओ चलाते थे। पड़ोस में ही राजेंद्र सिंह भाटिया की पेंट की दुकान थी। पड़ोसी होने के नाते पूरन और राजेंद्र में दोस्ती हो गई। दोस्ती का फायदा उठाते हुए राजेंद्र ने व्यापार के लिए रकम की जरूरत बताई। कहा कि मदनपुर गेबुआ कालाढूंगी में उनकी पैतृक भूमि है, लेकिन रजिस्ट्री उनके नाम न होने की वजह से बैंक से लोन नहीं मिल पा रहा है। राजेंद्र ने झांसे में लेकर पूरन की जमीन की रजिस्ट्री वर्ष 2018 में कुर्मांचल नगर सहकारी बैंक में गिरवी रख दी और 17 लाख रुपये का लोन ले लिया। वादा किया कि गांव की जमीन की रजिस्ट्री उसके नाम होते ही वह बैंक में गिरवी रजिस्ट्री उसे वापस कर देगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पैसा हाथ में आते ही पेंट व्यापारी गायब हो गया। इधर, जब एक साल बाद बैंक ने पूरन को नोटिस भेजा तो उनके होश उड़ हो गए। बैंक ने उन्हें लोन चुकता न करने पर जमीन की नीलामी का नोटिस दिया। जिसके बाद वह तहरीर लेकर पुलिस के पास पहुंचे। उन्होंने तत्कालीन बैंक मैनेजर पर इस घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है।

**कार्रवाई**

- बैंक मैनेजर से साठगांठ कर व्यापारी ने लिया था 17 लाख रुपये का लोन
- दोस्त की जमीन की रजिस्ट्री पर लोन लेकर व्यापारी फरार, दोस्त ने कराया मुकदमा

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## सार-संक्षेप



बारिश से नुकसान का निरीक्षण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक कैड़ा ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को ओखलकांडा ब्लॉक के लुगड़, खौदा, लमजाला, बगड़, रैला, धार, चमोली गाजा, ककोड़ गाजा का दौरा कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। कैड़ा ने कहा पिछले दिनों हुई अत्यधिक बारिश से किसानों की उपजाऊ भूमि भू-कटाव में बह गई है। इस वजह से किसानों को नुकसान हो गया है, अभी भी नदी लगातार भू-कटाव कर रही है, जिससे किसानों की जमीनें बह रही हैं। कई ग्रामीणों के घरों पर भूस्खलन का खतरा बना हुआ है। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाया और भूकटाव रोकने के लिए दैवीय आपदा मद से एस्टीमेट बना शासन को भेजने को कहा। साथ ही प्रभावितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए।

### पीएम स्वनिधि योजना के लिए लगाए जाएंगे कैंप

**हल्द्वानी :** पीएम स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के लिए नगर निगम कार्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को कैंप लगाया जाएगा। नगर निगम के सिटी मैनेजर डॉ. आईपी पंत ने बताया कि शहरी विकास निदेशालय के निर्देश पर प्रत्येक शुक्रवार को कैंप लगाए जाएंगे। बताया कि योजना में स्ट्रीट वेंडर्स को एक साल की अवधि के लिए दस हजार रुपये से लेकर पचास हजार रुपये तक का लोन बिना गारंटी के दिया जाता है। पहली बार लोन लेने पर दस हजार रुपये, दूसरी बार में बीस हजार रुपये और तीसरी बार में पचास हजार रुपये तक का लोन दिया जाता है।

### संविदा कर्मियों ने की वेतन बढ़ाने की मांग

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि शासन ने बीती 1 अप्रैल से बढ़े हुए वेतन का भुगतान करने का आदेश दिया है, इसके बावजूद हल्द्वानी शाखा में कार्यरत कर्मचारियों को बढ़े हुए वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक तंगी की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने जल्द बढ़े हुए वेतन का भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष महेश चंद्र एवं सचिव पवन कुमार शामिल रहे।



मीरा मार्ग स्थित मसाले की दुकान में जांच करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### खुले में मसाले बेचने पर तीन दुकानदारों को नोटिस

**हल्द्वानी :** खाद्य संरक्षा विभाग के जिला अभिहित अधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने बुधवार को बाजार क्षेत्र में दुकानों में छापा मारा। इस दौरान कई दुकानदारों को नोटिस दिए गये। साथ ही दुकानों से मसाले आदि के नमूने भी लिये। खाद्य संरक्षा विभाग की टीम जैसे ही बाजार क्षेत्र में पहुंची तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने मीरा मार्ग, नल बाजार व सदर बाजार स्थित छह दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान खुले में मसाले बेचने पर तीन दुकानदारों को नोटिस दिया गया। टीम ने अन्य दुकानों से रथ वनस्पति, सब्जी मसाला, गुड़ व पनीर के नमूने भी लिए, जिन्हें जांच के लिए रुद्रपुर स्थित राजकीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि दुकानों से लिए गए नमूने की जांच रिपोर्ट आने पर दुकानदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को बारिश के मौसम में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।




राजकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय बमौरी में छात्राओं की जांच करते चिकित्सक।

### एनीमिया मुक्त भारत का शिविर लगाया

**हल्द्वानी :** भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम ने राजकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय बमौरी में बुधवार को एनीमिया मुक्त भारत शिविर का आयोजन किया। जिसमें काया आयु मेडिकल कॉलेज की कंसल्टेंट डॉ. स्वाति भट्ट ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण व हीमोग्लोबिन की जांच की। शिविर में 70 छात्राओं की जांच कर उन्हें आयरन की दवा वितरण की गई। इस दौरान 30 प्रतिशत बालिकाओं में रक्ताल्पता पाई गई। डॉ. भट्ट ने बालिकाओं में रक्ताल्पता के कारण व उसके निवारण के लिए उचित दिशा-निर्देश दिए। शिविर में संस्था के अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी, नीलम शर्मा, गरिमा सिंघल, ममता खुल्लर, डॉ. विनय खुल्लर, दीपक बिष्ट, रश्मि जैन, सुशील मित्तल, विद्यालय प्रधानाचार्य आभा श्रीवास्तव, सुनीता बिष्ट, बीना जोशी, लता पांडेय उपस्थित रहे।

### डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए फॉगिंग शुरू

**हल्द्वानी :** नगर निगम ने डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए फॉगिंग अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि वार्ड 60 व 1 से फॉगिंग अभियान की शुरुआत की गई है। साथ ही जलभराव वाले स्थानों में टैंकर से कीटनाशकों का छिड़काव भी किया जा रहा है। 12 सदस्यीय टीम घर-घर जाकर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक कर रही है। घरों में कूलर, टंकी, गमलों व जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर रही है। उन्होंने लोगों से कूलर, गमलों आदि में पानी जमा न होने देने की अपील की है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण की काउंसलिंग पूरी

**हल्द्वानी :** जिले में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी हो गई है। मंगलवार और बुधवार को भीमताल स्थित शिक्षा भवन में काउंसलिंग प्रक्रिया हुई, जिसमें समस्त शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों को बुलाया गया था। मंगलवार को हुई प्रवेश प्रक्रिया में प्रधानाध्यापकों ने खूब हंगामा किया। उनका कहना था कि जब चार ही पदों पर रिक्तियों के सापेक्ष स्थानांतरण होने थे तो विज्ञप्ति में 55 शिक्षकों क्यों बुलाया गया। बुधवार को काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी की गई। मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि बुधवार को प्रवेश प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही।

### मानकों के अनुरूप लगेज कैरियर लगाएं वाहन संचालक

**हल्द्वानी :** सभी टैक्सी संचालकों को अपने वाहनों में मानकों के अनुरूप लगेज कैरियर लगाने होंगे। जिसमें कैरियर हॉलोपाइप या एल्युमिनियम स्ट्रक्चर के बने होंगे। आरटीओ प्रवर्तन रश्मि भट्ट ने सभी टैक्सी यूनियनों को निर्देशित किया है कि उनके यूनियन के अंतर्गत चलने वाले सभी वाहनों में लगेज कैरियर लगाए जाएं। मानक के अनुसार लगेज कैरियर का क्षेत्रफल वाहन की छत के कुल क्षेत्रफल के 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। सामान रखने के लिए लगेज कैरियर के साथ बनी साइड वॉल 6 इंच से अधिक ऊंची नहीं होनी चाहिए। सामान इस तरह रखा होना चाहिए कि वाहन का संचालन नियंत्रित रूप से हो सके।

# बदहाल हुए शहर के पार्क, नगर निगम ने मुंह फेरा

## नैनीताल रोड पर अधिकांश पार्कों में टूटी हैं बेंच, फैला है कूड़ा, एरोप्लेन पार्क में उगी घास, खुशी राम पार्क का भी हाल खराब

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड स्थित अधिकांश पार्क बदहाल हैं। कहीं लोगों के बैठने के लिए बनाई गई बेंच टूटी पड़ी है तो कुछ में जगह-जगह कूड़ा फैला है। वहीं कुछ पार्कों में बड़ी-बड़ी खास उग आई है। ऐसा लगता है कि नगर निगम ने इन पार्कों के रख-रखाव से मुंह फेर लिया है।

तिकोनिया स्थित कुमाऊं केसरी स्व. खुशी राम पार्क में कूड़े का ढेर लगा है और घास उगी है। पार्क के लोकार्पण का पत्थर भी जमीन पर गिरा है। पार्क में बैठने के लिए बेंच तक नहीं हैं। वहीं राय बहादुर मंशी हरिप्रसाद टम्टा पार्क की स्थिति भी खराब है। इस पार्क में भी जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है। बेंच नहीं होने से लोग जमीन पर बैठने को मजबूर हैं। एरोप्लेन पार्क के गेट पर ताला लगा है और अंदर बड़ी-बड़ी घास उग आई है। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए यहां सजावटी एरोप्लेन रखा गया, लेकिन पार्क के रखरखाव की ओर निगम का कोई ध्यान नहीं है। इसी तरह टैक्सी स्टैंड के पास कुछ बेनाम पार्क हैं, जिनमें एक पार्क में बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हैं। दूसरे पार्क में गंदगी का अंबार लगा है। तीसरे पार्क को जुआरियों ने अपना उड्डा बना रखा है। वंडर पार्क के प्रवेश द्वार पर लोगों ने लघुशंका करना शुरू कर दिया है। राज्य आंदोलनकारी देवी दत्त पंत पार्क में अक्सर जलभराव रहता है। एमबीपीजी कॉलेज के सामने वाले पार्क में भी ज्यादातर बेंच टूटी हैं।



एमबीपीजी कॉलेज के सामने वाले पार्क में भी ज्यादातर बेंच टूटी हैं।



स्व. खुशी राम पार्क में कूड़े का ढेर लगा है और घास उगी है।



एरोप्लेन पार्क के गेट पर ताला लगा है और अंदर सफाई नहीं हुई है।



डीएम के निर्देश पर पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। उद्यान विभाग, नगर निगम व लोनिवि मिलकर इस पर काम कर रहे हैं।
**- विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त**



राय बहादुर मंशी हरिप्रसाद टम्टा पार्क का हाल खराब है।



राज्य आंदोलनकारी देवी दत्त पंत पार्क में अक्सर जलभराव रहता है।

**संस्थाओं को दिए पार्कों की स्थिति ठीक**

**हल्द्वानी :** नैनीताल रोड स्थित जिन पार्कों को नगर निगम ने संस्थाओं को रख-रखाव के लिए दिया है, उनकी स्थिति ठीक है। भगवान वाल्मिकी पार्क, वंडर पार्क श्री अग्रवाल सभा को रख-रखाव के लिए दिया गया है। वहीं महाराजा अग्रसेन पार्क, शहीद स्मारक पार्क, विजयंत पार्क गुरुद्वारा समिति को दिया गया है। इन पार्कों में बैठने के लिए बेंच, झूले आदि लगे हैं। साफ-सफाई की व्यवस्था भी ठीक है।

## वेक्टर जनित रोगों को लेकर करेंगे जागरूक

**हल्द्वानी:** पेंशनर्स जलभराव वाले इलाकों में वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव को जागरूकता अभियान चलाएंगे। पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चन्द्र पांडे ने बताया कि शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों में रह रहे पेंशनर्स ने बताया है कि उनके इलाके में हुए जलभराव से बदबूदार प्रदूषित पानी ठहर गया है। इसमें मच्छरों के उत्पन्न होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि एक्टिव टीम ऐसे प्रभावित इलाकों में लोगों से संपर्क कर जागरुकता अभियान चलाएगी और नगर निगम, प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर चिन्हित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और जरूरी दवाओं का वितरण भी कराएगी। इस अभियान की शुरुआत के लिए एक्टिव टीम के सभी सदस्य गुरुवार की सुबह 11 बजे बिठौरिया नंबर-1 स्थित अमृताश्रम में एकत्र होंगे और गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# शारीरिक व लिखित परीक्षा पास कर एनसीसी में भर्ती हुए कैडेट्स

**चयन**

- सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई परीक्षा
- 78 वाहिनी के कमान अधिकारी ने किया परीक्षा का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 78 वाहिनी हल्द्वानी से सम्बद्ध राष्ट्रीय कैडेट कोर की सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित यूनिट के 26 वरिष्ठ कैडेट्स की शारीरिक व लिखित परीक्षा के आधार पर भर्ती की गई।

78 वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा तथा प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल अभिलाषा जोशी ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान स्कूल पहुंच कर औचक निरीक्षण किया और भर्ती में आए छात्रों को संबोधित करते हुए प्रोत्साहित किया। बताया कि एनसीसी के माध्यम से स्वयं के चरित्र का विकास व देश सेवा करने का सबसे महत्वपूर्ण रास्ता छात्रों को उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए एनसीसी के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने की जानकारी दी। इस दौरान अकेडमिक कॉर्डिनेटर बीबी जोशी, इनसीसी अधिकारी ले. नंद किशोर, सूबेदार मेजर एमएस राव, सूबेदार मोहन सिंह, हवलदार देवेंद्र सिंह आदि थे।



छात्र-छात्राओं की शारीरिक जांच करते एनसीसी अधिकारी। ● अमृत विचार

## राजपुरा व ब्लॉक क्षेत्र में पेयजल संकट बरकरार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शीतलाहाट फिल्टर प्लांट को वर्तमान में स्रोत से पानी मिल रहा है। इस कारण पेयजल लाइनों से केवल दो एमएलडी पानी की आपूर्ति काठगोदाम क्षेत्र में हो पा रही है। पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने पर जल संस्थान प्रभावित इलाकों में टैंकरों से जलापूर्ति कर रहा है।

बुधवार को शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से सीमित पानी की आपूर्ति होने से काठगोदाम व आसपास के इलाकों में पेयजल आपूर्ति का संकट रहा। रानीबाग, कॉलटैक्स, नरीमन चौराहा, चांदमारी, नई बस्ती समेत कई इलाकों में लोग पानी के लिए परेशान रहे। इन इलाकों में जल संस्थान 10 टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति करा रहा है, लेकिन लोगों को सीमित मात्रा में ही पानी मिल पा रहा है। वहीं राजपुरा इलाके में बीते कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। जिसकी वजह से 500 परीवारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।



नलकूप ठीक नहीं होने के चलते लोग तिकोनिया व अन्य स्थानों से पानी लाने को मजबूर हैं। इधर, ब्लॉक परिसर में लगे नलकूप की भी अभी तक मरम्मत नहीं हो पाई है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि फिल्टर प्लांट से पेयजल आपूर्ति सामान्य होने में अभी 1 से 2 दिन का समय लगेगा। खराब नलकूपों की मरम्मत जारी है। जल्द ही ठीक कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## खेलों के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए संचालित खेलों में कक्षा छह में चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। इसमें फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबाल, जूडो, एथलेटिक्स, हॉकी और बाक्सिंग खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया है। स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए नैनीताल जिले से क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, जूडो और बैडमिंटन खेलों में ही खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहे, जबकि एथलेटिक्स, हॉकी और बॉक्सिंग में जिले के खिलाड़ियों को सफलता नहीं मिली। जिले से क्रिकेट में भावेश पांडेय, फुटबॉल में अंकित शर्मा, हर्षित उनयाल, अंश अधिकारी, वॉलीबाल में कुवर सिंह बिष्ट, जूडो में आदित्य जोशी व अनुप चौहान, जबकि बैडमिंटन में विश्रुत शर्मा का चयन हुआ है। उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है, जिसमें नैनीताल जिले से 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

## भाविप सदस्यों ने किया पौधरोपण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने अपने स्थापना दिवस और राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को पौधरोपण किया।

परिषद के सदस्यों ने रामजी विहार सोसायटी में विभिन्न स्थानों पर नाशपाती, आड़ू, तेजपत्ता और गुलमोहर के पौधे लगाए। साथ ही सोसायटी की कार्यकारिणी को पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि 26 जून से 10 जुलाई तक पूरे देश में परिषद ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सेवा पखवाड़े का आयोजन किया।

सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल ने बताया कि शाखा ने 60 गरीब बच्चों को कॉपी और पेन भी दिए। इस मौके पर क्षेत्रीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, एकता अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, डॉ. अतुल राजपाल, मीनू गुप्ता, मनोहर केसरवानी, शिखा अग्रवाल, विवेक कश्यप, पंकज अग्रवाल और सोसायटी के सचिव हरीश जोशी, ललित मोहन मिश्र और आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे।



भारत विकास परिषद के सदस्य पौधरोपण करते हुए। ● अमृत विचार



हीरानगर स्थित पार्क में पौधरोपण करते देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### व्यापार मंडल ने योगा पार्क में लगाए पौधे

**हल्द्वानी :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर व वेटरेनस क्लब की ओर से योगा पार्क हीरानगर में पौधरोपण किया गया। जिसमें आम, अमरूद व आंवला के एक दर्जन पौधे लगाए गये। व्यापार मंडल के महानगर प्रभारी अतुल कुमार गुप्ता ने इसे एक पदाधिकारी एक पौधा नाम दिया। महानगर अध्यक्ष अजय कृष्णा गोयल ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। पौधरोपण के बाद जम्मू कश्मीर के कठुवा में हुए आतंकी हमले में शहीद गढ़वाल राइफल के पांचों जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। यहां हुकुम सिंह कुमार, नेत्र बल्लभ जोशी, राकेश वर्मा, अमित बुरलाकोटी, विमल शर्मा, अनिल शाह, महेंद्र सिंह बोरा, संजय त्यागी, दीपा जोशी, जगदीश चंद्र जोशी रहे।



## सार-संक्षेप



राहत शिविर में ठहरे बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से मिलते सांसद अजय भट्ट।

### सांसद अजय भट्ट ने की बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात

**शक्तिफार्म :** सांसद अजय भट्ट ने बुधवार को राहत शिविरों में ठहरे अरविंद नगर झाड़ी नंबर 7,8 व 9 के बाढ़ प्रभावितों से मुलाकात की। उन्होंने कहा सरकार व प्रशासन पूरी तरह आपदा प्रभावित लोगों की मदद में जुटा है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। सांसद अजय भट्ट निर्मल नगर में नदी मे डूबे जगदीश मंडल व 20 क्वाटर निवासी संजीत मंडल के परिजनों से भी मिले। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, देबू मंडल, मयंक अग्रवाल, विजय बागला, एसडीएम रविंद्र सिंह जुवांठा, तहसीलदार पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते पूर्व पालिकाध्यक्ष व सभासद।

### बाढ़ से हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग

**बाजपुर :** बाढ़ से व्यापारियों व आमजन को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर नगरपालिका बोर्ड ने एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। बुधवार को पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते के नेतृत्व में पालिका बोर्ड के सदस्य एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे, जहां उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि 8 जुलाई को नगरपालिका परिषद बाजपुर के क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में बाढ़ एवं वर्षा के कारण घरों व दुकानों में पानी भरने की वजह से व्यापारियों एवं आमजन को आर्थिक रूप से भारी हानि हुई है। वार्डवासियों के घरों में रखा घरेलू सामान पूर्ण रूप से खराब हो चुका है, अब इसे उपयोग में भी नहीं लाया जा सकता है। लोगों के घरों से खाना बनाने के लिए रखी खाद्यान्न सामग्री आदि बाढ़ के पानी में बह गई है। इस मौके पर सभासद जगतजीत सिंह, राजदीप तिवारी, सादक हुसैन, मो .आसिफ, मोहन सिंह चौहान, मुकुंद शुक्ला, रामअवतार यादव, सिंह स्वरूप भारती, सुनील कुमार, सुशील वर्मा, गौरव वर्मा, निसार अहमद आदि मौजूद थे।



ग्राम कुंडेश्वरी मार्ग पर सड़क पर हुए गड्ढे। ● अमृत विचार

### बरसात में सड़कों के गड्ढों ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

**काशीपुर :** काशीपुर क्षेत्र में बीते कई दिनों से बारिश और अंधड़ का प्रकोप बना हुआ है। नगर निगम के कई वार्डों को जाने वाली मुख्य सड़कों के क्षतिग्रस्त होने से बरसात का पानी गड्ढों में भर रहा है। इसके चलते सड़कों से पैदल गुजरने वाले राहगीरों को कपड़े गंदे कर सड़क को पार करना पड़ रहा है। जबकि दोपहिया वाहन चालक को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में कई सड़कों पर छोटे गड्ढें हैं, लेकिन तेज बारिश के चलते गड्ढों में पानी भर रहा है। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश होने से सड़क पर गड्ढों का आकार काफी बढ़ गया है। इसके चलते जगह-जगह हादसा की संभावना बनी हुई है। सड़कों पर जलभराव के चलते राहगीरों को गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। वैसे भी यह सड़क जैतपुर से रामनगर को जाने वाला बाईपास है जिसमें बड़े-बड़े डंपर व ट्राला उपखनिज लेकर जाते हैं। इसके चलते ग्राम कुंडेश्वरी में रोड पर पानी भरने से काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसमे कई बाइक सवार फिसल चुके हैं और कई वाहन भी पलटने से बाल-बाल बचे हैं।

### व्यापारियों ने की बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी की अध्यक्षता में हुई नगर के व्यापारियों को बैठक में जलभराव से हुए नुकसान के साथ ही बाढ़ की स्थिति पैदा होने के कारणों पर मंथन किया गया। बैठक के बाद व्यापारी उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट से मिले। उन्होंने स्थानीय जनता के हुए नुकसान के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। एसडीएम बिष्ट ने कहा कि बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रत्येक पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि के रूप में 5000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सतीश गोयल, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष अरुण सक्सेना, व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महामंत्री हिमांशु अग्रवाल, मनोज मलिक, ऐश्वर्या अरोड़ा, विजय जयसवाल, जगदीश गुप्ता, फूल कुमार गर्ग, विवेक गुप्ता, प्रिंस गंभीर, दुष्यंत गुंबर, शिबू अग्रवाल, राजीव बंसल, अनिल प्रजापति आदि मौजूद थे।



काशीपुर में बारिश के बाद भरे पानी से निकलते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार



एक घंटे की बारिश से कमर तक पानी भर गया। इस दौरान निकलती एक महिला।

# एक घंटे की मूसलाधार बारिश से काशीपुर हुआ जलमग्न

## दो फीट तक सड़कों पर जलभराव, दुकानों व घरों में घुसा पानी, स्कूली बच्चों व राहगीरों को हुई काफी परेशानी, दोपहर बाद कम हुआ पानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अचानक हुई एक से डेढ़ घंटे की मूसलाधार बारिश के दौरान शहर जलमग्न हो गया। जगह-जगह सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। पानी जहां दुकानों में घुस गया तो शहर के कई इलाकों में घरों में भी पानी नजर आया। जलमग्न हुए शहर से नगर निगम के किए कार्यों की पोल खुलती नजर आयी। घरों व दुकानों में पानी घुसने से लोगों को नुकसान का सामना भी करना पड़ा।

तीन दिन की बारिश के बाद बुधवार सुबह चिलचिलाती धूप निकली। इस पर लोग अपने घरों का सामान धूप में सुखाते दिखे। अचानक 10.30 बजे मौसम ने करवट ली और काले बादल छा गए। इसके बाद एक से डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश से शहर के कई इलाकों में दो से ढाई फीट तक पानी सड़कों पर भर गया और लोगों की दुकानों व घरों में भी घुस गया। जलभराव का आलम यह था कि शहर के जिन हिस्सों में जलभराव की समस्या नहीं थी। वहां भी बुधवार को सड़कों पर पानी खड़ा नजर आया। शहर के मुंशी राम का चौराहा, मुख्य बाजार, नगर निगम के सामने, रेलवे स्टेशन रोड, महेशपुरा, आर्य नगर, रतन सिनेमा रोड, कटोराताल, महाराणा प्रताप चौक, गंगेबाबा रोड, आवास विकास सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर जलभराव की स्थिति बद से बदतर हो गई। आलम यह रहा कि दोपहिया वाहनों से लेकर चौपहिया वाहन चालकों को अपने वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ दोपहिया वाहन पानी में बंद भी हो गए। जिन्हें लोग पैदल पानी में खींचते दिखे।

उधर मुख्य बाजार में दुकानों में कई कई फीट पानी घुस गया। नगर निगम के सामने एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में पानी भरने से बिजली के उपकरण तैरने लगे। अचानक हुई मूसलाधार बारिश के बाद दोपहर को स्कूलों की छुट्टी के बाद स्कूली बच्चों को भी शहर के विभिन्न स्थानों पर हुए जल भराव से गुजरना पड़ा। चंद घंटे की बारिश ने नगर निगम तथा प्रशासन द्वारा जलभराव से निपटने के किए गए दावों की पोल खोल दी है।



हेमपुर इस्माइल स्थित घरों के रास्ते पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### 50 से अधिक घरों में घुसा पानी, प्रशासन ने बनाई सूची

**काशीपुर :** बारिश के चलते बहला नदी का जलस्तर बढ़ने से इससे सटे हेमपुर इस्माइल क्षेत्र के कई घरों में पानी घुस गया। इसके चलते लोगों के घरों में रखे टीवी, फ्रिज, कूलर समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए। बुधवार को प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान 50 से अधिक लोगों को चिंहित किया गया। बीते कई दिनों से तराई में लगातार हो रही बारिश के बीच काशीपुर की कई नदियों को जलस्तर काफी बढ़ गया था। इसमें रामनगर से काशीपुर होते हुए यूपी को जाने वाली बहला नदी उफान पर आ गई। इसके चलते नदी के कटाव से उससे सटे क्षेत्र हेमपुर इस्माइल में पांच से सात फीट तक जलभराव हो गया। इसके चलते स्थानीय लोगों के घरों तक पानी पहुंचने लगा। इस दौरान लोग घरों में रखे अपने जरूरी सामान को ऊचे स्थानों पर रखने लगे। वहीं बारिश रुकने के बाद बुधवार को प्रशासन की टीम हेमपुर इस्माइल पहुंची। इस दौरान हेमपुर इस्माइल के पटवारी दौलत सिंह ने बताया कि जलभराव से पीड़ित लोगों की सूची तैयार की गई। इसमें 50 से अधिक लोगों को चिंहित किया गया। उन्होंने बताया कि सूची को उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद मुआवजे की कार्रवाई की जाएगी।



बाजपुर के मोहल्ला मझरा-प्रभु, पहाड़ी कालोनी में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### बाजपुर में भी एक घंटे तक झमाझम बारिश

**बाजपुर :** पिछले कई दिनों से जारी बारिश से कुछ राहत मिली, लेकिन दोपहर तक चटक धूप के बाद एक घंटे झमाझम बारिश हुई। कभी उमसभरी गर्मी की मार तो कभी बारिश होने से मौसम सुहावना हो रहा है और पल-पल बदलते मौसम से लोग बीमार हो रहे हैं। बारिश व बाढ की वजह से कई कालोनियां अभी भी जलमग्न हैं जिससे कालोनीवासियों की दुश्वारियां काफी बढ़ गई हैं। नदियों का जलस्तर कम होने व बारिश रुकने से क्षेत्रवासियों ने कुछ राहत महसूस की है, लेकिन मोहल्ला पहाड़ी कालोनी, मझरा-प्रभु, शक्तिनगर, बांकेनगर, राजीवनगर, इंदिरा कालोनी व चकरपुर का कुछ हिस्सा आदि के वाशिंदों की दिक्कतें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। इन जगहों पर जलभराव की वजह से लोग परेशान हैं। मोहल्ला मझरा-प्रभु व पहाड़ी कॉलोनी समेत कई कालोनियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। य बाजार में लेवड़ा नदी की बाढ़ का पानी दुकानों में घुसने से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है और व्यापारी पिछले दो दिनों से दुकानों में जमा हुए गंदे पानी व कीचड़ को साफ करने में लगे हुए हैं।

### तराई में तीन दिन और बना रहेगा बारिश का असर

**काशीपुर :** अगले तीन दिन बारिश का असर बना रहने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने बताया कि अगले दिन तक तराई में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। बताया कि तीन दिन बाद लोगों को बारिश से राहत मिलने की उम्मीद है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को तराई का अधिकतम तापमान 33 .6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 27 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। बताया कि बुधवार को तराई के कुछ हिस्सों में एक से दो एमएम बारिश दर्ज की गई है। गुरुवार को तराई में 20 एमएम तक बारिश होने की संभावना है। इसके बाद अगले दो दिन पांच से 10 एमएम बारिश होने की संभावना है।

# नदियों का जलस्तर फिलहाल खतरे से नीचे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर में डेढ़ घंटे के बारिश के बावजूद बुधवार को नदियों के जलस्तर को लेकर प्रशासन और तटवर्ती क्षेत्र के लोगों के लिए राहत रही। प्रशासन की टीम ने तटवर्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जलभराव से प्रभावित किसानों व प्रभावित 28 लोगों को पांच- पांच हजार के चेक सहायता राशि के रूप में वितरित किए गए। काशीपुर प्रशासन की तरफ से तहसीलदार पंकज चंदोला ने कहा कि पिछले दो दिनों से काशीपुर का बहला नदी व ढेला नदी के जलस्तर खतरे के निशान से नीचे बह रहा है। जिन क्षेत्रों में नदी की तरफ से कटान किया गया है, उन क्षेत्रों के प्रभावित किसानों की सूची तैयार की जा रही है। सरकार की तरफ से जो उचित मुआवजा होगा, उन्हें प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ढेला व बहला के साथ पथरी नदी के प्रभावित लोगों को मदद भी दी जा रही है। मालवा फार्म क्षेत्र में प्रशासन की तरफ से खाना व राशन उपलब्ध कराया गया था। बुधवार को इन क्षेत्रों में 28 प्रभावित लोगों को चेक वितरण भी किया गया। उधर नदियों के कटाव से पानी किसानों के खेतों में भी घुस गया है। जिससे उनकी धान की फसल डूबकर गिर गई और उन्हें आर्थिक नुकसान की चिंता सताने लगी।



कुंडेश्वरी रोड स्थित पानी से गिरी धान की फसल। ● अमृत विचार

# गौला में बही किशोरी का नहीं चला पता

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी नंबर-3 निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट की 14 वर्षीय पुत्री अनुष्का बिष्ट मंगलवार की शाम छह बजे पड़ोसी बच्चों के साथ बकरियां चराने गौला नदी की ओर गई थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गौला नदी में जा गिरी और पानी के तेज बहाव में बहती चली गई। साथी बच्चों ने काफी चीख पुकार मचाई, लेकिन किसी के मौजूद नहीं होने से कोई मदद को नहीं पहुंचा। इसके बाद बच्चों ने हादसे की सूचना उसके परिजनों को दी।

स्थानीय निवासियों ने पुलिस प्रशासन को सूचित कर किशोरी को ढूंढने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रात लगभग नौ बजे पहुंचे एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, तहसीलदार और पुलिस बल आदि ने भी सर्च अभियान चलाया, लेकिन कामयाबी न मिलने पर खटीमा से एसडीआरएफ को बुलाया गया। एसडीआरएफ ने भी रात 10:30 बजे तक नदी के किनारों पर गहन छानबीन की लेकिन फिर भी किशोरी का पता नहीं चल पाया। बुधवार को सुबह छह बजे से ही एसडीआरएफ की टीम ने गौला नदी में सर्च अभियान चलाया, जो शाम साढ़े छह बजे तक जारी रहा। इस दौरान टीम ने इमली घाट गेट से बंडिया किच्छा बैराज तक दो बार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब टीम बृहस्पतिवार को पुनः रेस्क्यू अभियान चलाएगी।



गौला नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाती एसडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

**महंगाई** | एक सप्ताह में दो गुना तक बढ़े सब्जियों के दाम, टमाटर 80 तो प्याज 50 रुपये किलो पहुंचा

# बारिश में लोगों को रुला रहे सब्जियों के दाम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** सब्जी मंडियों में सब्जियों के दामों में भी दो गुना तक बढ़ोतरी हुई है। सब्जियों के दाम बारिश के चलते बढ़े हो या महंगाई के चलते, लेकिन लगातार बढ़ रहे दामों ने आम लोगों की रसोई बजट गड़बड़ा दिया है।

बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश ने आम जनता की जेब पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। बारिश के चलते केवल एक सप्ताह में सब्जियों के दामों में दो गुना तक बढ़ोतरी हुई है। इन सब्जियों में सबसे अधिक टमाटर व हरी सब्जियों के दाम बढ़े हैं। एक सप्ताह पूर्व बाजारों में टमाटर 35 से 40 रुपये किलो में बिक रहा था, लेकिन बुधवार को टमाटर 80 रुपये किलो में लोगों को मिल रहा है। वहीं 25 से 30 रुपये किलो में बिक रही तुरई 80 से 90 रुपये किलो में बिक रही है। इसके साथ ही आलू, प्याज, लौकी, खीरा, भिंडी, बैंगन समेत अन्य सब्जियों में भी डेढ़ गुना तक बढ़ोतरी हुई है। सब्जी व्यापारी राजेश ने बताया कि केवल एक सप्ताह में सब्जियों के दामों में दो गुना तक उछाल आया है। सबसे ज्यादा दाम हरि सब्जियों में बढ़े हैं।



ग्राहकों का इंतजार करता सब्जी दुकानदार। ● अमृत विचार

**इन सब्जियों में इतने बढ़े दाम**

| सब्जी | एक सप्ताह पहले | बुधवार के दाम |
|---|---|---|
| प्याज | 40 | 50 |
| टमाटर | 40 | 80 |
| तुरई | 25 | 80 |
| लौकी | 30 | 50 |
| खीरा | 35 | 50 |
| भिंडी | 30 | 50 |
| बैगन | 40 | 60 |

### बैगुल के किनारे रह रहे 50 और अतिक्रमणकारी चिह्नित, नोटिस

**रुद्रपुर:** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नगर निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की टीम का कल्याणी और बैगुल नदी में संयुक्त सर्वे जारी है। इसी क्रम में टीम ने बैगुल नदी पर 50 और अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर नोटिस सौंप दिया है। अब तक कुल 350 से अधिक लोगों को नोटिस सौंप दिए गए हैं। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विगत दिनों जगतपुरा, अटरिया पुलिया, आवास विकास पुलिस चौकी, किच्छा बाईपास रोड, खेड़ा पुलिया के पास नदी के निरीक्षण के बाद बरसात से पूर्व नदी में बने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी कर हटाने के निर्देश दिए थे। इसको बाद से निगम, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई जारी है। अब तक टीम 350 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित कर नोटिस थमा चुकी है।

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी ने बताया कि संयुक्त टीम की सर्वे की कार्रवाई जारी रही। अब तक बैगुल नदी के किनारे 350 से अतिक्रमण चिह्नित कर लिए गये हैं और नोटिस दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि अभी नदी के दूसरी साइड भी अतिक्रमण चिह्नित किया जाना है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### 4.996 किलो डोडा के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** कोतवाली पुलिस ने 4 किलो 996 ग्राम डोडा पोस्त के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बरामद बाइक को भी सीज कर दिया गया है। एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि मंगलवार सायं चेकिंग के दौरान केशोवाला-बन्नाखेड़ा रोड पर मजार से आगे राणा फार्म के पास एक बाइक सवार को पकड़ा। उसने पूछताछ में अपना नाम ग्राम औरंगाबाद पोस्ट आफिस केशरपुर थाना सिरौली तहसील आंवला जिला बरेली उप्र निवासी शिशुपाल (30) बताया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 4 किलो 996 ग्राम डोडा पोस्त और एक बाइक बरामद हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जिसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके गांव में कुछ लोगों द्वारा इसकी खेती की जाती है। उन्हीं खेतों से उसने थोड़ा-थोड़ा बीनकर इसे एकत्र किया था जिसे बन्नाखेड़ा बाजपुर क्षेत्र में बेचने के लिए लाया था।

### गुस्साए लोगों ने ठुकराल के साथ सीओ सदर का किया घेराव, 9 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग, टीमें बढ़ाने की मांग उठाई

# आखिर कहां है हमजा, सैकड़ों लोगों ने सीओ से पूछे सवाल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पिछले नौ दिन से लापता 13 वर्षीय हमजा बेग का कोई अता-पता नहीं चलने से आक्रोशित सैकड़ों लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ सीओ सदर का घेराव किया और सीओ से सवाल किया कि आखिर हमजा कहां लापता हो गया। उनका आरोप था कि पिछले नौ दिन से पुलिस के दो सिपाही प्रकरण को देख रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। ऐसे में परिजनों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। उन्होंने सीओ से पुलिस की टीमें बढ़ाने की मांग की।

बुधवार को सीओ सदर को घेराव के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि 2 जुलाई को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग नाराज होकर साढ़े 7 बजे से घर से लापता हो गया था। काफी देर तब किशोर वापस नहीं लौटा तो खोजबीन की गई और पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक पड़ताल में देखा गया कि किशोर पैदल ही रेलवे स्टेशन रुद्रपुर पहुंचा और संपर्क क्रांति ट्रेन में बैठकर गया था, लेकिन जब काठगोदाम रेलवे स्टेशन के कैमरे खंगाले गए तो किशोर का कोई सुराग नहीं मिला। ठुकराल ने बताया कि प्रकरण को लेकर दो सिपाहियों के अलावा परिवार के लोग भी लगे हुए हैं, लेकिन नौ दिन बीत जाने के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। इससे प्रतीत होता है कि पुलिस प्रकरण को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं लापता किशोर के परिवार का बुरा हाल है। ऐसे में यदि पुलिस की टीमें बढ़ा दी जाएं तो नाबालिग को खोजा सकता है। जिस पर सीओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में दो टीमें बनाकर बारीकी से तलाश की जाएगी। इस मौके पर बाबू खान, जक्की रजा, नावेद खान, राजा, नब्बू, इंद्रपाल, फारूक अली, अज्जू, लियाकत, वाहिद, इमरान रजा, सरफराज खान, मोहसिन खान, मुन्ने, असलम, खालिद, कलीम अहमद, वकी रजा, वसी रजा, गुफरान आदि मौजूद रहे।


सीओ सदर का घेराव करते पूर्व विधायक ठुकराल व परिजन। ● अमृत विचार

### बालक को ढूंढने के नाम पर ठगी करने वाले सक्रिय

**रुद्रपुर :** सीओ के घेराव के दौरान लोगों का कहना था कि लापता हमजा के नाम पर ठग भी सक्रिय हो गए है। बताया कि कुछ दिनों पहले लापता किशोर के पिता के मोबाइल पर फोन आया और कॉलर ने बताया कि लापता बालक को उसने देखा है, लेकिन उसकी खोजबीन के लिए पैसों की आवश्यकता है। बेटे की बरामदगी की चाह रखने वाले पिता ने कॉलर को तीन से चार हजार रुपये का भी भुगतान किया है। इस प्रकार की कई कॉल आ चुके हैं। ऐसे में लापता बालक की आड़ में ठगी करने वाले भी सक्रिय हो गए हैं।

### कई प्रदेशों की खाक छान चुके हैं परिजन

**रुद्रपुर :** दो जुलाई की शाम से लापता हमजा बेग की तलाश में जहां पुलिस भी प्रयासरत है। वहीं अपने बेटे को पाने की खातिर परिजनों ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है। यही कारण है कि लापता युवक की खोजबीन के लिए परिजन दिल्ली, लखनऊ, बरेली, मुंबई, कोलकाता तक का चक्कर काट चुके हैं और हर थाना चौकी की चौखट पर जाकर गुहार लगाई, लेकिन हमजा का कोई सुराग नहीं लगा। इसके अलावा परिजनों ने कई गाड़ियां बुक करा रखी हैं। ताकि सूचना मिलते ही कभी भी रवाना हो सकें।

### आखिर कौन है हमजा के पीछे चलने वाला संदिग्ध

**रुद्रपुर :** लापता बालक के परिजनों ने बताया कि दो जुलाई की शाम की सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला तो पता चला कि हमजा घर से 7 बजे के करीब निकला था और 8 बजे के करीब उसे रेलवे स्टेशन की ओर जाता हुआ देखा गया है, लेकिन सवाल यह उठता है कि एक घंटे हमजा कहां व किसके पास रहा और फुटेज में हमजा के पीछे चलने वाला वह कौन संदिग्ध है। जो अक्सर साए की तरह पीछे लगा हुआ है। जिसे देखकर हमजा कई बार दौड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है। पुलिस ने एक बार फिर सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का निर्णय लिया है।

# अश्लील ऑडियो प्रकरण पर फिर भड़के शुक्ला

### किच्छा विधायक पर लगाया दबाव बनाने का आरोप, आत्महत्या पीड़िता को न्याय दिलाने की उठाई मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** निलंबित पंतनगर थाना प्रभारी की अश्लील ऑडियो प्रकरण को लेकर जहां किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ और पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की जुबानी जंग जोरों पर है। वहीं विधायक बेहड़ पर एक दलित युवती की हत्या के आरोपियों को संरक्षण देने और दबाव बनाकर कार्रवाई करवाने का आरोप लगाते हुए पूर्व विधायक शुक्ला ने एसएसपी आवास जाकर कप्तान मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की।

बुधवार को पूर्व विधायक शुक्ला समर्थकों के साथ एसएसपी आवास पहुंचे और एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि निलंबित पंतनगर थाना प्रभारी का अश्लील ऑडियो प्रकरण के पीछे की कहानी कुछ और है। बताया कि जिस युवती ने ऑडियो प्रकरण की शिकायत की थी। उसी परिवार की वजह से एक दलित युवती ने बलात्कार व मानसिक यातनाओं से तंग आकर आत्महत्या की थी। यही नहीं, आरोपी पक्ष द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की कोशिश भी की, लेकिन तत्कालीन थाना प्रभारी ने प्रकरण की जांच की और कार्रवाई की।

दबाव का कोई रास्ता नहीं मिला तो विधायक तिलकराज बेहड़ ने आत्महत्या के दोषी परिवार को संरक्षण देते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया और दबाव बनाकर मुकदमा दर्ज करवाया। उन्होंने एसएसपी से प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर प्रकरण के पीछे के तथ्यों को भी सामने लाने की मांग की। ताकि अपराधियों को संरक्षण देने वाले विधायक को भी सबक सिखाया जाए। उन्होंने एसएसपी से जांच के बाद कार्रवाई करने का मुद्दा उठाया।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय अरोड़ा, मंडल उपाध्यक्ष सचिन शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, आत्मा परियोजना अध्यक्ष रवि कांत वर्मा, पूर्व बीडीसी नंदलाल यादव, ग्राम प्रधान नारायणपुर दीपक मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, पूर्व ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, सभासद रज्जी कोली, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला संयोजक डीएन यादव, अमरनाथ कश्यप, रामपाल यादव, सुशील यादव, मंडल महामंत्री बलजीत गाबा, छोटू गिरी, सचिन शर्मा, अमित कश्यप, मनीष गुप्ता, मंजीत सिंह कामरा आदि मौजूद रहे।


एसएसपी के समक्ष अश्लील ऑडियो का मुद्दा उठाते पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

### रोकने पर चढ़ा पूर्व विधायक शुक्ला का पारा

**रुद्रपुर :** अश्लील ऑडियो प्रकरण को लेकर कप्तान से मिलने से रोकने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का पारा चढ़ गया और उन्होंने समर्थकों के साथ आवास परिसर पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बुधवार को जब शुक्ला समर्थकों के साथ एसएसपी आवास पहुंचे और कप्तान से मिलने के लिए जाने लगे। तभी वहां तैनात एसएसपी गनर ने रोक दिया और इंतजार करने को कहा। इसे सुनकर शुक्ला आक्रोशित हो उठे और उन्होंने आवास परिसर में ही धरना प्रदर्शन कर हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिसे देखकर कप्तान बाहर आए और मामला शांत करवाया।

### शुक्ला ने हनी ट्रैप से जोड़ा ऑडियो प्रकरण

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने एसएसपी से कहा कि युवती की आत्महत्या में नामजद आरोपियों में से जिस आरोपी का नाम निकाला गया। उसमें अश्लील ऑडियो में बातचीत करने वाली युवती भी शामिल थी। उन्होंने संभावना जताई कि शिकायतकर्ता व उसके परिजनों ने साजिशन हनी ट्रैप जैसा मामला बनाकर दबाव बनाकर नाम निकाला गया होगा। उन्होंने कहा कि अश्लील ऑडियो के आरोपी एसएचओ पर विभागीय कार्रवाई जायज है, लेकिन क्या ऑडियो के दबाव में पुलिस ने शिकायतकर्ता का नाम निकाला है। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# घटना के लिए पूर्व विधायक जिम्मेदार

**बोले बेहड़**

- सीबीआई जांच की मांग कर पूर्व विधायक शुक्ला ने साफ किया कि उन्हें अपनी ही सरकार पर भरोसा नहीं

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** अश्लील ऑडियो प्रकरण में विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि युवती के सुसाइड के मामले में पुलिस द्वारा कैलाश यादव, उनकी पत्नी तथा बेटी को जेल भेजा गया था। बाद में उनकी जमानत हो गई।

एक वर्ष बाद 7 जून को पीड़िता पक्ष के घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की जाती है लेकिन शिकायत किए जाने के बावजूद तत्कालीन पंतनगर थानाध्यक्ष ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की। बल्कि पीड़ित पक्ष को पंतनगर थाने में बुलाकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और जमीन पर बिठाया गया, जबकि दूसरे पक्ष को कुर्सी पर सम्मान दिया गया। इतना ही नहीं आरोपी थानाध्यक्ष ने पीड़ित पक्ष को डरा धमका कर दोनों पक्षों में समझौता करने के लिए पेपर पर हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद पीड़िता ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने के साथ ही थानाध्यक्ष द्वारा किए गए दुर्व्यवहार एवं अश्लील वार्ता की ऑडियो सार्वजनिक कर दी। विधायक बेहड़ ने कहा कि मामला सामने आने के बाद उन्होंने पीड़िता की मदद कर मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद आरोपी एसओ के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। विधायक बेहड़ ने कहा कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मुकदमा गलत दर्ज होने की बात कर रहे हैं जबकि सही मायने में वे ही पूर्ण रूप से पूरी घटना के सूत्रधार हैं। क्योंकि अगर पूर्व विधायक ने उस समय पीड़िता की एफआईआर दर्ज करने में अवरोध पैदा नहीं किया होता तो आज पूर्व थाना अध्यक्ष के जेल जाने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि शायद पूर्व विधायक शुक्ला को अपनी सरकार पर भरोसा नहीं है जिसके चलते उनके द्वारा मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की जा रही है। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप आदि मौजूद रहे।


किच्छा में मीडिया को जानकारी देते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

### सिर्फ जमरानी प्रभावितों को किच्छा में बसाया तो होगा विरोध

**किच्छा :** विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उत्तराखंड राज्य सभी का है और प्रदेश सरकार को सभी प्रभावित लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खुरपिया फार्म व पराग फॉर्म क्षेत्र में सरकार द्वारा जमरानी बांध के प्रभावितों को बसाया जा रहा है जबकि आजादी के समय से निवास कर मेहनत मजदूरी करने वाले स्थानीय लोगों की सरकार द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध के प्रभावितों एवं स्थानीय लोगों को बसाने की प्रक्रिया एक साथ शुरू की जानी चाहिए। अन्यथा सरकार एवं प्रशासन के इस निर्णय का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

# कूलर में करंट से महिला की मौत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी विद्या (35) पत्नी गोविंद मंगलवार की देर रात भोजन इत्यादि करके सो गई। बताया जाता है कि बुधवार की तड़के करीब चार बजे वह सोकर उठी तो उसकी बांह कूलर से टच हो गई। इससे वह कूलर में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। अचानक हुई घटना से परिजनों में चीखपुकार मच गई। इससे आसपास के ग्रामीणों की नींद भी खुल गई और आनन-फानन में ही महिला को पहले निजी व बाद में सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है तथा गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका अपने पीछे पति के साथ ही तीन बेटों को रोता-बिलखता छोड़ गई है।

### छत पर टहल रहे युवक को रेलिंग से लगा करंट, मौत

**काशीपुर :** एक दवा फैक्ट्री में काम करने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। ग्राम सरकड़ा दोस्त, मुरादाबाद निवासी योगेंद्र सिंह (36) पुत्र गजेंद्र सिंह यहां कुंडेश्वरी में भीमनगर रोड स्थित एक दवा फैक्ट्री में काम करता था। वह हिमालयन कॉलोनी में एक मकान में किराये पर रहता था। मंगलवार की रात करीब 11 बजे वह घर आया। गर्मी के कारण वह छत पर टहलने के लिए चला गया। इस दौरान वह रेलिंग में लगे विद्युत तार की चपेट में आ गया। आस-पास के लोगों ने उसे सर कारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। उधर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## जामुन तोड़ने गए युवक की मौत

**काशीपुर:** दोस्तों के साथ जामुन लेने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

मोहल्ला काजीबाग निवासी 30 वर्षीय मुकीम अहमद पुत्र यामीन दो दिन पूर्व अपने दो दोस्तों के साथ जामुन तोड़ने के लिए अलीगंज रोड पर गया था। शाम के समय उसके दोस्त मुकीम को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से मुकीम की गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दिल्ली के एक अस्पताल में मंगलवार की शाम उसकी मौत हो गई। युवकों ने बताया कि वो दोनों एक पेड़ पर जामुन तोड़ रहे थे, जबकि मुकीम दूसरे पेड़ पर था। मुकीम पेड़ से गिर गया।

# मछली का जाल निकालने गया युवक नदी में डूबा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके के गांव भगवानपुर में मछली का जाल निकालने गए युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। देर रात्रि तक एसडीआरएफ ने शव की काफी तलाश की, लेकिन सुबह चलाए गए रेस्क्यू अभियान में युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


आकाश।

काशीपुर हाईवे स्थित ग्राम भगवानपुर निवासी 26 वर्षीय आकाश साहनी अपने परिवार के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम सात बजे के करीब वह नजदीक ही बहने वाली डिमरी नदी में लगाया मछली पकड़ने का जाल निकालने गया था। अचानक जाल व लकड़ियां पैर में फंस जाने के कारण युवक नदी में डूब गया। काफी देर तक जब युवक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। पता चला कि युवक नदी में डूब गया है। सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार एसडीआरएफ की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे और शव की तलाश शुरू की, लेकिन अंधेरा हो जाने के कारण शव का कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार की सुबह रेस्क्यू टीम ने दोबारा तलाश की और आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को नदी से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में युवक की मौत एक हादसा है।

### नानकसागर जलाशय से युवक का शव बरामद

**नानकमत्ता :** भारी बारिश के चलते चार दिन से लापता युवक का नानकसागर जलाशय से शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने बताया कि गत सात जून को हरी सिंह राणा (45) पुत्र आनंद सिंह राणा निवासी दहेला थाना नानकमत्ता अपनी मोटरसाइकिल से किसी कार्य के लिए बरकी डांडी गांव में गया था। भारी बारिश के चलते वह घर नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने खोजना शुरू कर दिया। दूसरे दिन उसकी मोटर साइकिल बरकी डांडी गांव के पास खड़ी मिली लेकिन हरीश सिंह का कोई पता नहीं चला। बताया कि आज चौथे दिन किसानपुर गांव के पास नानकसागर के जलाशय से उसका शव बरामद हुआ। मृतक हरीश की पत्नी लक्ष्मी देवी है। चार पुत्रियों में एक पुत्री की शादी हो चुकी है।


हरी सिंह राणा।

**पर्दाफाश** बाइक सहित चोरी के जेवरात भी हुए बरामद, व्यापारी के घर हुई थी 29 जून को चोरी

# लाखों की चोरी मामले में हल्द्वानी के चार आरोपी दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 29 जून को व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही बाइक और चोरी के जेवरात भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बुधवार को चोरी का खुलासा करते हुए आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि 30 जून को व्यापारी अमित कुमार छाबड़ा ने तहरीर सौंपकर बताया था कि 29 जून को वह घर पर ताला लगाकर धार्मिक कार्यक्रम में गया था। 30 जून की सुबह साढ़े तीन बजे जब लौटा तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। जब पड़ताल की तो पाया कि चोरों ने अलमारी में रखी पचास हजार की नकदी और तीन तोले की चेन-अंगूठी चुरा ली। चोरों ने ढाई लाख से अधिक की चोरी को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इसके बाद टीम ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान सूचना मिली कि चोरों को हल्द्वानी इलाके में देखा गया है। टीम ने दबिश देकर मानपुर पश्चिम देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी सुभाष दिवाकर, महर्षि रोड कृष्णा फार्म देवलचौड़ निवासी संदीप कुमार, जीतपुर नेगी हल्द्वानी निवासी उज्जवल सिंह और रेकी करने वाले वार्ड-छह कालाढूंगी निवासी मोहम्मद अजीम को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर फरार होने में प्रयुक्त बाइक संख्या यूके-04 एई-5627 सहित चोरी के जेवरात भी बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


चोरी के आरोपियों के साथ खुलासा करतीं सीओ सदर निहारिका तोमर।

### एक नहीं, दो घरों में की थी चोरी

**रुद्रपुर :** व्यापारी के घर हुई लाखों की चोरी के आरोपियों को जब पुलिस ने दबोचने के बाद पूछताछ की तो पता चला कि पकड़े गए आरोपियों ने विजय लक्ष्मी एन्क्लेव के अलावा बगवाड़ा मंडी के सामने स्थित दूसरे घर में भी चोरी की थी। जहां से उन्होंने सोने का मंगलसूत्र और सोने की नथ चोरी की थी। इसके अलावा वह तीसरे घर में चोरी की फिराक में थे, लेकिन चहलकदमी होने के कारण इरादा बदल दिया गया था। पुलिस ने दर्ज मुकदमे में दूसरी चोरी को भी शामिल कर दिया है।

### दोस्तों ने मिलकर बनाया अपना गिरोह

**रुद्रपुर :** चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों से हुई पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए चारों आरोपी जनपद नैनीताल के हल्द्वानी के रहने वाले हैं और एक-दूसरे से परिचित होने कारण आपसी में दोस्ती भी अच्छी थी। इसके बाद चारों ने मिलकर चोरी करने का गिरोह बनाया और मोहम्मद अजीम को सिर्फ रेकी कर सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी। यही कारण है कि रेकी के आधार पर चोरों ने मिलकर हल्द्वानी, लालकुआं और रुद्रपुर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। जिनके खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत है। पुलिस अब अपराधियों का आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है।

## बाइकों की भिड़ंत में एक युवक घायल

**बाजपुर:** तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक के चोटें आई हैं। उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी हरदीप गिरी छोई रोड स्थित हरिहर स्टोन क्रशर पर काम करता है। रोजाना की भांति बुधवार की सुबह भी वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही केशोवाला मोड़ के नजदीक रामराज रोड पर पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह बाइक समेत रोड पर दूर जा गिरा, और घायल हो गया।



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो य: स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली से सिवान जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई। इस प्रकार दो दिनों में दो भीषण हादसों ने लोगों को दहला दिया है। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है। अर्थव्यवस्था की गति को रफ्तार देती सड़कें देश के विकास एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश्व बैंक के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का तीन से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। रोड सेफ्टी सेल की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 41 हजार से अधिक सड़क हादसे हुए। इनमें 22 हजार 595 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों और क्षति को 2030 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत रोकने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 'वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार' का संकल्प अपनाया। इस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुरूप विश्व के 108 देश अब तक सड़क दुर्घटनाओं में दस प्रतिशत कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत भारत में सड़क दुर्टनाएं प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों की बढ़ोतरी, शून्य फिटनेस और जुगाड़ से चलते वाहन देश में चुनौती बन चुके हैं। शिवहर (बिहार) से सवारी लेकर चली इस दुर्घटनाग्रस्त बस के बारे में भी इसी तरह की जानकारी मिल रही है।

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इसके प्रावधानों को कठोर बनाने का प्रयास किया था। साथ ही वाहन सुरक्षा के लिए नए इंजीनियरिंग मानक लागू किए गए थे। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। यह इस ओर संकेत करता है कि भारत के कानून प्रवर्तन तंत्र में कहीं-न-कहीं कमी विद्यमान है। कानून प्रवर्तन के लिए जिम्मेदार राज्य सरकारें इस ओर उदासीन बनी हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं। आवश्यक है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। दुर्घटना के पश्चात तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ित को जल्द-से-जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करना कई लोगों की जान बचा सकता है। आम लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# आहार के बारे में एकांगी सलाह की अवैज्ञानिकता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है।

अनाज के आटे से रोटी बनाने, धातु और टेराकोटा के पात्रों जैसे माध्यम का एक अनोखा और अंतरंग रिश्ता पारंपरिक रीति पर चलने वाले संस्कारित भारतीय समाज में आज भी कायम है। चिकनी मिट्टी से बनाए हुए चूल्हे (ओपन हर्थ) और तंदूर में सेंकी सिर्फ हथेलियों और अंगुलियों की दाब और करवट आदि क्रियाओं के इस्तेमाल से बढ़ाई जाने वाले रोटी के अलावा यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोटी बनाने के भीगे हुए आटे के एक टुकड़े की लोई को रोटी की आकार देने के लिए इस पर हथेलियों को गीला करके पानी की परत चढ़ा कर हथेलियों के बीच लेकर, थपलिया कर पतला करते हुए अमाप बढ़ाया जाता है। एक अन्य विधि में हथेली पर घी का लेप चढ़ा कर, लोई को थपलियाकर एक निश्चित आकार और आकृति में रोटी तैयार की जाती है। मक्का और बाजरे के आटे से रोटी बनाने के लिए हथेलियों पर बारम्बार पानी की परत चढ़ानी होती है। गेहूं का आटा, मोटा पिसा है या बारीक, इसमें कौन से और अन्न का आटा मिलाया गया है, यह भी सिकाई से रोटी के पकने और इसे एक निश्चित स्वाद देने के लिए जरूरी होता है। मक्का और बाजरा के अनाजों का आटा महीन ही होना चाहिए। रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है। रोटी का स्वाद इस तथ्य पर निर्भर करता है अनाज की किस्म क्या है और आटे में कितनी मात्रा में कौन से पोषक तत्व मौजूद हैं। रोटी सेंकने के लिए और सिकने के दौरान आंच (हीट या रेडिएशन) कितनी मात्रा में कितनी देर तक और किस एंगिल से रोटी की भीतर प्रवेश करती है। आंच को संग्रहीत करके रखने वाले तंदूर या खुले डिजाईन वाले चूल्हे में रोटी को उलटने-पलटने की वजह यही है कि रोटी के सर्फेस को हर तरफ से एकसा सेंक मिले। गैस के चूल्हे पर पकाई जाने वाली रोटी में स्वाद पैदा करना भी एक हुनर है। रोटी या अन्य पकवानों के रंधने-पकने के लिए थर्मल एम्बियन्स एंड एनवायरनमेंट का काफी बड़ा रोल है।

कार्यालय में एक दिन मेरे पास गाज़ियाबाद से एक व्यक्ति आया जिसने एक फ्लोर मिल लगाई हुई थी। मुझसे पूछा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के प्रयोगशाला संस्थानों में से किसी एक में आटे में पोषक तत्वों की किस्म की पहचान, इनकी मात्रा का आकलन और गुणवत्ता की परीक्षा करवाई जा सकती है। मैंने कहा कि प्राइवेट पार्टीज का काम हम नहीं करते। अपनी बात को जारी रखते हुए उसने बताया कि अखबार में एक इश्तिहार देकर हमारी मिल ने क्लेम किया था कि इस मिल का आटा औरों की मिल के आटे की बनिस्पत अधिक पोषक और प्रोटीनयुक्त है। उन दिनों फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का वजूद नहीं था। आमतौर से मार्किट में उपलब्ध एक फूड प्रोडक्ट के बारे में तब ऐसे दावे जिसके बारे में मालिक ने अन्य वैसे ही ब्रांड प्रोडक्ट्स के मुकाबले में कहीं बेहतर बता दिया, तो इसकी इसको लीगल चुनौती देने के मामले मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन में शिकायत करके उठाए जाने चाहिए, इतना भी मालूम नहीं था। किसी व्यक्ति ने अदालत में पीएँफ़ए एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर दिया। सुनवाई से पहले ही यह मिल मालिक मुझसे मिलने आया था। उसने मुझसे कहा कि उसका दावा गलत था और उसने फ़ूड बायो-न्यूट्रीएंट्स बनाने वाली किसी भी इंडस्ट्रियल कंपनी से विशुद्ध प्राकृतिक प्रोटीन खरीद कर अतिरिक्त रूप से न तो अपनी फैक्ट्री द्वारा तैयार आटे में मिलवाई और न ही यह जांच करवाई थी कि सिर्फ उसके द्वारा पीसे गए गेहूं के आटे में प्रोटीन की कितनी मात्रा प्रति 100 ग्राम पहले से उपलब्ध थी। मैंने इस व्यक्ति को सलाह दी कि अदालत में वह बिना हिचक लिखित में मुआफिनामा जमा करवा दे और आश्वासन दे कि भविष्य में लैब जांच करवाए बिना कोई दावा नहीं करेगा। उसे मामूली जा जुर्माना करने की घोषणा के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। देखा गया है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन में जो दावा अकसर किया जाता है उसे एक पोषण विज्ञानी नहीं बल्कि पोषाहार सलाहकार समर्थन देता या प्रोमोट करता दिखता है। इनमें सेलिब्रिटीज़ तो अनेक हैं।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है।

पिछले दिनों अंग्रेजी भाषा के एक अखबार के में मैंने एक खबर की हैडलाइन-विच रोटी इज बेस्ट फॉर वेटलॉस? फाइंड आउट व्हाट न्यूट्रीशनिशट्स से, देखी जिसने मुझे चौंकाया है। एक व्यक्ति के शरीर का वजन उसकी आयु और जेंडर के हिसाब के हिसाब के अलावा डाइट की किस्म, मात्रा एवं दिनचर्या के अलावा उसके लाइफ स्टाइल से भी जुड़ा होता है। यह भ्रम है कि केवल रोटी को आधार बनाकर शरीर के वजन को आदर्श केटेगरी में बनाए रखा जा सकता। उक्त खबर की हैडलाइन एक पोषाहार सलाहकार के कथन के आधार पर है और यह आंशिक रूप से अवैज्ञानिक और अमान्य इसलिए है कि यह खतरनाक है। ऐसी बात करने का वैज्ञानिक और कानूनी अख्तियार फिजियोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिश्ट्स, बायो-केमिस्ट और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट को होता है।

रोटी के सेंकने के तौर-तरीके, आटे की किस्म -जैसे कि एकल अनाज या मिश्रित अनेक अनाज, पर रोटी की गुणवत्ता और पोषक मान निर्भर होता है। मोटे अनाज और मोटा पिसे हुए आटे में रेशा और प्रोटीन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला होता है जिसके बारे में तथ्यात्मक और भरोसेमंद जानकार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत काम करने वाले संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन (हैदराबाद) की पुस्तक न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ़ इंडियन फूड्स में दर्ज की गई है। लोगों को मालूम नहीं है कि एक न्यूट्रीशनिश्ट्स उपरोक्त फील्ड्स में प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टर-तिकड़ी के निर्देशन में एक बड़े अस्पताल, जैसे कि एम्स जिसमें रिसर्च भी होती है, में काम करता है तब वह इनकी निगरानी में होता है। लेकिन स्वतंत्र होकर मार्किट में प्रैक्टिस करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स पर निगरानी कौन रखता है? वैसे तो अपनी तरफ से कोई एक न्यूट्रीशनिश्ट्स किसी को भी त्रुटिपूर्ण सलाह नहीं देता लेकिन अस्पताल में काम करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स की डाइट योजना को एक सीनियर डॉक्टर दस्तखत करके ही मंजूरी देता है और मरीज़ को फॉलो-अप करवाने की हिदायत देता है जैसेकि टाइप-2 के नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक से पीड़ित एक व्यक्ति के लिए किया जाता है।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है। एक बायो-केमिकल प्रोसेस के रूप में स्वतंत्र रूप से समझना भी इन्हें कठिन है। एक-पक्षीय और स्वतंत्र शोध कार्य के नतीजे भी कभी एक डॉक्ट्रिन के बतौर व्यक्ति पर लागू नहीं किये जाते बल्कि ऐसा करने से शरीर पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव देखकर ही इन्हें विवेकपूर्ण होकर लागू किया जाता रहा है। सिर्फ रोटी और इस आधार पर कि इसे फलां किस्म के अनाज और अनाजों में मिश्रण से बनाया गया है और यह अनेक व्यक्धियों और विकारों को दूर रखने में सहायक है, एक विवेकपूर्ण कथन नहीं है। एक ही विषय से संबद्ध अनेक पक्षों पर सैंकड़ों तरह से डिजाईन किए गए शोध के नतीजे एक्सपर्ट्स की निगाह में संयुक्त जानकारी से जिस समग्रता और विवेक का बुध करते हैं उसी के अनुसार अपार अनुभवी डॉक्टर्स शारीरिक व्याधियों और विकारों की नैदानिकी और उपचार का फैसला लेते हैं और दवा का चुनाव करते हैं। इसलिए यह प्रचारित करना कि रोटी के स्रोत अनाजों की किस्म ऐसी हो, वैसी हो और इन्हें बदलने या ऐसा सेंक कर खाने से यह लाभ होगा, कोलेस्ट्रोल कम होगा, डायबिटीज में फायदा होगा, कैंसर पनपने की संभावना कम होगी, मोटापा विकसित नहीं होगा, शुगर कम होगी आदि, नितांत एकांगी कथन हैं और विज्ञान सम्मत भी नहीं। विज्ञान सम्मत अगर कुछ है तो वह टेक्स्टबुक्स हैं जो एक समय विशेष की हद में प्रिसीजन इनफार्मेशन होती है। यह भी रिसर्च की तत्परता और विशालता को देखते हुए हमेशा 90 प्रतिशत को ही छू पाती हैं। बाकी 10 प्रतिशत की पूर्ति रिसर्च जर्नल्स में छपे पर्चों की जानकारी में दर्ज होती है।

## प्रसंगवश

# क्यों होते हैं हाथरस जैसे हादसे



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

एक तरफ विज्ञान मंगल और चांद के रहस्यों की थाह लेने में जुटा है, लेकिन भोले बाबा सरीखे तमाम नाम इस समाज में अपना ऐसा मायाजाल फैलाए हैं, जिनकी गिरफ्त में आम जनता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आशंका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ की बात को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गईं।

हाथरस में सत्संग स्थल पर ढाई लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी, क्योंकि इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार नहीं थे।

ऐसे आयोजनों में एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।

हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सभी धार्मिंक लोगों को दो चीजों का पालन करना होगा। पहला कि उन्हें अपने जीवन में धर्म का पालन करना होगा। दूसरा अधर्म होते हुए न देखने का प्रण लेना होगा कि मैं अधर्म नहीं होने दूंगा। अगर रोक नहीं सकता, तो विरोध करूंगा। और विरोध भी नहीं कर सकता तो कम से कम वहां से हट जाउंगा। मेरे घर में अगर मेरे सामने कचरा पड़ा है, तो उसे हटाना मेरा धर्म है। ऐसे ढोगी लोगों का हर स्तर पर बहिष्कार होने चाहिए। इस दुर्घटना के बाद धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय हुई हैं।

हाथरस हादसे से सुर्खियों में छाए भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

# विपक्षियों के सामने संभलने में लगी है भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

मोदी जी का योग्यतम शीर्ष नेतृत्व भाजपा को अभी भी पूरी मजबूती से संभाले हुए है किंतु पार्टी को अगले प्रधानमंत्री की खोज में अभी से लग जाना चाहिए और यदि यह जिम्मा परंपरा से राष्ट्रीय सेवक संघ पर है तो उसे भी इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। जैसे कि तिब्बती लामाओं में अगले दलाईलामा की तलाश की जाती है। जहां मौजूदा दलाईलामा ही यह बता देता है कि उनके पश्चात जन्म लेने वाले पीठाधीश को किन शारीरिक लक्षणों से पहचाना जाएगा। और वैसे ही लक्षणों वाले सद्य जन्में शिशु की तलाश गहनता से शुरु हो जाती है ताकि रिक्त स्थान पर अगले दलाईलामा को तत्काल प्रतिष्ठापित किया जा सके। बिना अंतराल के।

विचारणीय यह होगा कि मोदी जैसा कोई दूसरा क्या सहजता से मिल पाएगा? और क्या स्वयं मोदी जी यह अग्रिम चयन कर देंगे? यह असंभाव्य है। क्योंकि मोदी जैसा कोई और हो यह फिलहाल भाजपा में दिखता नहीं। वैसा गतिशील व्यक्तित्व, वैश्विक इमेज का जन प्रतिनिधि, भारत को एक उल्लेखनीय आर्थिक शक्ति बना देने वाला प्रधानमंत्री और कई रिकार्ड अपने नाम करने वाला विलक्षण व्यक्तित्व कोई दूसरा हो सकता है?

अभी तक तो 'मोदी-योगी' का एक आश्वस्ति भरा शब्द युग्म जन जन के जुबान पर था। मगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन ने इसमें डेंट लगा दिया है। मोदी जी का कद तो बरकरार रहा और अगर उसमें भी तनिक इफ्स ऐंड बट्स लगा तो उसका भी उत्तरदायी उत्तर प्रदेश ही है। सोचिए यदि वे गुजरात में कहीं से प्रत्याशी होते तो क्या बनारस जैसे हल्के मार्जिन से विजयी होते? तो उनके आभामंडल की यह तनिक सी फीकी हुई चमक के जिम्मेदार वे स्वयं नहीं हैं। प्रदेश की भाजपा पार्टी और बनारस के कृतघ्न मतदाता हैं। प्रतिकूलताओं के बाद भी मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं। ऐसे में मोदी के बाद कौन का चयन एक टेढ़ी खीर है। अभी किसी संभावना पर मुहर लगा देना संभव नहीं लगता। क्योंकि जिस तरह मोदी जी ने पद के अनुरुप अपने को साबित कर दिखाया है वैसी क्षमता का कोई दूसरा भाजपा नेतृत्व में दिख नहीं रहा। इस प्रतिष्ठापरक पद के लिए पहले किसी भी महत्वाकांक्षी भाजपाई को खुद को साबित करना होगा। क्या आसन्न उपचुनाव ऐसा कोई संकेत दे पाएंगे या फिर उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव ही कुछ स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे? इसलिए कि ज्यादातर प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने ही दिए हैं। फिलहाल तो भाजपा विपक्षियों के बढ़े मनोबल के सामने संभलने में लगी हुई है। किंतु अभी भी आम जनता की दृष्टि में कोई तात्विक बदलाव भाजपा में नहीं दिख रहा है। नीट की परीक्षा, हाथरस हादसा आदि मुद्दों पर उसकी कार्यशैली वही पुराने ढ़र्रे वाली है, जो आमजन को पसंद नहीं। जबकि चाल चरित्र और चेहरे का दम रखने वाली पार्टी को तत्काल इन पर कड़े निर्णय लेना चाहिए था और जनसंशयों को उभरने का अवसर नहीं देना था। नारायण साकार स्वामी को क्लीन चिट मिला रहना देखिएगा भाजपा के लिए काऊंटर प्रोडक्टिव होगा। खिसके दलित वोट की भरपाई क्या इससे होगी? भारी संशय है।

भाजपा को वोट बैंक के ऐसे नारदमोहों से बचना चाहिए। ऐसे व्यामोह से दूर रहना चाहिए। किसी भी नेतृत्व का, जनता में उसकी इमेज, वोट की पिपासा से नहीं बल्कि उसके राज काज से स्थापित होती है। और भाजपा ने पहले यह कर भी दिखाया है। भगवा पार्टी के कोर वोटर अभी भी उसका दामन थामे हैं। प्रदेश में मुसलमान यादव और दलित का नया समीकरण मजबूत हो रहा है। इस कटु सत्य को आत्मसात करके रणनीति बनानी होगी। और वह केवल है-स्वच्छ प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था तथा अधिकाधिक नौकरियों के अवसर।

भाजपा में बिखरे वोटबैंक के जाति-मजहब के नेताओं के कान उमेठने का वक्त अब आ गया है। उन्हें अल्टीमेटम मिल जाना चाहिए कि अब नहीं तो फिर कभी नहीं। क्यों उन्हें पाला पोषा जा रहा है और मलाईदार पदों पर यथावत बनाये रखा गया है? उनकी जवाबदेही क्यों नहीं? यदि भाजपा अपने डुलमुल और ढीले ढाले तेवर को त्यागकर कठोर फैसले लेने लेंगे तो देखिएगा उसकी फिर जनता में जय जय होने लगेगी।

## सोशल फोरम

# परंपरा



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बंगाल की दुर्गा पूजा हो या महाराष्ट्र की गणेश पूजा। इन दोनों अवसरों पर केमिकल रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को बहते जल के स्रोतों में प्रवाहित किया जाता है। रसायनों से जलीय जीवन और जल स्रोतों को हुए नुकसान की अक्सर चर्चा होती है और इनको रोकने के प्रयास भी होते हैं। फिर भी गणेश चतुर्थी या दुर्गा पूजा के बाद नदी या समुद्र तट पर बिखरी टूटी फूटी मूर्तियों को कचरे के रूप में ढोये जाने का दृश्य किसी भी आस्थावान को विचलित कर सकता है। लेकिन हम विचलित नहीं होते। क्योंकि यही हमारी परंपरा है। और परंपराओं के साथ कोई खिलवाड़ हमें बर्दाश्त नही। भले ही पर्यावरण को कितनी भी क्षति हो।

उड़ीसा की मशहूर रथ यात्रा के बारे में पढ़कर हैरत हुई कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ बनाने के लिए पांच अलग-अलग किस्म के कुल 865 वृक्षों की लकड़ी लगती है। और उससे भी बड़ी हैरानी की बात की शायद ये रथ हर साल बनाए जाते हैं। एक मित्र को अपनी जमीन पर लगे वृक्षों को काटने के लिए परमिशन चाहिए। सरकारी परमिशन के बगैर लोग अपने लगाए, अपने घरों के वृक्ष भी नही काट सकते। इतने कठोर नियमों के बीच मेरा ध्यान बार-बार 865 वृक्षों पर चला जाता है। छतीसगढ़ का हंसदेव जंगल हो या मुंबई का आरे जंगल। लोगों ने इनको बचाने के लिए लंबी लड़ाइयां लड़ी। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। झारखंड में सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा होती है। उड़ीसा में वट सावित्री के दिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं। राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष की पूजा की जाती है। सनातन में पीपल के वृक्ष को भी पूजा जाता है। क्या ये बात अजीब नही कि एक तरफ पारंपरिक रूप से हम पेड़ों की पूजा करते हैं और दूसरी तरफ परंपरा के नाम पर वृक्ष काटे भी जाते हैं। अफसोस होता है कि पेड़ों को पूजने वालों के देश मे जंगल का रकबा लगातार घट रहा है। हमे ये मानना होगा कि हमारी संस्कृति, पूजा, परंपरा इन जंगलों को बचाने में नाकामयाब रही है।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारत सीबीडीसी को सफल बना सकता है



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की प्रस्तावित शुरूआत के साथ भारत अपनी मौद्रिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है। यह कदम डिजिटल मुद्राओं और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच आया है, जो दुनिया भर के वित्तीय क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल क्रांति को दर्शाता है। हालांकि, डिजिटल मुद्रा का आगमन साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की समग्र तैयारी के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा किसी देश की फ़िएट मुद्रा का एक डिजिटल रूप है, जिसे केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और विनियमित किया जाता है। बिटकॉइन या एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, जो विकेंद्रीकृत हैं और केंद्रीय प्राधिकरण के बिना संचालित होती हैं, सीबीडीसी सरकार द्वारा केंद्रीकृत और नियंत्रित होता है। सीबीडीसी का लक्ष्य डिजिटल मुद्राओं के लाभों-जैसे गति, कम लेनदेन लागत और बढ़ी हुई वित्तीय समावेशन - को पारंपरिक फिएट मुद्राओं से जुड़ी स्थिरता और विश्वास के साथ जोड़ना है। भौतिक नकदी के विपरीत, सीबीडीसी केवल डिजिटल रूप में मौजूद है, जिससे लेनदेन सहज और त्वरित हो जाता है।

डिजिटल भुगतान सफलता भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) और आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली जैसी पहलों ने भारतीयों के लेनदेन के तरीके में क्रांति ला दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 2 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो डिजिटल भुगतान प्रणालियों में व्यापक रूप से अपनाने और विश्वास का संकेत देता है।

भारत अपने साइबर सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में प्रगति कर रहा है, लेकिन डिजिटलीकरण की तीव्र गति के लिए इन उपायों के निरंतर विकास और मजबूती की आवश्यकता है।

वर्तमान साइबर सुरक्षा अवसंरचना-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीतिः 2013 में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाना है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से समझौता किया गया है। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख बिटकॉइन एक्सचेंज माउंट गोक्स की हैकिंग के कारण 450 मिलियन डालर से अधिक का नुकसान हुआ। 2019 में भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की हैकिंग सबसे सुरक्षित प्रणालियों में भी कमजोरियों को उजागर करती है।

भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की शुरूआत वित्तीय प्रणाली को और आधुनिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती है। हालाँकि, इस पहल की सफलता महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जोखिमों को संबोधित करने और सहायक बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। डिजिटल भुगतान की सफलता से सीखकर और साइबर सुरक्षा ढांचे को लगातार विकसित करके, भारत डिजिटल मुद्रा के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकता है। एक सफल सीबीडीसी की राह में एक सुरक्षित, लचीला और समावेशी डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों के समान प्रयासों की आवश्यकता होगी।

# पुराणों की कहानियों से



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हम हिंदू हैं, सनातनी हैं। हम वेद, पुराण, उपनिषद आदि सब पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। अगर थोड़ी गहराई में जाकर खुद को पूछें कि हमारे तैंतीस वैदिक देवता कौन थे तो टंटा शुरू। तैंतीस नहीं, तैंतीस करोड़। तैंतीस कम पड़ता है। कोटि के दो अर्थों पर प्रवचन न दें। चलो, तैंतीस ही सही। कितने हिंदू उन तैंतीस देवताओं का नाम भी जानते हैं? बारह आदित्य। कौन? क्या हम उनके नाम और उनकी कीर्ति के बारे में जानते हैं? क्या उनकी कभी पूजा भी की? कोई रिश्ता है हमारा उनसे? एक फूल, एक धूपबत्ती कभी उनके नाम? रोज अजीबोगरीब प्रवचन मोबाइल पर आते रहते हैं। कौन थे बारह आदित्य? कौन थे ग्यारह रुद्र? कौन थे आठ वसु? उन्होंने क्या किया? है कोई नामलेवा? और हम हिंदू हैं। सनातनी हैं। श्रीमद् देवी भागवत कहता है कि व्यास ने पुराणों की रचना ही इसीलिए की कि जिनकी पहुंच वेदों तक नहीं है उनका कल्याण हो। वे सनातनी बने रहें।

अठारह पुराण। यह भी कम पड़ा। तो बहुत सारे उपपुराण। हजारों कहानियां। रोमहर्षण सूत थे, ब्राह्मण्यां क्षत्रियासूतः, याने वर्णसंकर। वही सूत जी हुए। व्यास के शिष्य। और कौन व्यास जी? वही जो मत्स्यगंधा और पराशर के पुत्र थे। महा ज्ञानी व्यास। उन्हीं के शिष्य सूत जी। प्रवचन कर्ताओं में सर्वश्रेष्ठ। हर जगह सूत जी बोलते भये।

विष्णु पुराण, शिवपुराण, वराह पुराण, कूर्म पुराण, नृसिंह पुराण, वामन पुराण, मत्स्य पुराण, देवी भागवत, कृष्ण भागवत, पद्मपुराण, गरुड़ पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, वायु पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मांड पुराण। और भी कई। यहां हमारा उद्देश्य पुराणों के नाम गिनाना नहीं है। पुराणों का मुख्य उद्देश्य जो भी रहा हो, उनकी कहानियों से हिंदू अनेक सेक्ट बने।

# चीनी मिलों की अनुपयोगी भूमि पर बनेगा सोलर पावर प्लांट : डीएम

## आईटीसी कंपनी ने नादेही और बाजपुर के लिए सौंपा प्रस्ताव, वार्षिक लीज पर दी जाएगी भूमि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक उत्तराखंड शुगर्स उदयराज सिंह की अध्यक्षता में चीनी मिल नादेही और बाजपुर के पास उपलब्ध अनुपयोगी भूमि में सौर ऊर्जा स्थापित किये जाने को लेकर बैठक आयोजित हुई। इसमें आईटीसी कंपनी की ओर से चीनी मिल के लैंड बैंक पर सोलर पावर प्लांट लगाये जाने का प्रस्ताव दिया गया।

बुधवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी व प्रबंध निदेशक ने बताया कि बाजपुर शुगर मिल में 30 एकड़, नादेही में 20 एकड़ और किच्छा में 10 एकड़ अनुपयोगी भूमि उपलब्ध है। उन्होंने आईटीसी कंपनी को उपलब्ध भूमि के मूल्यांकन के आधार पर चीनी मिल्स को वास्तविक लाभ के आधार पर आवश्यक आनुपातिक धनराशि दिए जाने अथवा उपलब्ध भूमि के वार्षिक लीज रेंट के आधार पर धनराशि का भुगतान करने के अलग-अलग प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि सहमति के बाद आगे की कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक बाजपुर शुगर मिल हरबीर सिंह, नादेही चीनी मिल से खीमानंद, डीसी पांडे, एसपीओ उरेडा, सुरेंद्र सिंह रावत, आईटीसी कंपनी से अजय कौशिक, अभिषेक अवस्थी, अमरेंद्र प्रताप सिंह, दीपिका सेमवाल आदि उपस्थित थे।



अधिकारियों और आईटीसी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीएम। ● अमृत विचार

# अल्पसंख्यक मेधावी बालिका योजना की प्रक्रिया हुई शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने बताया कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत ऐसी अविवाहित छात्राएं पात्र होंगी जो अल्पसंख्यक समुदाय की हों और जिनकी आयु अनुदान स्वीकृत होने के वर्ष 1 जुलाई को 20 वर्ष से अधिक न हो।

बुधवार को जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षा बोर्ड व मदरसा बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष मुंशी, मौलवी एवं इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष आलिम परीक्षा में संस्थागत अभ्यर्थी के रूप में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को विशेष अनुदान उपलब्ध कराया जाना है। हाईस्कूल, मुंशी, मौलवी स्तर की परीक्षा में 60 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर रुपये 10 हजार, 70 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर 15 हजार व 80 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर 20 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

इसी तरह इंटरमीडिएट व आलिम स्तर की परीक्षा में 60 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर रुपये 15 हजार, 70 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर 20 हजार व 80 प्रतिशत या अधिक प्राप्तांक पर 25 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लाभार्थी छात्रा के माता-पिता व अभिभावक की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 81 हजार और शहरी क्षेत्र में 1 लाख 3 हजार रुपये से कम हो। छात्रा उत्तराखंड राज्य की मूल व स्थाई निवासी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक दंपत्ति की अधिकतम दो पुत्रियों को ही इस योजना से लाभांवित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



किच्छा में बाबा के भक्तों का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**किच्छा :** अमरनाथ यात्रा के लिए किच्छा से 11 सदस्यीय भक्तों का जत्था रवाना हो गया है। इस मौके पर बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान भक्तों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर राजकुमार यादव, विजय कुमार, विशाल यादव, मुकेश यादव, अज्जू कुमार, आकाश सक्सेना, ऋषि बजाज, राजकुमार बजाज, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



खटीमा के एक गांव में बाढ़ से गिरे मकान को देखते विधायक कापड़ी। ● अमृत विचार

### कापड़ी ने पीड़ित परिवारों के घर-घर जाकर हाल जाना

**खटीमा :** उपनेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी बुधवार को भी बाढ़ से ग्रामीण और नगर क्षेत्र में पीड़ित परिवारों से मिले। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के मेलाघाट, सिसैया, खेलड़िया, बंधा, बगुलिया, भिलैया, पिडरईया, हल्दी घेरा, हल्दी गुज्जर बस्ती, लोहियाहेड, चकरपुर, वनरावत बस्ती, सानिया नाले के पास बसे परिवारों, खेतलसंडा मुस्ताजार, अंजनिया, गौहर पटिया आदि गांवों में आपदा पीड़ितों के घर–घर जाकर उनका हाल जाना। उन्होंने तहसील में आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत हेतु तहसील प्रशासन के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि बहुत से ऐसे परिवार हैं जो पूरी तरह से प्रभावित हैं जिन्हें तत्काल सहायता दी जाए। उन्होंने अन्य पीड़ितों को भी सहायता राशि शीघ्र देने की बात कही। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

### चकरपुर में 250 बाढ़ प्रभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**खटीमा :** मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. केसी पंत, डॉ. वीपी सिंह के निर्देशानुसार आरवीएस की टीम ने बनखंडी महादेव मंदिर चकरपुर में बाढ़ से प्रभावित लगभग 250 लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाइयां बांटीं। चोट एवं घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। बाढ़ के बाद होने वाली संक्रमित बीमारियों के बारे में उचित सलाह और सावधानी बरतने की सलाह दी गई। टीम में डा देश दीपक गौड़, डा शैलजा पांडे ,आरकेएसके काउंसलर विजेता पांडे, नूपुर पांडे, निर्मला धामी, अनीता कठायत आदि रहे।



खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत कराते प्रधान पति। ● अमृत विचार

### ग्राम प्रधान ने खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराई

**जसपुर :** गांव अमिया वाला की ग्राम प्रधान गुलशन जहां ने अपने पति शाहनवाज अहमद के सहयोग से गांव अमिया वाला के बॉर्डर बाजार, ग्राम तालबपुर के इंटर कॉलेज, गांव के ट्यूबवेल के पास मुरली वाला रोड पर खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराई। इन हैंड पंपों के खराब पड़े होने से गांव वासियों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत होने से गांव वासियों व राहगीरों को पीने के पानी की सुविधा मिल सकेगी।

# फसलों के नुकसान का शीघ्र मिले मुआवजा

**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बाढ़ पीड़ित किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरु सेवक सिंह के नेतृत्व में किसानों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि बाढ़ की विभीषिका से किसानों की धन और गन्ने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा शीघ्र दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों मे गुरदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, कुलविंदर सिंह, बलजीत सिंह, सुखपाल सिंह, अवतार सिंह, बलजीत सिंह, गुरपाल सिंह, दलजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह आदि शामिल थे।



खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू के पदाधिकारी और किसान। ● अमृत विचार



खटीमा में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटते अधिकारी। ● अमृत विचार

### आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित की

**खटीमा :** उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के दिशा निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने आपदा ग्रस्त इलाकों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री बांटी। पूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र सिंह धामी ने ग्राम हल्दी घेरा में बाढ़ से ग्रस्त 60 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इसमें आटा, चावल, दाल, तेल, नमक आदि दिया गया। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह खिंडा, बलराज सिंह, पूर्व प्रधान चन्द्रपाल, सतेंद्र वर्मा, प्रधुम्न कुमार आदि मौजूद थे।

# जेवरात लेकर किशोरी प्रेमी संग फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके की रहने वाली एक किशोरी द्वारा भागने से पहले लाखों के जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। आरोप था कि प्रेमी ने किशोरी को बहला फुसलाकर चोरी करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रंपुरा चौकी स्थित प्रीत विहार कॉलोनी की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 5 जुलाई की सुबह 6 बजे जब उठी तो देखा कि उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी घर से लापता है और अलमारी का लॉक खोलकर 80 हजार की नगदी और पांच तोले सोने के जेवरात भी गायब हैं।

खोजबीन के बाद पता चला कि केलाखेड़ा निवासी मुस्तफा उर्फ छोटू ने पहले उसकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाया और फिर बहला-फुसलाकर घर से जेवरात चोरी करने के लिए प्रेरित किया। युवक के प्रेमजाल में फंसकर किशोरी जेवरात लेकर फरार हो गई। उन्होंने बताया कि चोरी हुई नकदी सहित जेवरात की कीमत साढ़े चार लाख रुपये के करीब है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# मांगों को लेकर राष्ट्रपति और पीएम को भेजा पत्र

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजा। साथ ही मांगों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका प्रशासन, मुख्यमंत्री समेत शासन स्तर पर पत्राचार कर मांगें पूरी करने की मांग की। जिस पर अब तक कोई विचार नहीं किया गया है।

उन्होंने नगर पालिका में मृतक आश्रितों के पदों को भरने, कर्मचारियों का सामूहिक बीमा करने, पालिका सेवा नियमावली 2017 में संशोधित कर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, रिटायर्ड कर्मचारियों को पेंशन देने, पालिका की आर्थिक स्थिति मजबूत करने को 20 करोड़ रुपए देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, पालिका के आवासों में रह रहे कर्मचारियों को मालिकाना हक देने, 5 साल की सेवा दे चुके कर्मचारी को नियमित करने, उत्तराखंड की सभी नगर पालिकाओं, नगर निगम में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने, नैनीताल के सूखाताल में अतिक्रमण की जद में आई वाल्मीकि बस्ती से अतिक्रमण के नाम पर क्षेत्र में रह रहे परिवारों को न हटाने की मांग की। पत्र भेजने वालों में अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद समेत पालिका कर्मी शामिल रहे।

### यूओयू में आज से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया आज से शुरू होगी। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 15 अगस्त तक चलेगी। यूजीसी डीईबी (डिस्टेंस एजुकेशन बोर्ड) से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी कार्यक्रमों में प्रवेश ले रहे नए आवेदनकर्ताओं को अनिवार्य रूप से एबीसी और डीईबी आईडी बनानी होगी जिसके बाद ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी होगी। डीईबी आईडी डीईबी पोर्टल पर बनाकर शिक्षार्थियों को अपनी आईडी की सूचना अपने प्रवेश आवेदन पत्र या admission@uou.ac.in पर 1 अगस्त से 31 अगस्त तक मेल करनी होगी। 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध नही कराने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

## वर्ग पहेली-127

**बाएं से दाएं**

1. 1. रास्ता, मार्ग 2. तराज़ू पर चीज़ें तौलने का बटखरा, बट्टा। (मु.)- जोहना : प्रतीक्षा करना। -पड़ना : पीछे पड़ना। -कहीं बाट पड़ना : डाका पड़ना।
4. पुंज, समूह, राशि।
6. नालदार जूता।
7. 1. छोटा 2. कमज़ोर, कृशकाय 3. लघु, अल्प।
8. 1. निर्झर, पानी का झरना 2. सोता 3. वह धन जो हाट या बाज़ार में बैठकर सौदा बेचने वाले छोटे दुकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है
9. 1. तमोगुण से युक्त 2. तामस स्वभाव का।

**ऊपर से नीचे**

2. बाग या बगीचे में पेड़–पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने वाला व्यक्ति; बाग का माली।
3. 1. किसी तरल पदार्थ को सांस के साथ भीतर की ओर खींचना, नास लेना 2. उदरस्थ करना, पी जाना।
5. 1. बेशऊर होने की अवस्था 2. बदतमीज़ी, नौसिखियापन, फूहड़ता।



### वर्ग पहेली -126 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 फ | ल | 2 मं | डी | |
| | | | द | | |
| | 3 स | र | स | री | |
| | | | मी | | 4 ब |
| 5 ना | 6 के | दा | र | | ड़ |
| | व | | | 7 सिं | ह |
| 8 ए | का | ए | क | | ल |

## सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | | 2 | | | 9 | |
| 5 | 3 | | | 8 | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 9 | | | 4 | 3 |
| | 9 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 6 | | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 7 | | | | 1 |

### सुडोकू -39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 10.03 तक तत्पश्चात पष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–दक्षिण। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 01.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।


मेष
आज आर्थिक क्षेत्र में आय एवं व्यय का संतुलन बना रहेगा। आगंतुक मेहमान से ग्रह खर्चे में वृद्धि होगी। श्रम संघर्ष दौड़ धूप के बावजूद लाभ कम होगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा।


वृष
आज का दिन आपके लिए चिंता भरा रहने वाला है कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्या हो सकती हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। घर में भोग विलास की सामग्री पर धन खर्च होगा। व्यापार में आय कम होने के योग हैं।


मिथुन
आज आपका कोई काम पूरा होने से कल आपको खुशी होगी जिस कारण आप किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। बैंक सेवा से जुड़े लोगों को धन एवं उपहार प्राप्त होंगे। व्यापार में आपकी सूझबूझ के कारण हानि लाभ में बदल जाएगी।


कर्क
आज आपके लिए स्वास्थ्य के लिए हाथ से कमजोर रहने वाला है। आपका मन-आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा जिसे लेकर आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक मामला में कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें।


सिंह
आज व्यवसाय में आपको आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है और आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे तो वह भी कल पूरा हो सकता है। आज आप अपना ऋण चुकाने में सफल होंगे।


कन्या
आज परिवार में यदि कोई वाद विवाद हो तो आप उसमें चुप लगाए नहीं तो वह बढ़ सकता है। आर्थिक लेनदेन में मामलों में सतर्कता रखें। जहां तक संभव हो अधिक धन न लें। घर में भौतिक सुख साधनों की वस्तु पर खर्च होगा। वाहन आदि का कार्य कर सकते हैं।


तुला
आज काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिस कारण आप अपने परिवार के सदस्यों को समय थोड़ा काम देंगे। कार्य क्षेत्र में किसी अधीनस्थ लाभ होगा। आय बढ़ेगी। पैतृक धन संपत्ति मिलेगी।


वृश्चिक
आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा दूर होने से रुका हुआ धन मिलेगा। बौद्धिक कार्य को करने वालों को विशेष सफलता मिलेगी। आपके परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मन रखेंगे जिसे देखकर आपको खुशी होगी।


धनु
आज नौकरी में अपेक्षित धन लाभ न होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धन किसी अनजान व्यक्ति को न दें अन्यथा वह लेकर भाग जाएगा। व्यापार में पिता से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन का खर्चा सोच विचार कर करें। वाहन खरीद सकते हैं।


मकर
आज आमदनी कम खर्च अधिक होगा। आर्थिक क्षेत्र में पुराने आय स्रोतों पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। प्रेम संबंध में अत्यधिक धन व्यय होगा। नौकरी में कोई आपसी मतभेद होने से आपकी आय पर असर पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण लेना पड़ सकता है।


कुंभ
आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। पूर्व से रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन संपत्ति वाहन आदि खरीदने के योग बन सकते हैं।


मीन
आज आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। व्यापार में अच्छी आय होने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति संग वेतन वृद्धि होगी। प्रेम संबंध में धन, मान का लाभ मिलेगा। उधार वापस मिलेगा। विदेश से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
तेरी कसम
सुबह : 08.40
हीरो
रात : 09.17

&pictures
टॉयलेट
सुबह : 10.45
धमाल
रात : 07.30

SONY PIX
हैनकॉक
सुबह : 11.23
लाइट आउट
शाम : 05.39

ZEE CINEMA
सीटीमार
सुबह : 10.31
ऑपरेशन जावा
रात : 08.00

colors CINEPLEX
जुर्माना
सुबह : 07.49
कुछ कुछ होता है
शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...
सोनू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...

पत्नी- मैंने जन्मदिन पर गिफ्ट में गहने मांगे और तुमने दिया "खाली डिब्बा कितनी शर्म आई मुझे फ्रेंड्स के आगे
रामू- शर्म ही तो औरतों का गहना है पगली।

## सार-संक्षेप

### सैजना के एक घर से बाइक, नकदी, दो मोबाइल चोरी

**खटीमा** : सैजना निवासी मनोज सिंह ने झनकट पुलिस चौकी पर तहरीर सौंपकर बताया कि मंगलवार रात्रि में चोर उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूए 06 9545 के साथ ही 25 हजार की नकदी, एलईडी टीवी, एक कट्टा गेहूं, एक कट्टा चावल, दो मोबाइल चुरा ले गए हैं। पीड़ित ने मामला दर्ज कर चोरों के खिलाफ कारवाई कर चोरी का सामान दिलाने की गुहार की है। मुकेश ने बताया कि परिवार के सभी लोगों की नींद सुबह चार बजे खुली तो देखा कि घर में चोरी हो गई है। यह भी कहा कि संभवत : चोरों ने सभी को कुछ सूंघा दिया था इसलिए किसी को पता तक नहीं चला।



खटीमा के कुटरा में लगे स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते लोग। ● अमृत विचार

### कुटरा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दीं

**खटीमा।** कुटरा आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा, नर्सिंग ऑफीसर निर्मला ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। हीमोग्लोबिन की जांच के साथ ही गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। ब्रिटेनिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन रुद्रपुर से डीपीओ मोहित सक्सेना, दीपा भंडारी, प्रगति, सपना मुंडेरा ने कुपोषित बच्चों को न्यूट्रीशनल डाइट आयरन बिस्कुट, सत्तू आदि दिया। निशुल्क दवा वितरण भी किया गया। विजेता पांडेय ने किशोरियों को साफ सफाई, एनिमिया की जानकारी दी। इस अवसर पर एएनएम निर्मला, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

### तीसरी राज्य गतका चैंपियनशिप 20 को बाजपुर में

**बाजपुर।** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत सिंह ने कहा कि उत्तराखंड गतका एसोसिएशन अपनी तीसरी राज्य गतका चैंपियनशिप 20 जुलाई को बाजपुर में करवाने जा रही है। इस चैंपियनशिप में हरिद्वार, नैनीताल, देहरादून, ऊधम सिंह नगर व अन्य जिलों के करीब 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें 200 युवक एवं 100 युवतियां शामिल हैं। विजेता खिलाड़ी भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलो इंडिया व नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करेंगे।

### हरिपुरा हरसान बिजलीघर के पैनल में लगी आग

**बाजपुर।** बारिश के बीच ऊर्जा निगम के उपकरण भी फुंक जा रहे हैं। मंगलवार की देर रात ग्राम हरिपुरा हरसान बिजलीघर में अचानक पैनल में आग लग गई, जिससे इस क्षेत्र की विद्युतापूर्ति बाधित हो गई। तेज धमाके के साथ हुई घटना से कर्मचारियों में भी हड़कंप मच गया। वहीं पैनल के खराब होने की वजह से रातभर बिजली गायब रही, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी के बीच काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत करके बुधवार को दोपहर तक पैनल को सही किया। इसके पश्चात की विद्युतापूर्ति सुचारु हो गई।



बिजली घर में आग लगने से फुंका पैनल।

### नया राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगाया गया

**जसपुर।** सुभाष चौक पर स्थापित सौ फुट से अधिक ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज आए दिन फटता रहता है। पिछले दिनों नगर पालिका प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के फटने पर उसे उतार लिया गया है, लेकिन अभी तक उसके स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगाया गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी शाहिद अली ने बताया कि पिछले दिनों राष्ट्रीय ध्वज फट गया था, उसके स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए फटे हुए राष्ट्रीय ध्वज को उतार लिया गया है।



पुतला दहन करते उत्तराचंल मुस्लिम यूथ मोर्चा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### शहीद हुए पांच जवानों को मुस्लिम यूथ ने दी श्रद्धांजलि

**काशीपुर।** उत्तराचंल मुस्लिम यूथ मोर्चा ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए उत्तराखंड के पांच जवानों को श्रद्धांजलि दी है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ पुतला दहन कर एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को मुस्लिम यूथ मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एमए राहुल व कोषाध्यक्ष राशिद फारूकी के नेतृत्व में आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान उन्होंने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को सौंपे ज्ञापन में केंद्र सरकार से इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने की मांग की है। इस दौरान शाहनवाज अंसारी, अफसर अली, अलीजान, मुस्तकीम, समीर मंसूरी, डॉ आरिफ, मनोज, गौरव ठाकुर, कलुआ, नौशाद हुसैन, अफसर आदि मौजूद रहे।

# जेसीबी से ध्वस्त किया 30 दुकानों के आगे से अतिक्रमण

## रुद्रपुर में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ की कार्रवाई, इस दौरान एसएनए और व्यापारी के बीच हुई तीखी नोकझोंक

अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने रेनबो पब्लिक स्कूल से जैन मंदिर तक दुकानों के आगे अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया। इस दौरान नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त के साथ एक व्यापारी की नोकझोंक भी हुई। बावजूद निगम की टीम ने अपनी कार्रवाई जारी रखी और करीब 30 दुकानों के आगे नाली के ऊपर बने पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त किया।

बुधवार को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी के नेतृत्व में निगम की टीम पुलिस बल के साथ रेनबो पब्लिक स्कूल के पास पहुंची। इस दौरान टीम ने जेसीबी से दुकानों के आगे नाली पर बने पक्के अतिक्रमण को ध्वस्त करना शुरू किया। इस बीच एक व्यापारी ने अतिक्रमण का विरोध कर दिया। इसको लेकर व्यापारी और सहायक नगर आयुक्त के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। व्यापारी का कहना था कि नगर निगम ने अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए पहले कोई लिखित नोटिस नहीं दिया।

वहीं निगम के सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि बाजार में दुकानों के आगे पक्के स्लैब बनाकर अतिक्रमण करने की शिकायत किसी ने सीएम पोर्टल पर की थी। इस शिकायत के बाद अतिक्रमण को हटाना जरूरी था। उन्होंने बताया कि व्यापारियों ने दुकान के आगे पक्के स्लैब डालकर पक्के अतिक्रमण कर रखे हैं। इससे निगम के पर्यावरण मित्र नालियों की सफाई ठीक तरीके से नहीं कर पा रहे हैं और बाजार में जलभराव की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि बाजार में नालियों के ऊपर पक्का अतिक्रमण किसी भी कीमत में नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार, लक्ष्मण सिंह समेत काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।



रुद्रपुर में कार्रवाई के दौरान सहायक नगर आयुक्त से नोकझोंक करता व्यापारी। ● अमृत विचार





नालियों के ऊपर बने अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

### गन्ना आयुक्त ने की सर्वेक्षण की समीक्षा

**काशीपुर, अमृत विचार :** गन्ना एवं चीनी आयुक्त ने गन्ना सर्वेक्षण कार्य व विभाग की योजनाओं समेत अन्य विषयों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को गन्ना विकास व चीनी उद्योग के कार्यालय में गन्ना व चीनी आयुक्त चंद्र सिंह धर्मसत्तू ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सर्वेक्षण कार्य की जांच के लक्ष्य व उसकी पूर्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने अतिवृष्टि के दृष्टिगत जलभराव वाले क्षेत्र में गन्ना संरक्षण कार्य की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों में एससीडीआई तुरंत जाकर निरीक्षण करें। साथ ही अगर कोई क्षति होती है तो उसकी रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराए। इस दौरान बैठक में निलेश कुमार मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चार पैथ लैब पर मारे छापे



काशीपुर में पैथ लैब का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अधूरे प्रपत्रों के साथ पैथोलॉजी लैब चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

इस दौरान टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए काशीपुर के चार पैथ लैब पर नैदानिक स्थापना अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं होने पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने बताया कि चार पैथ लैब का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पैथ लैब नैदानिक स्थापना अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं पाए गया। उन्होंने बताया कि लैबों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। साथ ही पंजीकरण होने तक लैब के संचालन पर रोक लगाने की कार्रवाई की है।

▸▸ कुल एक लाख का लगाया गया जुर्माना

## जसपुर में पैथ लैब और क्लीनिक सीज

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के छापामार दल द्वारा जसपुर क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही एक पैथोलॉजी लैब और एक अपंजीकृत क्लीनिक को सीज किया गया है।

जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र मोहन गहलौत के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के एक छापामार दल ने जसपुर क्षेत्र के धर्मपुर चौराहे पर अवैध रूप से चल रही आदर्श पैथोलॉजी लैब पर छापा मारा। टीम ने पैथोलॉजी लैब के संचालक हुकुम सिंह से पैथोलॉजी लैब के आवश्यक दस्तावेज मांगे।

लेकिन वह कोई कागज नहीं दिखा पाया। इस पर इस पैथोलॉजी लैब को सीज कर दिया गया। इसके अलावा धर्मपुर चौराहे पर ही अवैध रूप से चल रहे अपंजीकृत क्लीनिक पर भी छापा मारा गया। अनियमितताएं पाए जाने पर उसको भी सीज कर दिया गया। छापा मार दल में जसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र मोहन गहलौत, डॉक्टर आशु सिंघल, नायब तहसीलदार भुवन चंद आर्य आदि शामिल रहे।



छापे के दौरान लैब को सीज करती स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम।

# बीस सूत्री कार्यक्रम में यूएसनगर पहले, बागेश्वर अंतिम स्थान पर

सफलता

▸▸ बीस सूत्री के 23 कार्यक्रमों में जनपद को मिली ए श्रेणी

▸▸ वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल माह के बीस सूत्री कार्यक्रम की सूची जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अप्रैल माह में बीस सूत्री कार्यक्रम की सूची जारी की है। इसमें उत्तराखंड के दोनों कुमाऊं और गढ़वाल मंडल में कुमाऊं मंडल पहले स्थान पर आया है। इसके साथ ही जनपदों में ऊधमसिंह नगर पहले स्थान पर आया है।

जबकि बागेश्वर जनपद का स्थान अंतिम स्थान पर है। वहीं बीस सूत्री 23 कार्यक्रमों में ऊधमसिंह नगर जनपद को ए श्रेणी मिली है। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि शासन ने 20 सूत्री कार्यक्रम को जो सूची जारी की है उसमें ऊधमसिंह नगर जनपद पहले स्थान पर है।



डीएम उदयराज सिंह।

जनपद ने बीस सूत्री के 23 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 6 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 1 में सी श्रेणी और 13 कार्यक्रमों में डी श्रेणी प्राप्त की है। इसमें तरह राज्य में हरिद्वार ने दूसरा, देहरादून ने तीसरा, नैनीताल ने चौथा, चमोली ने पांचवां, उत्तरकाशी ने छठा, पिथौरागढ़ ने सातवां, टिहरी ने आठवां, पौड़ी ने नौवा स्थान प्राप्त किया है।

अल्मोड़ा ने 10वां, चंपावत ने 11वां, रुद्रप्रयाग ने 12वां और बागेश्वर जनपद ने सूची में अंतिम स्थान यानी 13वां स्थान प्राप्त किया है। बागेश्वर ने बीस सूत्री के 15 कार्यक्रमों में ए श्रेणी, 5 कार्यक्रमों में बी श्रेणी, 3 में सी श्रेणी और 19 कार्यक्रमों में डी श्रेणी प्राप्त की है।

उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में बीस सूत्री कार्यक्रम में प्रथम आने पर सभी अधिकारियों को बधाई दी। साथ ही वर्षभर बीस सूत्री कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी कार्यक्रमों में ए श्रेणी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने को कहा।

# स्कूल में बच्चों की नई ड्रेस के फरमान से रोष

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** एक स्कूल द्वारा नई ड्रेस का खरीदने का फरमान जारी करने से अभिभावकों में आक्रोश फैल गया। फरमान की कॉपी सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्कूल ने अपना फरमान वापस ले लिया।

बुधवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित एक स्कूल ने अभिभावकों से स्कूल की नई ड्रेस खरीदने का फरमान जारी किया था। जिसमें एक ड्रेस एक निर्धारित स्थान से खरीदने का जिक्र भी पत्र में किया गया था। हाल में ही गर्मियों के छुट्टी के बाद खुले स्कूल के तहत अभिभावकों ने बच्चों के लिए पुरानी निर्धारित ड्रेस खरीदी थी और अब स्कूल द्वारा पुरानी ड्रेस को परिवर्तित कर बीच सत्र में ही नई बदली हुई ड्रेस खरीदने के आदेश दे दिये। इससे अभिभावकों में आक्रोश फैल गया। अभिभावकों को गुस्सा उस समय और भड़क गया, जब स्कूल ने नई ड्रेस के लिए एक शॉप भी निर्धारित कर दी। अभिभावकों का आरोप था कि स्कूल ने कमीशन के खेल में पुरानी ड्रेस को बदलकर एक दुकान से नई ड्रेस खरीदने का आदेश जारी किया है। इसका संज्ञान लेकर एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी के मामले में जांच कर कार्यवाही के निर्देश दे दिए। खंड शिक्षा अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद स्कूल ने अपना फरमान वापस ले लिया और पुरानी ड्रेस को भी नई ड्रेस के साथ सम्मिलित करते हुए धीरे-धीरे परिवर्तन करने को कहा।

▸▸ एसडीएम ने लिया मामले का संज्ञान, डीईओ को दिए कार्रवाई के निर्देश

## किसानों को जानकारी देने के लिए की गोष्ठी

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर ने काशीपुर के नादेही परिक्षेत्र की ग्राम अंगदपुर में किसानों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान गोष्ठी में गन्ना किसानों को गन्ने की उन्नत प्रजातियों को लेकर जानकारी दी गई।

मंगलवार को आयोजित गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में 15023. 0118 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां हैं।

उन्होंने बताया कि गन्ने की फसल में लगने वाली तरह-तरह के बीमारियों व उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाइयां व उनके गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करने की जानकारी दी गई। इस दौरान संजय कुमार, सिद्धार्थ कश्यप आदि मौजूद रहे।

अभियान — संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर सहित कई स्थानों पर पौधरोपण किया, साथ ही पौधे भी भेंट किए गए

# गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने जसपुर में जागरुकता रैली निकाली



जसपुर कोतवाली में पौधे भेंट करते जीएनआरएफ के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रदेश स्तर पर पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया है।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (जीएनआरएफ) द्वारा पौधा लगाना है, दरख्त बनाना है मुहिम प्रदेश स्तर पर चलाई जा रही है। बुधवार को फाउंडेशन के सदस्यों ने जसपुर में जागरूकता रैली निकाली। उसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली परिसर सहित कई स्थानों पर पौधरोपण किया। साथ ही पौधे भेंट किए गए। प्रदेश के पौधरोपण अभियान के प्रमुख सद्दाम हुसैन अत्तारी ने बताया कि दावत-ए-इस्लामी की शाखा जीएनआरएफ देशभर में लाखों पौधे लगा चुकी है। अभियान का मकसद मुस्लिम समुदाय के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान कारी आलिम अत्तारी, कारी निजाम रजा, मुकीम अहमद, कारी अब्दुल वकील, वसीम अहमद, नसीम अत्तारी, हाजी मुशाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे। जीएनआरएफ के पौधारोपण अभियान के प्रमुख सद्दाम हुसैन अत्तारी ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश भर में 15 हजार पौधे रोपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### युवा पीढ़ी को निभानी होगी जिम्मेदारी : पांडेय

**काशीपुर।** पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज काशीपुर में हरेला पर्व पर बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय रहे। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण को लेकर युवा पीढ़ी को जागरूक होने की जरूरत है। हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास पौधरोपण करना होगा। निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उत्तराखंड के मेरिट लिस्ट में भी छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। वृक्ष के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि हर नागरिक का प्रथम कर्तव्य अपने पूर्वजों के नाम पर एक वृक्ष लगाकर उसकी देखरेख करना होना चाहिए क्योंकि वृक्ष ही जीवन है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान सुभाष शर्मा, जिला अध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष दीपक शर्मा, संजय चौधरी, वासु शर्मा, गगन कांबोज आदि मौजूद रहे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया पौधरोपण

**जसपुर।** पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह चौहान, खड़क सिंह चौहान, डॉक्टर एमपी सिंह, राज कुमार चौहान, अशोक खन्ना, महेश प्रजापति, सुधीर बिश्नोई, विशाल कश्यप, सनी पधान, उमा बिश्नोई सुधा गोस्वामी के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ धीरेंद्र मोहन गहलौत आदि मौजूद रहे।



जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण करते विधायक अरविंद पांडे।

# हरेला पर्व पर दिए वृहद पौधरोपण के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

▸▸ कहा-पौधरोपण के साथ की जाए जीओ टैगिंग

▸▸ डीएम ने कहा जनपद में पांच लाख पौधरोपण का लक्ष्य

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हरेला पर्व पर वृहद पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। पौधरोपण के साथ ही उनकी जियो टैगिंग कराने को कहा।

बुधवार को बैठक के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्य सचिव को बताया कि हरेला पर्व पर अभियान चलाते हुए जनपद में वृहद पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में वन विभाग, उद्यान, सिंचाई, शिक्षा, नगर निकाय, प्राधिकारण, ग्राम पंचायत, सुगर मिल, लोनिवि आदि विभागों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में छायादार, फलदार पौधे का रोपण करेंगे और उसकी सुरक्षा करेंगे। हरेला पर्व अभियान में 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद में लगभग पांच लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, पीसी पांडे, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### स्नातक तृतीय सेमेस्टर की एक्स व बैक परीक्षाएं 13 से

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि की ओर से बीए, बीएससी, बीकॉम नॉन एनईपी तृतीय सेमेस्टर एक्स और बैक परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी परीक्षा समय सारिणी के मुताबिक परीक्षा 13 जुलाई से शुरू होंगी और 31 जुलाई तक चलेंगी। वि वि के परीक्षा नियंत्रक डॉ मुकेश सामंत ने बताया कि छात्र छात्राएं विवि की वेबसाइट पर समय सारिणी देख सकते हैं।

### न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिता 13 से

**धौलछीना।** भैंसियाछाना के न्याय पंचायत पांडूतोली में मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए खेल प्रतियोगिताएं 13 जुलाई से होंगी। इसके लिए बुधवार को राबाइंका बाड़ेछीना में बैठक हुई। ब्लॉक खेल समन्वयक गणेश शाही ने बताया कि विजेता खिलाड़ी को ब्लॉक स्तर में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। बैठक में डॉ. कैलाश सिंह डोलिया, किरन पाटनी, पंकज भट्ट, मोहित चौधरी, नीरज मटेला, गोपाल सिंह नैनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### पत्रकार पपने के निधन पर शोक

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने रामनगर के पत्रकार जितेंद्र पपने के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव पीसी तिवारी ने कहा कि जितेंद्र पपने क्षेत्र के प्रमुख दैनिक अखबार से लंबे समय से जुड़े हुए थे। उनके निधन से समाज ने एक प्रखर पत्रकार साथी को खो दिया है, जिसकी क्षति अपूर्णीय है।

### टनकपुर में आपदा पीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री

**टनकपुर :** पिछले दिनों जिले के मैदानी क्षेत्र में हुई भारी वर्षा से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्रशासन ने टनकपुर और बनबसा क्षेत्र में आपदा पीड़ितों को खाद्य सामग्री और धनराशि दी गई। पशुपालकों को भी चारा उपलब्ध कराया गया। टनकपुर-बनबसा क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों को एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पालिका एवं खाद्य पूर्ति विभाग के साथ टीम गठित कर नगर तथा ग्रामीण प्रभावित क्षेत्र में पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पशु विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में घायल पालतु पशुओं का उपचार एवं पशु खाद्य सामग्री भी बांटी रही है। टीम में नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, बसंत राज चन्द, विनोद बिष्ट, प्रिया बिष्ट, अनुराधा, अनुराग, कानूनगो एसके उनियाल, राजस्व उपनिरीक्षक ललित, ऋषभ आदि मौजूद रहे।

# सात सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर सीटू सदस्यों ने दिया धरना

## संगठन से जुड़े सदस्यों ने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सात सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) मुखर हो गया है। गुरुवार को सीटू की जिला कमेटी से जुड़े सदस्यों ने गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि बीते 10 सालों के भाजपा शासन के दौरान मजदूरों के निरंतर अभियान और संघर्ष का परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। बेरोजगारी, महंगाई और पेंशन प्रकरण की मांग ने काफी हद तक कार्य किया। कहा कि भाजपा ने नफरत व झूठ के माध्यम से जनता को भटकाने और मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की। लेकिन इसमें भाजपा सफल नहीं हो सकी। कहा कि अब भी भाजपा सरकार से नीति में बदलाव की उम्मीद नहीं की जा सकती है। कहा कि भाजपा सरकार श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर, मजदूरों के ईपीएफ बकाया भुगतान न करने वाले नियोक्ताओं के लिए दंड में भारी कमी करने (एनएमसी) नेशनल मोनेटाइजेशन पाइप लाइन को आगे बढ़ाने की घोषणा पहले ही कर चुकी है। वक्ताओं ने सभी से अपने हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।



अल्मोड़ा में गुरुवार को सात सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सीटू ने गांधी पार्क में धरना दिया। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

धरना स्थल पर विजया लक्ष्मी, मीना जोशी, ममता भट्ट, भगवती आर्य, गीता लाल, देवकी बिष्ट, दीपा भंडारी, गोविंद, दीपा भंडारी, सोहन सिंह, दिनेश तिवारी, राजू, हेमा धिकारी, हेमा देवी, मोहनी देवी, युसूफ तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### ये हैं मांगें

श्रम संहिताओं को समाप्त करने, एनएमपी (नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन) को खत्म करने व निजीकरण के अन्य सभी रूपों पर रोक लगाने, न्यूनतम वेतनमान 26 हजार रुपये प्रतिमाह करने, ठेका कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने, समान कार्य का समान वेतन देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, योजना कर्मियों आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर, आशा व भोजन माताओं को मजदूरों के रूप में मान्यता देने और भोजन माताओं को स्कूलों से निकालने की प्रक्रिया को बंद करने आदि।

## केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा पहुंचे जागेश्वर धाम



**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** केंद्र की सरकार में राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने जागेश्वर मंदिर में परिवार के साथ पूजा अर्चना की। मंदिर पहुंचने पर समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी कराए। जागेश्वर मंदिर में उ्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिवार के साथ रुद्राभिषेक और हवन भी कर सभी मंदिरों में पूजा कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया।

आचार्य गिरीश भट्ट की अगुवाई में उनका अनुष्ठान संपन्न हुआ। आचार्य गिरीश भट्ट ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा की जागेश्वर धाम के प्रति गहरी आस्था है। वह समय-समय पर इस धाम में आकर भगवान भोलेनाथ का पूजन करते रहते हैं।


देहरादून भाजपा कार्यालय में शैला रानी रावत को श्रद्धांजलि देते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

# सीएम धामी ने विधायक शैलारानी को दी श्रद्धांजलि

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ भाजपा कार्यालय पर सीएम ने किए अंतिम दर्शन, बोले- पार्टी के लिए बड़ी क्षति

**अमृत विचार :** केदारनाथ की भाजपा विधायक शैलारानी रावत का मंगलवार देर रात निधन हो गया। बुधवार को शैलारानी रावत का पार्थिव शरीर भाजपा कार्यालय में रखा गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत मंत्रियों व विधायकों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कुछ माह पूर्व ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ की सीढ़ियों से गिरने के कारण विधायक शैलारानी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया था। परिजनों द्वारा उन्हें हायर सेंटर ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी की गई, पर वह सफल नहीं हो पाईं थी, जिसके बाद कल उनका निधन हो गया। दिवंगत शैलारानी रावत के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनों के लिए बलबीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में रखा गया। मुख्यमंत्री ने शैलारानी रावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके निधन से पूरे प्रदेश व पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति हुई है। उना सरल, सहज एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व था। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, रेखा आर्या, सौरभ बहुगुणा, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजानदास, रेनू बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान समेत पार्टी पदाधिकारियों ने शैलारानी रावत को श्रद्धांजलि दी।

# एसएसजे के कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया आज से

▸▸ 13416 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए कराया पंजीकरण

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसजे विवि से संबद्ध परिसर और महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों पूरी हो गई है। गुरुवार यानी आज से महाविद्यालयों और परिसरों की रिक्त सीटों पर प्रवेश शुरू होंगे। स्नातक में अब तक कुल 13416 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है।

एसएसजे विवि में स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण समर्थ पोर्टल के आधार पर कराए गए थे। छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित न रहें, इसके लिए शासन की ओर से 9 जुलाई तक फिर से समर्थ पोर्टल खोल दिया गया था और कॉलेजों के खुलने के बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश संपन्न कराने का आदेश जारी किया था। शासन की ओर से मंगलवार को पोर्टल बंद कर दिया गया। पोर्टल के फिर से खुलने पर एसएसजे विवि में प्रवेश के लिए 2211 छात्रों ने पंजीकरण कराया है। वहीं, अब कुल पंजीकरण करने वाले छात्रों की संख्या 13416 हो गई है। इसमें बीए में 8629, बीएससी गणित वर्ग में 1099, बीएससी बायो वर्ग में 1541, बीकॉम में 804, बीसीए में 618, बीबीए में 210 और बीएफए में 127 ने छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है।

> स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण पोर्टल 9 जुलाई को बंद हो गया है। आज यानी गुरुवार से 15 जुलाई तक छात्रों के प्रवेश होंगे। इच्छुक छात्र-छात्राएं अंतिम तिथि से पहले प्रवेश ले लें।
> **-डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट**, कुलसचिव एसएसजे विवि।

## रीठा साहिब में कार पार्किंग निर्माण को 9.88 करोड़ स्वीकृत

**टनकपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप रीठा साहिब, चम्पावत में कार पार्किंग निर्माण के क्रियान्वयन के लिए शासन से वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के रीठा साहिब में कार पार्किंग निर्माण के लिए कार्यदाई संस्था उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम लोहाघाट, चम्पावत को 9 करोड़ 88 लाख 99 हजार रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। बताया कि इसमें से 40 प्रतिशत धनराशि 3 करोड़ 95 लाख 59 हजार रुपये अवमुक्त कर दिए गए हैं। डीएम ने बताया कि स्वीकृत धनराशि से गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जाएगा।

# 38 मत्स्य पालकों को बीज वितरित

▸▸ राष्ट्रीय मत्स्य दिवस पर चम्पावत में गोष्ठी आयोजित

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय मत्स्य दिवस पर जिले में विभिन कार्यक्रमों का आयोजन कर मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित किया गया। जिले के विभिन्न अमृत सरोवरों में मत्स्य बीज डाले गए।

इस अवसर पर चम्पावत के विकास भवन सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने मत्स्य पालकों को राष्ट्रीय मत्स्य दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मत्स्यपालन के साथ वह अन्य कार्य कृषि औद्यानिकी, पशुपालन, कुक्कुट पालन भी करेंगे तो उन्हें अधिकतम लाभ प्राप्त होगा। मत्स्य पालन सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर इस कार्य को बढ़ाकर दोगुना कर सकते हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। डीएम ने मत्स्य विभाग को इस वर्ष 500 नए किसानों के मत्स्य तालाब निर्मित कर मत्स्य बीज उपलब्ध कराकर मत्स्य पालन शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में नदी व पानी वाले क्षेत्रों में अधिक से अधिक मत्स्य तालाबों का निर्माण करें। इन्होंने कहा कि प्रत्येक मत्स्य तालाब का बीमा हो। कहा कि जिले में वर्तमान में कुल 348 जो मत्स्य पालक हैं उनके मत्स्य तालाबों का बीमा कराने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रथम लक्ष्य जिले में मत्स्य उत्पादन का रखा जाय, उसके बाद मार्केटिंग व पैकेजिंग हो। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह ने कहा कि सामूहिक रूप से मत्स्य पालन का कार्य करने पर अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जिला मत्स्य प्रभारी केएस बगड़वाल ने मत्स्य पालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी से अपील की कि वह इन योजनाओं का लाभ लेकर मत्स्य पालन में आगे बढ़े। इस अवसर पर विभिन्न प्रगतिशील मत्स्य पालकों को सम्मानित भी किया गया तथा 38 मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज वितरित किए गए।


चम्पावत में मत्स्य पालक को सम्मानित करते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार


सल्ट के अमोड़ी में हाथियों ने आम की फसल की नुकसान पहुंचाया। ● अमृत विचार

### अमोड़ी गांव में जंगली हाथियों ने मचाई तबाही

**सल्ट, अमृत विचार :** विकासखंड सल्ट के मरचूला क्षेत्र के नजदीक ग्रामसभा बन्द्राण के अमोड़ी गांव में जंगली हाथियों ने ग्रामीणों की आम की फसल बर्बाद कर डेढ़ सौ से ज्यादा पेड़ों को तोड़ डाला है। गांव में छह परिवार रहते हैं। ग्रामीण खुशालमणि शर्मा ने बताया कि हाथियों ने उनकी आम की फसल को तहस-नहस कर दिया है। उनके बगीचे में लगभग 55 आम के पेड़ थे।

हाथियों के झुंड ने 40 से अधिक पेड़ तोड़ दिए हैं। ऐसे ही ग्रामीण ज्ञान सिंह नेगी, पान सिंह नेगी, सुरेंद्र रावत, रमेश सिंह, महेशानंद आदि की फसल भी हाथियों ने बर्बाद कर डाली है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। साथ ही हाथियों और जंगली जानवरों से निजात पाने के लिए सोलर फेंसिंग करने की मांग भी की है। ग्रामीणों के मुताबिक हाथियों से जान का खतरा बना है।

# संवेदनशील इलाकों को चिह्नित करने की मांग

▸▸ रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की जांच को जारी रहा लोगों का धरना

▸▸ जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** रानीधारा सीवर लाइन निर्माण कार्य की एसआईटी जांच की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का धरना जारी है। गुरुवार को 20 वें दिन भी लोग धरने में जमे रहे। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

शासन प्रशासन पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में प्रशासन की ओर से स्थानीय लोगों को आस्वसत किया गया था कि बरसात को देखते हुए जल्द क्षेत्र के संवेदनसील व अतिसंवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर बरसात के पानी को निकासी नाले की ओर किया जाएगा। ताकि लोगों के घरों में पानी न घुसे, लेकिन आज तक कमेटी ने क्या किया धरातल में कुछ नहीं दिखाई दिया।

कहा कि इस तरह की लापरवाही से बरसात में लोगो की जान-माल पर आफत बन सकती है।

चेतावनी दी कि यदि जल्द मामले में सकारात्मक कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो स्थानीय लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।


अल्मोड़ा में गुरुवार को रानीधारा सीवर लाइन निर्माण की जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

### ये लोग रहे मौजूद

समिति संयोजक विनय किरौला, गीता पंत, ज्योति तिवारी, मीनू पंत, भगवती जोशी, उमा अलमिया, भगवती डोगरा, किरन बिष्ट, जानकी बिष्ट, माया बिष्ट, दीपा बिष्ट, दीपाली पांडे, गीता पांडे, पूनम जोशी, सुधा उप्रेती, सुशीला, कमला द्रमवाल, तनुजा पंत, कुमुद जोशी, गुड़िया बिष्ट, मुन्नी बिष्ट, पुष्पा पांडे, नीरजा चौहान, सुमित नज्जोन, अमरेश पवार, विजय मझाडिया, संभू दत्त, डीसी पांडे, अमित पंत, पवन पंत, राहुल पंत, संजय बिष्ट, शंकर सिंह, अमान खान, कविता जीना, पनी राम, विजय पांडे, उत्तम दानू, राजू नेगी, सतीश चंद पाठक, वैभव जोशी, आशीष, मानशी नैनवाल, बबिता खाती आदि मौजूद रहे।

### वीर चंद्र सिंह गढ़वाली और गृह आवास योजना के 25 आवेदन स्वीकृत

**अल्मोड़ा :** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के तहत गुरुवार को कलक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक में वाहन मद के 15 और दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत गृह आवास योजना के 20 आवेदन स्वीकृत हुए। डीएम विनीत तोमर ने कहा कि जिस प्रयोजन के लिए ऋण स्वीकृत हो रहे हैं, वे ऋण राशि उसी कार्य में लगाएं। जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी ने बताया कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 15 आवेदन प्राप्त हुए, सभी 15 आवेदनों पर समिति ने सहमति प्रदान की है। साथ ही गैर वाहन मद में 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 10 आवेदन स्वीकृत किए गए। जबकि दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास योजना में 25 के लक्ष्य के सापेक्ष 26 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमे से 20 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. गुरदेव सिंह आदि रहे।

# सल्ट में गुलदार की मूवमेंट को ट्रैप कैमरे लगाए

▸▸ ब्लॉक के दर्जनों गांवों में इन दिनों बना है गुलदार का आतंक

▸▸ क्षेत्र में वन विभाग टीम ने गश्त की और लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, सल्ट

**अमृत विचार:** विकासखंड सल्ट के दर्जनों गांवों में इन दिनों गुलदार की दहशत का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी को देखते हुए वन विभाग भी हरकत में आ गया है। विभाग ने जगह-जगह गुलदार की मूवमेंट जांचने के लिए ट्रैप कैमरे समेत पिंजरा लगाया है।

साथ ही गश्त भी शुरू कर दी है। हालांकि अब तक गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी है। दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की दहशत बनी हुई है। सल्ट विकासखंड के दर्जनों गांवों में इन दिनों गुलदार की चहल कदमी देखी जा रही है। ऐसे में महिलाओं को मवेशियों के लिए जंगल से घास, चारा और लकड़ी लाने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। बकरी पालक घरों से दूर जंगल में अपनी बकरियों को चराने के लिए नहीं ले जा पा रहे हैं। जिससे मवेशियों के लिए चारे आदि का संकट खड़ा हो गया है। गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने घटना स्थल पर ट्रैप कैमरे लगा दिए है। साथ ही गश्त कर लोगों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि, गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखाई दी। गुलदार का सुराग नहीं लगने लोगों में डर का माहौल है।


सल्ट के कूपी में गुलदार को पड़कने के लिए पिंजरा लगाया। ● अमृत विचार

### घरों में दुबकने को मजबूर हुए ग्रामीण

ग्रामीणों में गुलदार का खौफ बना हुआ है। स्थिति यह है, कि ग्रामीण पांच-छह बजे ही घरों के भीतर चले जा रहे है। रात के समय कोई भी ग्रामीण बाहर नहीं निकल रहा है। वहीं, स्कूल जाने वाले बच्चों में भी गुलदार का भय बना हुआ है।

### प्रभावित ग्रामीणों को जागरूक किया

गुलदार के भय को देखते हुए ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी और ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक की। बैठक में प्रभावित गांवों को जागरूक करने और गुलदार के आंतक से ठोस निजात पाने के लिए रणनीति तय की गई। वहीं, कूपी में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

> गुलदार की मूवमेंट जानने के लिए घटना स्थल के आसपास ट्रैप कैमरे लगाए गए है। वहीं, विभागीय कर्मचारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे है। अब तक गुलदार की चहलकदमी नहीं दिखी है।
> **-गंगा शरण, वन क्षेत्राधिकारी सल्ट**

# पूर्व दर्जामंत्री कर्नाटक ने ज्योशना में आपदा प्रभावितों का हाल जाना

▸▸ प्रशासन से प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने की मांग की

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गुरुवार को हवालबाग के ज्योशना ग्राम पंचायत में आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

मौके से ही उन्होंने अधिकारियों से फोन में वार्ता कर प्रभावितों को सहायता प्रदान करने की मांग की। कर्नाटक ने कहा कि एक ही बारिश में शासन-प्रशासन के आपदा तंत्र की पोल खुल गई है।

आरोप लगाए कि प्रशासन की ओर से आपदा प्रभावितों की मदद के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। इस मौके पर पूरन चंद्र जोशी, तारा जोशी, नंदा बल्लभ जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, गोपाल दत्त जोशी, मोहन चंद जोशी, रमेश चंद्र जोशी, रोहित शैली, भूपेंद्र भोज, शंकर तिवारी, देव राम, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।


ज्योशना गांव में प्रभावित परिवारों से मिलते पूर्व राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक।

## एक नजर

### चार सरकारी बैंकों ने सरकार को 6,481 करोड़ रुपये का लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक और इंडियन बैंक समेत सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों ने बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल 6,481 करोड़ रुपये के लाभांश चेक सौंपे। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ देबदत्त चंद से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 2,514 .22 करोड़ रुपये का लाभांश चेक प्राप्त हुआ। इसी तरह, केनरा बैंक के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के सत्यनारायण राजू ने 1,838 .15 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सौंपा। चेन्नई स्थित इंडियन बैंक ने भी पिछले वित्त वर्ष के लिए सरकार को 1,193 .45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक दिया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने भी वित्त मंत्री को 935 .44 करोड़ रुपये का लाभांश दिया। बैंक के एमडी एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने इस राशि का चेक सौंपा। मुंबई स्थित वित्तीय संस्थान एक्जिम बैंक ने भी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 252 करोड़ रुपये का लाभांश चेक सरकार को दिया।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5400 मसूरी- 5400 बासमती-9400-10500 परमल- 3700-4000
**दाल दलहन :** काला चना- 7500 साबुत चना दाल-7800-8600 मूंग साबुत-11000 राजमा-14500-16500 दाल उड़द-11500 साबुत मसूर दाल-7300-7600 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत-12100 काबुली चना-12500-12800 अरहर दाल-16200-17000 लोबिया/करमानी-8700 सोयाबीन-4600 मूंगफली-11100 मटर (सूखी)-5000 मक्का-2400

# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार

## सेंसेक्स ने 426.87 और निफ्टी ने 108.75 अंक का लगाया गोता

**मुंबई, एजेंसी**

विश्व बाज़ार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार क़रीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया।

बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत मजबूत रहा।







● निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही

## टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में

**वाशिंगटन।** भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने और उसका मार्गदर्शन करने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और एसटीईएम शिक्षा की बदलती गतिशीलता को वह समझते हैं। सूर्य कांत ने एक बयान में कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

# एनबीएफसी की जानकारियों की गुणवत्ता पर जताई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कुछ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से दी गई जानकारियों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए लेखा परीक्षकों से उचित गुणात्मक जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा है।

राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, वैधानिक ऑडिटर वित्तीय विवरणों में हितधारकों का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बैंकिंग उद्योग के मामले में खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी पूरी इमारत भरोसे पर बनी है और सबसे बड़े बाहरी हितधारक यानी जमाकर्ता विखंडित और असंगठित होते हैं।

उन्होंने मंगलवार को वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) के सम्मेलन में यह बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि वित्तीय विवरणों का खुलासा पारदर्शिता की आधारशिला हैं क्योंकि ये प्रबंधन की जानकारी और बाहरी उपयोगकर्ता के बीच की खाई को पाटते हैं। व्यापक खुलासे और संक्षिप्तता के बीच संतुलन बनाना एक कठिन काम है।



● आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने उचित जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा

## एआईबीओसी ने रूपम रॉय को फिर महासचिव चुना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन (एआईबीओसी) ने रूपम रॉय को फिर से महासचिव चुना है। एआईबीओसी बैंक अधिकारियों की सबसे बड़ी यूनियन है। गुवाहाटी में आयोजित 13वीं त्रैवार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान बालचंद्रन पी एम को भी एआईबीओसी का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एआईबीओसी ने बैठक में कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बैंक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संबद्धों के लगभग 1,100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, एआईबीओसी और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी (सीएफए) द्वारा संयुक्त रूप से मेरी ब्याज दर कहां है? शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से एसबीआई ने 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपने छठे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 18,145 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं तथा यह 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग 3.6 गुना अधिक अभिदानित हुआ। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 120 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है।

# सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

**सियोल।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के श्रम संघ से जुड़े कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की। दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी के ये कर्मचारी उच्च वेतन और अन्य लाभों की मांग कर रहे हैं। नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन' के हजारों सदस्यों ने सोमवार को अस्थायी तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की थी।

यूनियन ने बुधवार को प्रबंधन पर बातचीत को लेकर अनिच्छुक होने का आरोप लगाया है। इस बीच, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि हड़ताल से उत्पादन में कोई बाधा नहीं आएगी और वे बातचीत को तैयार हैं। सैमसंग के एक बयान में कहा गया, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यह सुनिश्चित करेगा कि यूनियन के साथ सद्भावपूर्ण वार्ता को कंपनी प्रतिबद्ध है।



## बीवाईडी ने एट्टो 3 को भारत में उतारा

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बी वाई डी ने भारतीय बाजार में एट्टो 3 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 24.99 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अब कंपनी इस ईवी के 2024 संस्करण को लाई है। इसके नए वेरिएंट के साथ ही ब्लैक संस्करण भी लॉन्च की गई है। यूरो एनसीएपी में सेफ्टी के लिए पांच स्टार हासिल करने वाली बीवाईडी की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारत में 24.99 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। यह कीमत इसके डायनेमिक वेरिएंट की है।

# टाटा और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये की कटौती की गई है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।



## एक नजर

### समलैंगिक विवाह मामले में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को आज (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाला फैसला 17 अक्टूबर 23 को सुनाया था।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### ममता बनर्जी के खिलाफ सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कुछ अन्य तृणमूल कांग्रेस नेताओं के पिछले महीने के अंत में उनकी कथित टिप्पणियों के खिलाफ दायर मानहानि मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा अंतरिम आदेश देने की मांग वाली याचिका पर 15 जुलाई को सुनवाई करेगा। अदालत के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने राज्यपाल के एक आवेदन पर सुनवाई के बाद मानहानि की शिकायत को अपनी अदालत में दर्ज करने की अनुमति दे दी।

# असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार

## 26 जिलों में 17 लाख लोग अभी भी प्रभावित, 79 लोगों ने बाढ़ में गंवाई अपनी जान

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में प्रमुख नदियों का जलस्तर घटने के साथ बुधवार को बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है। 26 जिलों में प्रभावितों की संख्या घटकर 17 लाख रह गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गयी। हालांकि कई जिलों में बारिश के कारण अब भी बड़ा हिस्सा जलमग्न है। असम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मंगलवार को कछार में दो, धुबरी, धेमाजी, दक्षिण सलमारा, नागांव और सिवासागर में एक-एक व्यक्ति की मौत के साथ ही कुल सात लोगों की मौत हुई। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 92 पहुंच गई है, जिसमें 79 लोग सिर्फ बाढ़ से मरे हैं।

सोमवार को 49,014.06 हेक्टेयर की तुलना में 38,870.3 हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न रही। धुबरी जिले में 3,54045, कछार में 1,81,545, शिवसागर में 1,36547, बारपेटा में 1,16,074 और गोलाघाट जिले में 1,09,475 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। 507 राहत शिविरों में कुल 48,021 प्रभावितों ने शरण ली हुई है, जबकि शिविरों के बाहर रह रहे 104,665 अन्य लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। धुबरी, कछार, कामरुप, ग्वालपाड़ा, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, चराइदेव, दक्षिण सलमारा, नलबाड़ी, करीमगंज, धेमाजी, मोरीगांव, नगांव, शिवसागर, गोलाघाट, सोनितपुर, हेलाखंडी, बिश्वनाथ, बारपेटा, दरांग, कामरुप(एम), माजुली, जोरहाट, कोकराझार, तिनसुकिआ और चिरांग जिले सबसे अधिक प्रभावित हैं।

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के 159 जंगली जानवरों की डूबने या बचाव अभियान के दौरान मौत हो गई, जबकि 133 अन्य को बचा लिया गया। 94 सड़कें, तीन पुल, 26 घर और छह तटबंध क्षतिग्रस्त हुए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर, गुवाहाटी और धुबरी में जबकि बूढ़ी दिहिंग, दिखौ, दिसांग, कोपिली जैसी अन्य नदियां भी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### बाढ़ से निपटने को युद्धस्तर पर तैयारी : आतिशी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि यहां संभावित बाढ़ को लेकर युद्धस्तर पर सरकार तैयारियां कर रही है। आतिशी ने राजस्व एवं सिंचाई नियंत्रण विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ यमुना बाज़ार और पुराना पुल इलाक़ों में आज बाढ़ की तैयारियों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि बाढ़ को लेकर विभागों की तैयारियाँ पूरी है। बाढ़ की स्थिति में मोटर बोट, गोताखोर और मेडिकल टीमें किसी भी कार्रवाई के लिए तैयार रहेंगी। साथ ही बाढ़ की स्थिति में राजस्व विभाग द्वारा राहत शिविर लगाने संबंधित तैयारियां भी पूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले साल यमुना का जलस्तर 40 सालों में सबसे ऊपर गया था और इस कारण यमुना के निचले इलाक़ों में बाढ़ की समस्या आ गई थी।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में धान के खेत में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी। ● एजेंसी

# आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति होगी बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले गडकरी

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा (साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने क लिए प्रयासरत हूं।

उन्होंने कहा इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई- कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

# सिब्बल ने धनखड़ पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा उच्च सदन की कार्यवाही संचालित करने के तरीके पर सवाल उठाया और दावा किया कि किसी भी देश में सदन का पीठासीन अधिकारी सदस्यों को भाषण के दौरान बीच में नहीं रोकता। सिब्बल ने संवाददाताओं से बातचीत में जम्मू-कश्मीर में हाल के आतंकवादी हमलों सहित कई मुद्दों पर सरकार पर निशाना साधा।

निर्दलीय सांसद ने दावा किया, संसद में मतभेद बढ़ रहे हैं। राज्यसभा के सभापति सदन के सदस्यों से उन तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए कहते हैं जो सार्वजनिक पटल पर उपलब्ध होते हैं और जिन्हें प्रमाणीकरण की आवश्यकता नहीं है। जब वह कहते हैं कि कुछ भी रिकॉर्ड पर नहीं जाएगा, तो माइक्रोफोन बंद हो जाते हैं। उन्होंने यह आरोप भी लगाया, विपक्ष को टीवी स्क्रीन पर नहीं दिखाया जाता है। दुखद बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा के पूर्व सभापति हामिद अंसारी के कामकाज पर टिप्पणी की है। यह सही नहीं है। किसी को भी इस पद का सम्मान करना चाहिए और उस व्यक्ति के खिलाफ आरोप नहीं लगाना चाहिए जो जवाब देने के लिए सदन में नहीं है। उनका कहना था कि क्या इस तरह के आरोप के लिए भी प्रमाण की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, सदन में सिर्फ राजनीतिक भाषण देने से देश की स्थिति नहीं सुधरेगी।



● उच्च सदन की कार्यवाही संचालित करने के तरीके पर सवाल उठाया

# बीएमसी ने बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहाया

**मुंबई, एजेंसी**

● बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बीएमसी ने की कार्रवाई

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है।

# सरकार की नीतियों से नहीं मिल रहा रोजगार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानी-आईआईटी जैसे प्रतिष्ठत संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों का भी प्लेसमेंट नहीं हो पा रहा है। गांधी ने अपने फेसबुक वाल पर इस स्थिति को आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव बताया और कहा कि जिन आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में दो साल पहले नौकरी न पाने वाले विद्यार्थियों का अनुपात 19 प्रतिशत था वह बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है जो बेरोजगारी की दर दोगना से ज्यादा है।

उन्होंने कहा आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव अब देश के सबसे प्रतिष्ठित आईआईटी जैसे शीर्ष संस्थान भी झेल रहे हैं। आईआईटी में लगातार हो रहे प्लेसमेंट के पतन और सालाना पैकेज में गिरावट, बेरोज़गारी का चरम झेल रहे युवाओं की स्थिति में और गहरा आघात कर रहे हैं। 2022 में 19 प्रतिशत छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट नहीं मिल सका और इस वर्ष दर बढ़कर दुगना हो गई है। उन्होंने कहा सोचने वाली बात यह है कि जब देश के सबसे प्रसिद्ध एवं सम्मानित शिक्षा संस्थानों का यह हाल है तो बाकी संस्थानों की क्या दुर्गति होगी।



● नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने फेसबुक वाल पर इस स्थिति को आर्थिक मंदी का दुष्प्रभाव बताया

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक पर रिपोर्ट

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पर, शीर्ष अदालत ने कहा, ये कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है।



## खेल डायरी

### रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था। वह सर रिचर्ड हैडली मेडल हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों में फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग शामिल हैं।

### चयनकर्ता वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर।** पाकिसतान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद चयनकर्ताओं वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया है। रज्जाक पाकिस्तान की महिला टीम के भी चयनकर्ता थे और उन्हें पद से हटा दिया गया। इन दोनों की विदाई का आधिकारिक ऐलान इस सप्ताह के आखिर में होगा। वहाब को पीसीबी चैयरमैन मोहसिन नकवी का बहुत करीबी माना जाता है। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की चयन समिति में मोहम्मद युसुफ, असद शफीक और डेटा एनालिस्ट बिलाल अफजल बचे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चयन समिति का पुर्नगठन होगा और समिति में एक मुख्य चयनकर्ता भी होगा। इस चयन समिति के सदस्यों की संख्या भी सात से कम होगी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले चार वर्षो में छह मुख्य चयनकर्ता देख चुका है। वहाब से पहले हारून राशिद, शाहिद अफरीदी, इंजमाम उल हक, मोहम्मद वसीम और मिस्बाह उल हक भी छोटे-छोटे कार्यकाल में चयनकर्ता बन चुके हैं।

### सूर्यकुमार टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी की नवीनतम पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही शृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के अधिकांश सदस्यों को जिंबाब्वे दौरे से आराम दिए जाने के बाद पांच मैच की शृंखला में भारत के बैकअप खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और टीम में जगह पक्की करने का मौका मिला है।

### राष्ट्रपति ने किया डूरंड टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी खेल में आवेग और जुनून होता है, लेकिन खिलाड़ियों को भावनाओं पर काबू पाने और खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया

## तीसरे टी-20 में भारतीय कप्तान गिल ने जड़ा शतक, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त



यशस्वी **36** रन

मैच के दौरान शॉट खेलते यशस्वी जयसवाल ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल (66) और ऋतुराज गायकवाड़ (49) रनों की शानदार पारियों के बाद वॉशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा कर पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 3.1 ओवर में 19 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। वेस्ले मधेवीरे (1), तड़िवनाशे मारुमानी (13) और ब्रायन बेनेट (4) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद डिओन मेयर्स और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने सिकंदर रजा (15) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर की आखिरी पर सुंदर ने जोनाथन कैंपबेल (1) रन को भी आउट कर दिया। डिओन मेयर्स और क्लाइव मडांडे के बीच 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मैच का रुख मोड़ने का प्रयास किया। मडांडे ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 37 रन बनाए। डिओन मेयर्स ने 49 गेंदों मे सात चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद (65) रनों की पारी खेली। वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा 10 गेंदों में (18) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 23 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। आवेश खान को दो विकेट मिले। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। नौंवे ओवर में सिकंदर रजा ने यशस्वी जयसवाल को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (36) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पिछले मैच के शतकवीर अभिषेक शर्मा (10) सिकंदर रजा के शिकार बन गये। 18वें ओवर में मुजराबानी ने शुभमन गिल को रजा के हाथों कैच आउट करा कर जिम्बाब्वे के लिए तीसरा विकेट हासिल किया। गिल ने 49 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (66) रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रन बनाए। संजू सैमसन सात गेंदों में (12) और रिंकू सिंह (1) रन पर नाबाद रहे। निर्धारित 20 ओवरों में भारत ने चार विकेट पर 182 रन बनाये और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया।

**49** रनों की शानदारी खेल कर ऋतुराज ने भारत को कम स्कोर पर रुक जाने से बचाया

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 182/4 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 46 | 7/3 |
| अभिषेक शर्मा का मरुमानी बो रजा | 10 | 9 | 1/0 |
| रुतुराज का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 7 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्ज़ा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0

**जिंबाब्वे** 159/6 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 1 | 2 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 4 | 5 | 1/0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल का स्थानापन्न (पराग) बो सुंदर | 1 | 2 | 0/0 |
| क्लाइव मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा नाबाद | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## टी-20 विश्व कप में महत्वपूर्ण होगी पूजा की भूमिका : मंधाना

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में किए प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। मंधाना ने कहा पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि पूजा विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह लंबी अवधि की शृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।



● वस्त्राकर द. अफ्रीका के खिलाफ पूरी शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया

## पैरा निशानेबाज रूबिना और स्वरूप को ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रूबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को वाइल्डकार्ड (बाईपारटाइट नियम) के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने रूबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोऊ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रूबिना और स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं जिससे पीसीआई ने वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह करने का फैसला किया। राष्ट्रीय पैरा निशानेबाजी कोच सुभाष राणा ने कहा था कि इन दोनों के कोटा स्थान करीब से चूक जाने के बाद उन्होंने वाइल्ड कार्ड के लिए आग्रह किया था।

## 75 वर्ष के हुए भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं। गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गावस्कर को बधाई देते हुए लिखा लिटिल मास्टर आज 75 साल के हो गए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाले गावस्कर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



● बीसीसीआई समेत भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने दी लिटिल मास्टर को बधाई

## भारतीय हैंडबॉल टीम में लखनऊ के सुयश सहित प्रदेश के चार खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के मो. तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया के लिए चयनित भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में किया गया है। वहीं, गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है।

भारतीय टीम में उप्र के चार खिलाड़ियों के चयन पर उप्र हैंडबाल संघ की अध्यक्षा अलका दास, महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हैंडबॉल इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में होगी।



भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच।

## सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

लंदन, एजेंसी

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की।

डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 की जीत के दौरान उन्होंने क्रैक की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।




● फाइनल में टेलर फ्रिट्ज या लोरेंजो मुसेटी से होगा नोवाका सामना

जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करते नोवाक जोकोविच।

### अल्कराज और मेदवेदेव ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले

**लंदन।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्कराज और रूस के पांचवें वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव बुधवार को विंबलडन चैंपियनशिप में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीत गये। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21 वर्षीय अल्कराज ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा पहला सेट हारने के बाद मैंने अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत किया। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि यह एक लंबा मैच है। मैंने अगले सेट में जीत हासिल की और मैं खुश हूं। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में 28 वर्षीय मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी जैनिक सिनर को 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से हराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पाँच मैच हारने का सिलसिले को खत्म किया। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव के बीच मुकाबला होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म सूर्या 44 के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। देवा अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

### करण और बादशाह के साथ नजर आएगी नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएगीं। नोरा फतेही ने अपने खास डांस कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है। वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज के वायरल गाने तौबा-तौबा के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा। नोरा ने कहा, मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है। लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का, मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है। और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!



## फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचा स्पेन

बर्लिन, एजेंसी

युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए। स्पेन ने दबाव को झेलते हुए मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया। मैच में आखिर तक स्पेन की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर फाइनल में प्रवेश किया।



### फाइनल में, यामल ने बनाया रिकॉर्ड

**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। रविवार को फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### मेसी ने दागा 109वां गोल अर्जेंटीना फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## अंतरिक्ष से आई तस्वीर



नासा ने बुधवार को कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का दिखाई दे रहे हैं। दोनों ने अंतरिक्ष से विज्ञानियों से संवाद किया। नासा ने कहा है कि दोनों की वापसी में देरी हो गई है, लेकिन उनके लिए लंबे समय तक के लिए पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। एजेंसी

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर ने किया बच्ची का यकृत प्रतिरोपण

दुबई। भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो यूएई में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण किया गया है। बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3 (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारत के साथ सहयोग को चीन तैयार

बीजिंग, एजेंसी



विदेश मंत्री वांग यी



अजीज डोभाल

- चीन के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल के समक्ष रखा प्रस्ताव

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे व बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है। वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए। अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत की है। 22वीं बैठक होने वाली है।

### भारत कई इलाकों से पीछे हटने का बना रहा है दबाव

चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं- गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानन दबन (गोगरा) से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। भारत पीएलए पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना हटाने का दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती। चीन का अपना पक्ष है कि सीमा का प्रश्न संपूर्ण चीन-भारत संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए एवं ठीक से संभाला जाना चाहिए।

## एक नजर

### ईरान के नए राष्ट्रपति 30 जुलाई को लेंगे शपथ

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने यूसेफी के हवाले से कहा 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। पेजेशकियान (69) ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने। पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किए और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

### सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 7 घायल

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में गौतेंग प्रांत के मेराफोंग स्थानीय नगर पालिका में बुधवार सुबह एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 12 विद्यार्थियों सहित 13 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। प्रांत में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं मनोरंजन के लिए कार्यकारी परिषद के सदस्य माटोम चिलोएन ने बताया कि छात्रों को ले जा रही एक मिनीबस को सुबह करीब 6:45 बजे एक पिकअप ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गयी और उसमें आग लग गयी। चिलोएन ने बताया कि बस में सवार 11 छात्र रॉकलैंड्स प्राइमरी स्कूल से थे और एक कार्लटनविले के लार्सकूल ब्लिवूरुइट्सिग से था।

### रूस यूक्रेन संघर्ष में 600 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

**मास्को।** रूस के दक्षिणी सैन्य समूह के साथ पिछले 24 घंटों के दौरान संघर्ष में यूक्रेन सशस्त्र बलों के करीब 600 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने लगभग 600 सैनिक, छह वाहन, दो 152-मिमी डी-20 बंदूकें और दो अमेरिका निर्मित 105-मिमी एम119 हॉवित्जर तोप नष्ट हो गये। रूस के सैन्य समूह के बलों ने पांच यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इस दौरान यूक्रेन के करीब 510 सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन के रूस के जैपैड (पश्चिम) सैन्य समूह के साथ लड़ाई में 495 सैनिक मारे गये हैं।

# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

## ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा- रूस और यूक्रेन शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

वियना, एजेंसी

भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया। वियना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से भी मुलाकात की।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है। बैठक के बाद मोदी ने कहा मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।



ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



वियना में बैठक में मोदी के साथ उपस्थित जयशंकर।



मोदी संग सेल्फी लेते चांसलर नेहमर।

- यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में चल रहे विवादों पर की चर्चा

### जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी चुनौतियां सामने खड़ी

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी हमने विचार साझा किये। जलवायु के विषय में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठजोड़, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठजोड़ (सीडीआरआई), बॉयोफ्यूल अलायन्स जैसी हमारी पहलों से जुड़ने के लिए हम ऑस्ट्रिया को आमंत्रित करते हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं।

### यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए : नेहमर

चांसलर नेहमर ने अपने वक्तव्य में बैठक के बारे में कहा प्रधानमंत्री मोदी और मैं सहमत हैं कि पश्चिम और वैश्विक दक्षिण के देशों को स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में चुने गए रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस संबंध में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए। ऑस्ट्रिया हर संभव प्रयास करेगा और संवाद स्थल के रूप में भी काम करने के लिए तैयार है। नेहमर ने कहा, मोदी और मैं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

### बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा

मोदी ने कहा कि वियना में आज का बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा और हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएगा। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हम ऑस्ट्रियाई और भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौते के बहुत करीब हैं। फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में साझेदारी करेंगे।

# कोई गलती न करें, रूस युद्ध में विफल हो रहा है : बाइडेन

वाशिंगटन, एजेंसी

- नाटो की 75वीं वर्षगांठ पर यूक्रेन को वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन के लिए वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की और कहा कि रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए नाटो सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली, यूक्रेन को पांच अतिरिक्त, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वायु-रक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे।

आगामी महीनों में अमेरिका और उसके साझेदारों की यूक्रेन को कई अतिरिक्त वायु-रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब "हम अहम वायु-रक्षा प्रणालियां भेजें तो यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर हो। बाइडेन ने कहा रूस के 3,50,000 से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं, करीब 10 लाख रूसी नागरिक, जिनमें से कई युवा लोग हैं, वे रूस छोड़कर जा चुके हैं क्योंकि उन्हें अपने देश में कोई भविष्य नहीं दिखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम जानते हैं कि पुतिन यूक्रेन में रुकेंगे नहीं। लेकिन कोई गलती भी न करें, यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है और रोकेगा।

### मेरे प्रोत्साहन के बिना नाटो गठबंधन नहीं होता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य सदस्य देशों को अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित न किया होता तो आज नाटो गठबंधन नहीं होता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा है कि अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद अब तक नाटो नहीं होता।

## भारतीय मूल के दो नागरिकों को धोखाधड़ी के लिए जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के दो सिंगापुरी नागरिकों को यहां की एक अदालत ने कम से कम 50 कंपनी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई है। उप लोक अभियोजक मैथ्यू चू ने अदालत को बताया कि दोषी की दो कंपनी क्वाट्र्ज रिसोर्सेज और किओरा वर्ल्डवाइड को बैंक खातों के जरिए धन प्राप्त हुआ जिसमें चीन और संयुक्त अरब अमीरात से लेनदेन भी शामिल है। स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि ईशान शर्मा (34) को चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है जिस पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त कांधिबन लेचुमननसामी (36) को उपरोक्त दोनों कपनियों में सिर्फ नाम का निदेशक बनाया और उसे कंपनी के कामकाज में दखल नहीं देने के लिए कहा।

# हम कभी भी सेना में भारतीयों को भर्ती नहीं करना चाहते थे

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस ने कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में भर्ती किए गए भारतीयों की वापसी के भारत के आह्वान से संबंधित मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि उनकी भर्ती पूरी तरह से एक व्यावसायिक मामला है।

रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि मॉस्को कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें और संघर्ष के संदर्भ में उनकी संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ हैं। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके बाद रूस ने रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया था और इसके एक दिन बाद बाबुश्किन का बयान आया। बाबुश्किन ने कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हम पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं कि हमने कभी नहीं चाहा कि भारतीय रूस की सेना में शामिल हों। आप इस पर रूस के अधिकारियों द्वारा कभी कोई घोषणा नहीं देखेंगे।



- रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई

## हूती विद्रोहियों का तीन अमेरिकी, इजराइली जहाजों पर हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह अरब सागर और अदन की खाड़ी में अमेरिका तथा इजराइल के स्वामित्व वाले तीन जहाजों पर हमले का किया है। अल-मसीरा टीवी ने मंगलवार को हूती प्रवक्ता याह्या सरिया के हवाले से बताया कि अमेरिका और इजरायल के जहाज माएर्स्क सेंटोसा, मार्थोपोलिस तथा एमएससी पटनारी को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पहले अभियान में अरब सागर में अमेरिकी जहाज, माएर्स्क सेंटोसा को कई बैलिस्टिक और अन्य मिसाइलों से निशाना बनाया गया जबकि दूसरे अभियान में अरब सागर में जहाज, मार्थोपोलिस को ड्रोन से निशाना बनाया गया क्योंकि यह जहाज इज़रायली बंदरगाह की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीसरे अभियान में 'अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज एमएससी पटनारी को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया।

# सेना ने गाजा सिटी को तुरंत खाली करने का दिया आदेश

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने सभी फिलिस्तीनियों को गाजा सिटी को तुरंत खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले शुरू किए हैं जिनमें पिछले 48 घंटों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

सैन्य गतिविधियों में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ कतर की राजधानी दोहा में इजराइली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, ताकि गाजा के हमास आतंकवादी समूह के साथ काफी समय से लंबित संघर्षविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा गया, गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इससे पहले मध्य गाजा में बुधवार तड़के इजराइल के हवाई हमले में छह बच्चों और तीन महिलाओं समेत 20 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से कुछ इजराइली सेना द्वारा घोषित कथित सुरक्षित क्षेत्र के अंदर थे। मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह और उसके आसपास के शरणार्थी शिविरों पर लगातार दूसरी रात ये घातक हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह नौ महीने से जारी सैन्य हमले के बाद गाजा के विभिन्न हिस्सों में फिर से संगठित हो रहे हमास चरमपंथियों को निशाना बना रहा है।



- सेना ने उत्तर, दक्षिण व मध्य गाजा में नए सिरे से हमले शुरू किए

## कई फ्रांसीसी सांसद वामपंथी गठबंधन से मुक्ति चाहते हैं

**पेरिस।** फ्रांस में कई वामपंथी सांसदों ने प्रस्ताव दिया है कि संसदीय चुनावों में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाया जाए। यह जानकारी फ्रेंच ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी ने दी।

निर्वाचित सांसदों ने ग्रीन्स पार्टी और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, को गठबंधन से अलग होने और अपना समूह बनाने की पेशकश की है। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल की शुरुआत सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन, एलेक्सिस कॉर्बिएर और फ्रेंकोइस रफिन ने की, जिन्होंने मंगलवार को उक्त पार्टियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा। सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन ने बताया कि नए समूह का उद्देश्य कथित रूप से जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोव्ड पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा करना है।

# मोदी-पुतिन मिलाप से अमेरिका परेशान

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेल-मिलाप को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसने अपनी इन चिंताओं को भारत सरकार के साथ निजी स्तर पर बातचीत में और सीधे भी प्रकट किया है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इस तरह की चिंता मोदी की मास्को यात्रा के दौरान व्यक्त की गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी के पुतिन के गले मिलने के विषय में संवाददाताओं के सवालों के जबाव में कहा हम रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हमने इसे भारत सरकार के साथ निजी तौर पर और सीधे भी इसे रखा है तथा हम ऐसा करते आ रहे हैं। इस संबंध में हमारे रूख में बदलाव नहीं आया है। मोदी-पुतिन मिलाप पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की आपत्ति जता चुके हैं, तो क्या इसका भारत पर विश्वास और उसके साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा इस पर मिलर ने कहा वह यूक्रेन में संप्रभुता तथा भौगोलिक अखंडता के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के सिद्धांतों के अनुसार, किये जाने वाले प्रयासों को समर्थन दे।

### मोदी की रूस यात्रा की गूंज पेंटागन तक सुनाई दी

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की गूंज अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन में भी सुनाई दी। पेंटागन के प्रेस प्रवक्ता मेजर जनरल पैट रेडर से मोदी-पुतिन मुलाकात के समय के बारे में पूछा गया, जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। उनसे सवाल किया गया कि क्या इसे देखते हुए अमेरिका भारत को हथियारों की बिक्री करने के अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करेगा।

### रणनीतिक साझेदार बना रहेगा भारत : अमेरिका

राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं के बावजूद भारत वाशिंगटन का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन और विदेश विभाग के प्रवक्ताओं ने रूस के साथ भारत के रिश्तों और मोदी के मॉस्को दौरे से जुड़े सवालों पर मंगलवार को अलग-अलग प्रतिक्रिया दी। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा भारत और रूस के बीच काफी लंबे समय से रिश्ते हैं।

## ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडेन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा।



परिवर्तन — कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पीपीबी पहुंची

# मानसून आया वायु प्रदूषण में सुधार लाया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मानसून आया तो कृषि के साथ वायु प्रदूषण में राहत लाया है। मानसून की बारिश से मध्य हिमालय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की मात्रा में काफी हद तक सुधार आ गया है। कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पहुंच गई है। गर्मी के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड चार गुना, जबकि ओजोन की मात्रा ढाई गुना बढ़ गई थी।

इस बार की गर्मी कई मायनों में याद की जाएगी। जिसमें वायु प्रदूषण ने भी आसमान छूने में कसर नही छोड़ी। ओजोन व कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक रही। जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 800 (पीपीबी) पार्ट पर बिलियन पहुच गई थी, जो सामान्य से चार गुना अधिक दर्ज की गई। इसी क्रम में ओजोन की मात्रा 100 पीपीबी पहुच गयी थी, जो सामान्यतः 40 पीपीबी होनी चाहिए। इसकी सामान्य मात्रा 200 पीपीबी होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मुताबिक इन दिनों 300 पीपीबी पहुच गई है। ओजोन की मात्रा में भी काफी सुधार आ गया है, जो 60 पीपीबी पहुच गया है। आने वाले दिनों में बारिश में इनकी मात्रा में अधिक सुधार आएगा और वायु प्रदूषण की स्थिति सामान्य अवस्था में लौट आएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण में वृद्धि की प्रमुख वजह जंगलों की आग है। इस बार वनाग्नि ने हिमालय की तलहटी में जंगलों के जंगल स्वाहा कर दिए।



### एरीज कार्यशाला में खुलेंगे वायु प्रदूषण के रहस्य

**नैनीताल :** एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा मनीष नाजा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस बार गर्मी के दौरान वायु प्रदूषण की मात्रा में अधिक वृद्धि दर्ज की गई। एरीज वायु प्रदूषण को लेकर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य हानि मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा सैटेलाइट व स्पेस सैंसर आधुकनिक तकनीक के जरिए वायु प्रदूषण मापन पर चर्चा की जाएगी।